सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 01 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 208, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 296 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक की गिरावट के साथ 81,185 .58 अंक पर बंद हुआ। } 14

## चिकित्सकों को ईश्वर के रूप में देखते हैं मरीज : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चिकित्सा जगत से आग्रह किया कि वे उपचार और निदान में तो पेशेवर रवैया अपनाएं, लेकिन व्यवहार में नहीं, क्योंकि मरीज डॉक्टर को ईश्वर के रूप में देखता है। } 16

# फिलहाल इलेक्ट्रॉनिक सामान पर टला अमेरिकी टैरिफ

## अन्य उत्पादों पर आज से लागू होगा ट्रंप का टैरिफ प्लान

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश कल ( 1 अगस्त ) से प्रभावी होगा। इसी के साथ भारत से अमेरिका निर्यात किए जाने वाले अधिकतर उत्पादों का वहां महंगा होना तय है। माना जा रहा है कि इससे भारतीय निर्यातकों को झटका लग सकता है, क्योंकि अमेरिका भारतीय उत्पादों का बड़ा खरीदार है और अगर भारत से भेजे जाने वाले सामान पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ जाता है तो वहां नागरिक भारतीय उत्पादों की जगह दूसरे देशों से कम टैरिफ दर पर आने वाले सामान को तरजीह दे सकते हैं।




भारत का इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर अमेरिका को सबसे ज्यादा निर्यात करने वाला सेक्टर है। बीते कुछ वर्षों में भारत स्मार्टफोन्स से लेकर लैपटॉप, सर्वर और टैबलेट्स के मामले में अमेरिका का सबसे बड़ा निर्यातक बना है। ऐसे में 1 अगस्त से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एसपी गोयल बने प्रदेश के नये मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने शशि प्रकाश गोयल को उत्तर प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया है। मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार नहीं मिला है। उनके नाम की घोषणा होते ही कई

❍ प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद का बढ़ा कद, नागरिक उड्डयन व राज्य सम्पत्ति का मिला अतिरिक्त प्रभार

दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। उन्होंने कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। वहीं प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को वर्तमान पद के साथ नागरिक उड्डयन व राज्य सम्पत्ति का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया। एसपी गोयल इस समय मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। करीब आठ साल से



वे यहां पर तैनात हैं। इससे पहले कई प्रमुख पदों पर भी रहे हैं। एसपी गोयल मुख्यमंत्री सचिवालय से निकलकर अब ब्यूरोक्रेसी की सबसे बड़ी कुर्सी पर आ गए हैं। एसपी गोयल को मुख्य सचिव के पद पर लंबा कार्यकाल मिल रहा है। उनका रिटायरमेंट जनवरी 2027 में है। ऐसे में 18 महीने तक वह मुख्य सचिव रह सकेंगे। अगर इसके बाद विस्तार हुआ तो अगला विधानसभा चुनाव इनके ही कार्यकाल में होगा। यूपी में अगले विधानसभा चुनाव की घोषणा और आचार संहिता संभवतः फरवरी-मार्च 2027 में लग सकती है। इससे ठीक पहले तक एसपी गोयल के पास मुख्य सचिव की जिम्मेदारी रहेगी। ऐसे में सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरती पर उतारने और चुनाव से ठीक पहले सरकार के पक्ष में कार्यों को करवाने की खास जिम्मेदारी होगी। आने वाले डेढ़ साल में पंचायत चुनाव भी होने हैं। इसके अलावा इसी साल जेवर एयरपोर्ट और गंगा एक्सप्रेस-वे का काम पूरा होना है। अब इसकी जिम्मेदारी और इसे समय से पूरा कराने का भार एसपी गोयल के कंधे पर आ जाएगा। एसपी गोयल की यूपी की ब्यूरोक्रेसी में बड़ी पकड़ मानी जाती है। इसके साथ ही एसपी गोयल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भरोसेमंद माना जाता है। एसपी गोयल साल 1989 बैच के आईएएस ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम की जीरो टॉलरेंस की नीति ही प्राथमिकता : गोयल

लखनऊ। यूपी के मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी गोयल ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति ही उनकी प्राथमिकता है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश का माहौल बनाना और रिटायर हो रहे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के कार्यों को आगे बढ़ाना है। पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के काम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं उनका अनुसरण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अमेरिकी टैरिफ के प्रभावों का कर रहे हैं आंकलन



नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए आयात शुल्क (टैरिफ) के प्रभावों का आकलन किया जा रहा है तथा राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। गोयल ने यह भी कहा कि मोदी सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई तथा उद्योग जगत के सभी हितधारकों की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क और जुर्माना लगाने की बुधवार को घोषणा की।

### सड़क हादसे में छात्रा की मौत

मेरठ। मेरठ में बृहस्पतिवार सुबह स्कूली छात्राओं से भरी वैन की ट्रक से टक्कर होने के चलते 10 वर्षीय एक छात्रा की मौत हो गई जबकि पांच अन्य छात्राएं घायल हो गईं। हादसा सरधना रोड पर स्थित नगलाताशी मोड़ के पास हुआ जब बुलंदशहर का निवासी मारुति वैन चालक शाहनवाज बच्चों को लेकर आर्मी पब्लिक स्कूल ले जा रहा था। वैन जैसे ही डिवाइडर से गुजर कर सरधना रोड पर पहुंची, तभी सामने से आ रहे गत्ते से लदे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में जान गंवाने वाली छात्रा की पहचान कंकरखेड़ा के गणपति विहार की निवासी आर्या सिरोही ( 10 ) के रूप में हुई है।

# मालेगांव विस्फोट : सभी सात आरोपी बरी

## ❍ प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी ने दिया अदालत को धन्यवाद, ❍ 6 की हुई थी मौत, 101 हुए थे घायल

एजेंसी

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में उन्हें बरी करने के विशेष अदालत के आदेश की बृहस्पतिवार को सराहना की। इस विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 101 अन्य घायल हो गए थे। पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकु ने कहा कि बरी होना सिर्फ़ उनकी ही नहीं, बल्कि भगवा की जीत है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनके जीवन के 17 साल बर्बाद गए और भगवान उन लोगों को सज़ा देंगे जिन्होंने भगवा का अपमान करने की कोशिश की। फैसले के बाद ठाकुर, पुरोहित और अन्य पांच आरोपियों ने विशेष एनआईए न्यायाधीश एके लाहोटी और अपने वकीलों को धन्यवाद दिया। ठाकुर ने अदालत को बताया कि 2008 में इस मामले में गिरफ्तारी के बाद से उनका जीवन बर्बाद हो गया था और वह केवल इसलिए जीवित रह पाईं क्योंकि वह एक सन्यासी थीं। उन्होंने कहा यह केस सिर्फ मैंने नहीं लड़ा, बल्कि भगवा ने लड़ा। मेरा पूरा जीवन कलंकित कर दिया गया था। ठाकुर ने अदालत से कहा आज भगवा की विजय हुई है, न्याय की जीत हुई है। जिसने भी भगवान को बदनाम किया है, भगवान उसे सजा देगा। पुरोहित ने कहा कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है और उन्होंने कहा कि वह पहले की तरह और उसी जोश के साथ देश की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कोई भी जांच एजेंसी गलत नहीं हैअ इन एजेंसियों ...शेष पृष्ठ 14 पर



### पुलिस ने दबाव में काम किया, कांग्रेस हिंदुओं से माफी मांगे : फडणवीस



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संप्रग सरकार के दबाव में काम किया और कांग्रेस को भगवा आतंकवाद के झूठे विमर्श के लिए हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। इस मामले में भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों को बरी करने के विशेष एनआईए अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दिग्विजय सिंह हिंदू आतंकवाद शब्द गढ़ने के लिए माफी मांगें : मोहन यादव



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत के फैसले का बृहस्पतिवार को स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस नेताओं, खासकर दिग्विजय सिंह को हिंदू आतंकवाद का विमर्श गढ़ने और संतों को बदनाम करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में हुए बम विस्फोट से संबंधित मामले में एक विशेष ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सत्यमेव जयते की सजीव उद्घोषणा



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मालेगांव विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों को बरी किए जाने को सत्यमेव जयते की सजीव उद्घोषणा करार दिया। योगी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना सत्यमेव जयते की सजीव उद्घोषणा है। उन्होंने कहा, यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है। कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ( एनआईए ) की एक विशेष अदालत ने वर्ष 2008 में मालेगांव में हुए बम ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर जल्द फैसला लें विस अध्यक्ष

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वह सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस ) के 10 विधायकों के खिलाफ अयोज्ञता याचिकाओं पर तीन महीने में फैसला करें।

न्यायालय ने कहा कि यदि राजनीतिक दलबदल पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोज्ञता पर फैसला करते समय विधानसभा अध्यक्ष एक न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करते हैं, लिहाजा उन्हें न्यायिक जांच के खिलाफ संवैधानिक प्रतिरक्षा प्राप्त नहीं है। संविधान की दसवीं अनुसूची दल-बदल के आधार पर अयोज्ञता के प्रावधानों से संबंधित है। तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अयोज्ञता याचिकाओं पर तीन महीने में निर्णय करने का निर्देश देते हुए प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'राजनीतिक दलबदल राष्ट्रीय बहस का विषय रहा है। अगर इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो ...शेष पृष्ठ 14 पर

# तुलसीदास ने जागृत रखी थी जनचेतना

## गुलामी के युग में रामलीला और रामचरितमानस से किया प्रतिकार

जिला संवाददाता

चित्रकूट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को दिव्य आत्मा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं बल्कि रामलीला और रामचरितमानस के माध्यम से चुना।

धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिव्य आत्मा ने बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी तब तुलसीदास ने खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति



में समर्पित किया। आदित्यनाथ ने कहा कि जब देश के राजे-रजवाड़े विदेशी आक्रांता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, उस समय तुलसीदास जैसे संत भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम के रूप में जनचेतना को जाग्रत कर रहे थे। उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं, रामलीला और ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल। मणिपुर के कई जिलों से सुरक्षा बलों ने वसूली की गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में तीन प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि ये सभी गिरफ्तारियां बुधवार को की गईं। एक अधिकारी ने बताया कि बिष्णुपुर जिले में नगाईखोंग खुनोऊजांच चौकी पर तलाशी और जांच के दौरान प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय कैडर और उसके सहयोगी को वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उन पर इंफाल और बिष्णुपुर जिलों में ठेकेदारों, व्यापारियों और आम जनता से पैसे मांगने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गांवों के विकास के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में पंचायतों की भागीदारी जरूरी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। गांवों के विकास के बिना राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में पंचायतों की भागीदारी बेहद जरूरी है। यह विचार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव-निर्वाचित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्यों को आधुनिक प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन और तकनीकी दक्षता का प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी ग्राम पंचायतों में एकीकृत पंचायत भवन निर्माण के निर्देश दिए, जहां ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आशा कार्यकर्ता और अन्य सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों



की मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए रोस्टर प्रणाली लागू की जाए ताकि ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री ने पंचायतों में सुनियोजित बजट नियोजन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी गांव विकास योजनाओं से वंचित न रहे। क्षेत्रीय असमानता खत्म करने के लिए समेकित विकास मॉडल अपनाया जाए। सीएम ने पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया कि अगले 15 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों के शहरीकरण की संभावनाओं का आकलन करें। यह जानकारी भविष्य की योजनाओं के लिए नीति निर्धारण का आधार बनेगी। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि प्रत्येक ग्राम सभा के स्थापना दिवस को गांव के त्योहार के रूप में मनाया जाए। इसके लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मेले, सामाजिक मिलन, जयंती ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ 'पेयरिंग' से नहीं बंद होंगे विद्यालय : संदीप (पृष्ठ-02)
❍ युवाओं को हुनरमंद बनाने में जुटी यूपी सरकार (पृष्ठ-02)
❍ भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था (पृष्ठ-14)
❍ रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा (पृष्ठ-14)
❍ राजकोषीय घाटे का लक्ष्य का 17.9 प्रतिशत रहा (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** मंत्रिमंडल ने पीएमकेएसवाई के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाकर 6,520 करोड़ किया, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के लिए 2,000 करोड़ का अनुदान

# चार रेल परियोजनाएं मंजूर, छह राज्य होंगे कवर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के लिए बजटीय परिव्यय 1,920 करोड़ रुपये बढ़ाकर 6,520 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी।

चालू वित्त वर्ष (2025-26) में प्रदान की जाने वाली बढ़ी हुई धनराशि का उपयोग 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक




मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, पीएमकेएसवाई का परिव्यय बढ़ाकर 6,520 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को चार साल के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दे दी। इस कदम से संगठन को कर्ज देने के लिए और अधिक कोष जुटाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि के लिए 2,000 करोड़ रुपये के व्यय के साथ केंद्रीय योजना एनसीडीसी को सहायता अनुदान को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक वर्ष 500 करोड़ रुपये)। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, मंत्रिमंडल ने एक अच्छे वित्तीय मॉडल को और मजबूत करने के लिए एनसीडीसी को चार वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये की पूंजी अनुदान सहायता को मंजूरी दी है। विज्ञप्ति में सरकार ने इन परियोजनाओं के जरिये रेल नेटवर्क के विस्तार के बारे में बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों को कवर करने वाली ये चार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पटना : एक घर से दो बच्चों के झुलसे हुए शव बरामद

एजेंसी

पटना। पटना के जानीपुर इलाके में एक घर से दो बच्चों के झुलसे हुए शव बरामद किए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

फुलवारीशरी के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) दीपक कुमार ने बताया कि घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा हमें बृहस्पतिवार सुबह सूचना मिली कि जानीपुर इलाके में स्थित घर में दो बच्चे मृत पड़े हैं। जिस बिस्तर पर दोनों के शव मिले, वह भी जला हुआ था। हमने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतकों के माता-पिता के बयान भी दर्ज कर रही है। बच्चों की मां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-पटना में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करती है।

इस बीच, मीडिया के एक वर्ग में इस तरह की खबरें आई हैं कि कुछ हथियारबंद हमलावर घर में घुस गए और बच्चों को जिंदा जला दिया। ऐसी खबरों के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पटना में सत्ता संरक्षित अपराधियों ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# 'पेयरिंग' से नहीं बंद होंगे विद्यालय, न कोई पद होगा कम या खत्म : संदीप सिंह

## कहा, कुछ जिलों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही, कुछ स्थानों पर विद्यालय होंगे पूर्ववत संचालित, रिक्त हुए भवनों में संचालित किये जायेंगे बालवाटिकाएं और आंगनबाड़ी केंद

विशेष संवाददाता (vol)

- भविष्य में किसी स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ने पर पुराने विद्यालय भवन में पुनः कक्षाओं का संचालन कराया जाएगा
- पेयरिंग के माध्यम से प्रत्येक कक्षा के लिए शिक्षक की उपलब्धता की जा सकेगी सुनिश्चित



**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पेयरिंग की प्रक्रिया छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पेयरिंग का मतलब किसी भी विद्यालय को बंद करना नहीं है। न ही कोई पद कम अथवा समाप्त किया जा रहा है। कुछ जिलों में इस प्रक्रिया को लेकर आई शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और जहां आवश्यक था, वहां विद्यालयों में पूर्ववत संचालन के आदेश दिए गए हैं। पेयर होने वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय की दूरी एक किलोमीटर से अधिक नहीं होगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने लोक भवन में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश में विद्यालयों की पेयरिंग की प्रक्रिया पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हमने किसी भी विद्यालय को स्थायी रूप से पेयर नहीं किया है। अगर कहीं बैठने की असुविधा होगी या बच्चों की संख्या बढ़ेगी तो पुराने भवन में फिर से संचालन की व्यवस्था की जाएगी। यूडीआईएसई कोड यथावत रहेगा। हमारा यह भी प्रयास है कि 15 अगस्त तक कोई भी विद्यालय खाली न रहे। सभी विद्यालयों में प्री प्राइमरी और बाल वाटिका संचालित हो जाएं। मंत्री ने कहा कि पेयरिंग, बच्चों को बेहतर अधिगम वातावरण और संसाधनों से जोड़ने की दिशा में एक ठोस पहल है। अत्यल्प नामांकन वाले विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा का वास्तविक अनुभव नहीं मिल पाता। कक्षा में संवाद, पियर लर्निंग, समूह कार्य, खेलकूद, प्रोजेक्ट गतिविधियां जैसे जरूरी पहलू प्रभावित होते हैं। जब इन बच्चों को समेकित रूप से पर्याप्त नामांकन वाले विद्यालयों से जोड़ा जाता है, तो उन्हें शिक्षा का पूर्ण वातावरण मिल पाता है। पेयरिंग की प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक कक्षा के लिए शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। शिक्षक-छात्र अनुपात बेहतर होगा और शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों का उपयोग करने का अवसर मिलेगा। इससे शिक्षण गुणवत्ता बढ़ेगी और बच्चों में आत्मविश्वास व भागीदारी की भावना भी विकसित होगी।

पेयरिंग से होने वाले लाभों पर भी उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अधिक नामांकन वाले विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, अतिरिक्त कक्ष, कम्पोजिट ग्रांट, टीएलएम और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर मिलेंगी। इससे बच्चों के शैक्षिक अनुभव को तकनीक और संसाधनों से समृद्ध किया जा सकेगा। रिक्त हुए भवनों का भी रचनात्मक उपयोग किया जाएगा। इन भवनों में बालवाटिकाएं और आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जाएंगे। पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में यह एक सार्थक पहल होगी, जिसमें बच्चों को मानसिक रूप से कक्षा-1 के लिए तैयार किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी गतिविधियों का संचालन समन्वित विभागीय सहयोग से किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि पेयरिंग करते समय विद्यालय तक बच्चों की पहुंच सरल, सुगम और सुरक्षित हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया है। जिन विद्यालयों की भौगोलिक स्थिति, जैसे नदियां, रेलवे क्रॉसिंग या हाईवे आदि से बाधित हो सकती थी, उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षकों और रसोइयों की भूमिका इस प्रक्रिया में यथावत रहेगी। किसी भी पद को समाप्त नहीं किया जा रहा है। बल्कि इस योजना के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जहां 50 तक छात्र नामांकित हैं, वहां तीन शिक्षकों की अनिवार्य तैनाती की जाएगी। 50 से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षा की सुरक्षा और गुणवत्ता के दृष्टिकोण से सभी विद्यालय भवनों का सेफ्टी ऑडिट कराया जा रहा है। जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इसके साथ ही विद्यालयों में बाल-मैत्रिक फर्नीचर, खेल सामग्री, लर्निंग कॉर्नर, वॉल सज्जा, वंडर बॉक्स और अन्य शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

**96% परिषदीय विद्यालयों को मूलभूत सुविधाओं से लैस**

मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को स्ट्रेचर पर ला दिया था लेकिन हमारी सरकार ने बीते वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुधार किए हैं। अब तक 1.26 लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 96% परिषदीय विद्यालयों को मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है। इन सुधारों को नीति आयोग ने भी एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय विकसित किए जा रहे हैं, जो आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होंगे और जहां प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा एकीकृत रूप से दी जाएगी। इसी क्रम में चयनित विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, साइंस-मैथ लैब और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रदेश के कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्रों को यूनिफॉर्म, बैग, स्वेटर, जूते-मोजे और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इस वर्ष अब तक 1200 रुपये करोड़ से अधिक की राशि स्थानांतरित की जा चुकी है। परिषदीय शिक्षकों के लिए 2.6 लाख टैबलेट्स, 31 हजार से अधिक स्मार्ट क्लास और 14 हजार से अधिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की व्यवस्था की गयी है। साथ ही, 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को पूरी तरह तकनीकी और बुनियादी सुविधाओं से युक्त कर दिया गया है। इनमें 82 हजार से अधिक बालिकाएं नामांकित हैं और उन्हें आवासीय सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

**शिक्षा सरकार की प्राथमिकता**

उन्होंने बताया कि शिक्षा सरकार की प्राथमिकता में है। शिक्षा पर कुल बजट का लगभग 13% हिस्सा खर्च किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में 48 हजार से अधिक विद्यालय निपुण विद्यालय के रूप में सफल घोषित किए गए हैं। बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को देशभर में सराहा जा रहा है। स्वतंत्र एजेंसी द्वारा प्रकाशित असर रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में बच्चों के स्कूल आने और सीखने की इच्छा में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। इसके अलावा हाल ही में हुए परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में उत्तर प्रदेश के कक्षा 3 के छात्रों का प्रदर्शन देश के औसत से बेहतर रहा है। भाषा और गणित जैसे विषयों में छात्रों ने राष्ट्रीय औसत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो प्रदेश की शिक्षा प्रणाली की मजबूती को दर्शाता है।

# पारदर्शिता, सरलता और नागरिक सुविधा प्राथमिकता : नेहा शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

- वरिष्ठ आईएएस नेहा शर्मा ने संभाला महानिरीक्षक निबंधन का कार्यभार
- अधिकारियों को जनसेवा भाव से काम करने की दी प्रेरणा

**लखनऊ।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नेहा शर्मा ने गुरुवार को महानिरीक्षक निबंधन के पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की तथा प्राथमिकताओं को लेकर अपने विचार साझा किए।



नेहा शर्मा ने कहा कि निबंधन विभाग आम नागरिकों के जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में हमारी पहली जिम्मेदारी है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुलभ और समयबद्ध हो।

विभागीय दक्षता, सेवा की गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनसेवा की भावना, नैतिक आचरण, और प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय और फील्ड स्तर पर कर्मचारियों की भूमिका प्रणाली के भरोसे को तय करती है।

# किसानों को मिलेगी तोरिया के निःशुल्क बीज की मिनीकिट

**लखनऊ।** प्रदेश मे तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण योजना संचालित की गई है। तिलहन प्रदेश मे वानस्पतिक तेल का प्रमुख स्रोत है, जो हमारे आहार मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकार किसानों को तोरिया की फसल के निःशुल्क बीज मिनीकिट उपलब्ध कराने का अवसर दे रही है। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में कृषि विभाग की ओर से संचालित राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के तहत तोरिया (लाही) फसल का दो किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए पंजीकृत किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर पहली से 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# यूपी विस की गरिमा और विधायी परंपरा अद्वितीय

## महाराष्ट्र विस अध्यक्ष का यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान भवन में किया भव्य स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार एक गरिमापूर्ण अवसर का साक्षी बना, जब महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने भवन का दौरा किया। इस अवसर पर यूपीविधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया और राज्य विधानसभा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा विधायी परंपराओं से अवगत कराया। नार्वेकर ने सभा मंडप, ऐतिहासिक चित्र दीर्घा, पुस्तकालय तथा विभिन्न विधायी कक्षों का भ्रमण किया। उन्होंने विधानसभा भवन की भव्यता, स्थापत्य कला और ऐतिहासिक महत्व की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा, कि उत्तर प्रदेश न केवल जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है, बल्कि इसकी विधानसभा का विधायी इतिहास भी अत्यंत प्रेरणादायक, समृद्ध और मार्गदर्शक है। यह भवन भारतीय लोकतंत्र की जीवंत परंपराओं का सजीव प्रतीक है। इस दौरान दोनों विधानसभाओं के अध्यक्षों के बीच विधायी सहयोग, संसदीय प्रक्रियाओं में नवाचार, डिजिटल परिवर्तन तथा विधायकों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने इस प्रकार की आपसी यात्राओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संवाद और सुदृढ़ीकरण की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि ऐसे दौरों से न केवल परस्पर ज्ञानविनिमय को बल मिलता है, बल्कि विभिन्न राज्यों के विधायकों और विधानसभाओं के बीच बेहतर समझ और सहयोग का वातावरण भी निर्मित होता है। उन्होंने नार्वेकर की उपस्थिति को सम्मान का विषय बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देगा यूपी मार्ट पोर्टल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम बढ़ाया है। उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए अब मशीनरी की तलाश और सही सेवा प्रदाताओं तक पहुंच बनाना पहले जैसा मुश्किल नहीं रहेगा। सरकार ने इसके लिए ₹यूपी मार्ट पोर्टल₹ विकसित किया है जो एक समर्पित और बहुउद्देशीय प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करने के साथ ही यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरूआत की। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुंच को आसान बनाना है। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार इस पोर्टल पर राज्य भर के मशीनरी सप्लायर, फ्रेंचाइजी ओनर, सर्विस प्रोवाइडर और तकनीकी विशेषज्ञ एकत्रित होंगे। कोई भी उद्यमी यहां लॉग-इन करके अपने व्यवसाय की जरूरत के अनुसार मशीनरी की खोज कर सकेगा और ऑनलाइन संपर्क एवं कोटेशन प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने बताया कि यूपी मार्ट पोर्टल का उद्देश्य उद्यमियों के समय, श्रम और संसाधनों की बचत करना है। इससे ₹ईज ऑफ डूइंग बिजनेस₹ को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य में उद्योगों की स्थापना की रफ्तार तेज होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का यह डिजिटल नवाचार राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करेगा और प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा को नई दिशा देगा। राज्य के मशीनरी आपूर्तिकताओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वे पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर, प्रदेश भर के ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। इससे उनका व्यापार बढ़ेगा और एमएसएमई सेक्टर में मांग और आपूर्ति का संतुलन बेहतर होगा।

# यूपी के 2.30 करोड़ किसानों को कल मिलेगी 4600 करोड़ किसान सम्मान निधि

**लखनऊ।** भाजपा की डबल इंजन सरकार अन्नदाताओं को श्रावण मास में रक्षाबंधन से पहले बड़ा तोहफा देने जा रही है। 2 अगस्त को वाराणसी दौरे पर आने वाले प्रधानमंत्री पीएम किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री अपने हाथों से देश के 9.70 करोड़ पात्र किसान के खाते में 20,500 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित करेंगे। डबल इंजन सरकार किसानों के साथ हमेशा संकट मोचन बन कर खड़ी रहती है। प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त जारी की जाएगी। इसमें देश के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित होगी। इस योजना से उत्तर प्रदेश के 2.30 करोड़ किसान 4600 करोड़ रुपये से लाभान्वित होंगे। वहीं प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के 2.21 लाख किसानों के खाते में 48 करोड़ रुपये हस्तांतरित होगा। वाराणसी के अन्नदाताओं को पिछली 19 किस्तों में 850 करोड़ से अधिक की धनराशि खातों में स्थानान्तरित की जा चुकी है। संयुक्त कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सभी पात्र किसानों को समान किस्तों में सालाना सहायता मिलती है। सभी भूमि धारक किसान परिवारों को सालाना 6000 रुपये का वित्तीय लाभ मिलता है। यह राशि 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में दी जाती है। प्रधानमंत्री दो अगस्त को सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गॉव में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम जनसभा स्थल से शिलान्यास और लोकार्पण की 2183.45 करोड़ की 52 परियोजनाओं की सौगात देंगे। पीएम सुबह करीब 10:30 बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

# युवाओं को हुनरमंद बनाने में जुटी यूपी सरकार

## एआई आधारित लक्ष्य आवंटन से कौशल विकास को नयी दिशा

विशेष संवाददाता (vol)

- 2025-26 में यूपी कौशल विकास मिशन ने किया रिकॉर्ड लक्ष्य आवंटन
- औद्योगिक मांग के अनुरूप तैयार होगी भविष्य की कार्यशक्ति

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार राज्य के युवाओं को हुनरमंद और रोजगारोन्मुख बनाने के लक्ष्य के साथ लगातार नीतिगत सुधार कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य आवंटन किया गया है। इस बार लक्ष्य निर्धारण की प्रक्रिया को पहले से ज्यादा वैज्ञानिक और तकनीकी आधारित बनाया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल के निर्देशन में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए जनपदों की औद्योगिक मांग, उपलब्ध संसाधनों, सेवायोजन क्षमता और पूर्व उपलब्धियों का गहराई से विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर जनपदवार प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य प्रदान किए गए। प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम और मिशन निदेशक पुलकित खरे के मार्गदर्शन में इस बार हर प्रशिक्षण प्रदाता को अधिकतम पांच जनपदों तक सीमित किया गया है ताकि कुछ संस्थानों का वर्चस्व न रहे और क्षेत्रीय संतुलन बना रहे। आकांक्षी जनपदों और ब्लॉकों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें शत प्रतिशत प्रशिक्षण केंद्रों से आच्छादित किया गया है। जहां पिछले वर्ष आवासीय प्रशिक्षण मात्र 1 प्रतिशत था, उसे बढ़ाकर 36 प्रतिशत कर दिया गया है क्योंकि ऐसे प्रशिक्षण में छात्रों की उपस्थिति और गुणवत्ता बेहतर देखी गई है। वहीं, औद्योगिक इकाइयों की भागीदारी को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 47 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण और बेहतर सेवायोजन सुनिश्चित हो सके। पहली बार इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से प्रदेश में स्थापित होने वाली बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं की भविष्य की मांग का आकलन कर लक्ष्य तय किए गए हैं। इससे समय पर कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा। जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) की मदद से सेवायोजन क्षमता और रोजगार की आवश्यकताओं का भी विश्लेषण कराया गया। इस बार टाटा द्वारा आच्छादित आईटीआई संस्थानों में भी अल्पकालीन कोर्स को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण प्रदाताओं के लिए महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य किया गया है ताकि समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके। इस बार ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग, डिजिटल टेक्नोलॉजी, कंटेंट क्रिएटर, ग्रीन जॉब्स और सोलर एनर्जी जैसे भविष्य के उपयोगी कौशलों को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ-साथ सीपेट जैसी विशिष्ट संस्थाओं को भी कुल 810 लक्ष्यों का आवंटन कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल की गई है।

# भाजपा सरकार का प्राथमिक स्कूलों को बंद करने का फैसला राजनीतिक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का प्राथमिक स्कूलों को बंद करने का फैसला राजनीतिक है। भाजपा सरकार का ध्यान शिक्षा पर नहीं है। इस सरकार में वही स्कूल बंद किए गए हैं, जहां पर वोट पड़ते थे, और समाजवादी पार्टी चुनाव में जीतती थी। अखिलेश यादव ने संसद परिसर में गुरुवार को मीडिया से वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार गरीबों से शिक्षा का अधिकार छीन रही है। शिक्षा के अधिकार का कानून है कि सभी बच्चों को शिक्षा मिलेगी, स्कूल बच्चों के घर के पास हो। समाजवादी सरकार में लखनऊ में संस्कृति स्कूल बनाया गया था। बनने के बाद स्कूल चलाया गया लेकिन भाजपा सरकार ने उसे बंद कर दिया। समाजवादी सरकार में पढ़ाई के क्षेत्र में जो बदलाव हुए थे, इस सरकार ने सब बंद कर दिए। भाजपा का ध्यान शिक्षा पर नहीं है उसका ध्यान वोट कहां पड़ेगा, उस पर है। उन्होंने कहा कि अशिक्षितों के साथ विकसित भारत कैसे बनेगा? भाजपा सरकार पीडीए के लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। इसीलिए यूपी में सपा के कार्यकर्ता पीडीए पाठशाला चला रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। महंगाई बढ़ रही है। रोजगार नहीं है। सरकार नौकरी नहीं दे रही है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। खाद नहीं मिल रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था नहीं सुधारना चाहती है। देश को अर्थव्यवस्था नहीं भावनाओं से चला रही है। हर साल लाखों लोग देश छोड़कर दूसरे देशों में चले जा रहे है। कई लोग बैंकों का पैसा लेकर भाग गये। बैंकों को डुबा दिया। भाजपा सरकार ने नौकरियों को आउटसोर्स कर दिया। आरक्षण छीन रहे है।

# प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य को विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश

विधि संवाददाता (vol)

**कानपुर डीएम-सीएमओ विवाद**

- डा0 नेमी को चार्ज लेने से रोकने के आरोप का मामला

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कानुपर के सीएमओ डा0 हरिदत्त नेमी के निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक के बावजूद उन्हें कार्य करने से कथित तौर पर रोकने के मामले में प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य पार्थ सार्थी सेन शर्मा को विस्तृत शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 11 अगस्त 2025 को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने डा0 नेमी की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया है। याचिका में प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य पार्थ सार्थी सेन शर्मा, जिलाधिकारी कानपुर जितेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम कानुपर नगर राजेश कुमार, एसीपी अभिषेक पांडेय, चकेरी थाना एसएचओ संतोष शुक्ला व डॉ. उदय नाथ को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. नेमी को 16 जून को निलंबित करते हुए, उनके स्थान पर डॉ. उदयनाथ को नियुक्त किया गया था। हालांकि डॉ. नेमी की याचिका पर हाईकोर्ट ने 7 जुलाई को ही निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। डॉ. नेमी की ओर से अधिवक्ता एलपी मिश्रा का कहना था कि स्टे ऑर्डर की कॉपी सम्बंधित उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर जब याची ने सीएमओ ऑफिस में जाकर चार्ज लेना चाहा तो कानपुर के एडीएम राजेश कुमार, एसीपी अभिषेक पांडेय व एसएचओ संतोष शुक्ला ने उनके साथ अभद्रता की और अदालती आदेश की अवमानना किया।

# बाल श्रम मुक्त प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं होंगी अहम

विशेष संवाददाता (vol)

- वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा और स्पॉन्सरशिप योजनाएं बनेंगी पुनर्वासन की रीढ़

**लखनऊ।** सरकार ने राज्य को बाल श्रम से पूरी तरह मुक्त कराने के लिए व्यापक और चरणबद्ध रणनीति तैयार की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रम विभाग की ओर से तैयार की गई राज्य कार्ययोजना के केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग को रखा गया है, जो न केवल संकटग्रस्त बच्चों की पहचान और सहायता करेगा, बल्कि पुनर्वासन के हर स्तर पर प्रमुख भूमिका निभाएगा। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि दिसंबर 2026 तक प्रदेश के आठ आकांक्षी जनपदों बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र को बाल श्रम से मुक्त कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कानपुर मंडल और देवीपाटन मंडल में भी विशेष बाल श्रम विरोधी अभियान चलाया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना और स्पॉन्सरशिप योजना जैसी योजनाओं को बाल श्रमिकों के पुनर्वासन में प्रभावी रूप से उपयोग में लाया जाएगा। वन स्टॉप सेंटर अब न केवल संकट में फंसे बच्चों को अस्थायी आश्रय देंगे, बल्कि उनकी पहचान, स्वास्थ्य जांच, परामर्श और समाज में पुनर्स्थापन की भी व्यवस्था करेंगे।

बाल सेवा योजनाह्व के तहत अनाथ, परित्यक्त और संकटग्रस्त बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनकी शिक्षा और पालन-पोषण बाधित न हो। इस योजना के तहत योगी सरकार ऐसे बच्चों को 2500 रुपये प्रतिमाह उपलब्ध कराती है।

इसी प्रकार, स्पॉन्सरशिप योजना के माध्यम से कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को प्रतिमाह सहयोग राशि दी जाती है, ताकि वे शिक्षा और जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित न रहें। ये दोनों योजनाएं अब बाल श्रमिक बच्चों के पुनर्वासन का भी मजबूत आधार बनेंगी। प्रदेश सरकार की बाल श्रमिक विद्या योजना का विस्तार अब सभी 75 जिलों में करने की योजना है।

इस योजना के तहत काम में लगे बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ा जाएगा और उन्हें छात्रवृत्ति, पुस्तकें, यूनिफॉर्म और विशेष शिक्षण सहायता प्रदान की जाएगी। शिक्षा विभाग इन बच्चों के पुनः नामांकन और शैक्षिक सहयोग की जिम्मेदारी निभाएगा। पंचायत स्तर पर कामकाजी बच्चों और प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चों का विस्तृत डेटा एकत्र किया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा निगरानी से बाहर न रहे।

पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल प्रबंधन समितियां इस कार्य में सहयोग करेंगी। इसके अलावा, बाल श्रम उन्मूलन अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और सिविल सोसाइटी की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

# पर्यटन-आतिथ्य में करियर की राह खोल रहा एमकेआईटीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी, अब 31 अगस्त तक ले सकते हैं दाखिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) लखनऊ में बीबीए (टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी) कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) से मान्यता प्राप्त है। संस्थान ने दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ा दी है, जिससे इच्छुक छात्र अब बढ़ाई गई समयसीमा तक प्रवेश ले सकते हैं।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमकेआईटीएम में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिन छात्रों से लखनऊ यूनिवर्सिटी का एंट्रेंस फॉर्म भरना छूट गया है या जो किसी कारणवश इसे नहीं भर पाए, उनके लिए कॉलेज में सीधे प्रवेश का विकल्प खुला है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार सीमित सीटों पर दाखिला पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इच्छुक छात्र 31 अगस्त तक नामांकन करा सकते हैं। अधिक जानकारी और आवेदन से संबंधित विवरण कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट द्वारा संचालित बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) इन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी कोर्स युवाओं को पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल है। यह तीन वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम है, जिसमें विद्यार्थियों को होटल प्रबंधन के साथ-साथ संगठनात्मक व्यवहार, लेखांकन एवं वित्त, ट्रैवल एजेंसी, खाद्य उत्पादन, हाउसकीपिंग और पर्सनालिटी डेवलपमेंट संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संस्थान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ना और उन्हें पर्यटन उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। बीबीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी कोर्स में नामांकन की तिथि बढ़कर 31 अगस्त 2025 हो गयी है। प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है।

संक्षेप

## किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त 2 अगस्त को

श्रावस्ती। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अगस्त 2025 (शनिवार) को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का हस्तान्तरण वाराणसी जनपद से किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होकर मुख्य कार्यक्रम 11 बजे प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा आयोजित होगा। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का सीधा सजीव प्रसारण प्रदेश स्तर, जनपद स्तर, विकास खण्ड स्तर, कृषि विज्ञान केन्द्रों, किसान समृद्धि केन्द्रों, सहकारिता समितियों, कृषक उत्पादन संगठनों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। श्रावस्ती जनपद के कुल 1,65,038 कृषक परिवारों को इस अवसर पर किसान सम्मान निधि की किस्त प्राप्त होगी।

## मत्स्य योजनाओं हेतु 14 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

श्रावस्ती। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न मत्स्य योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। सहायक निदेशक मत्स्य दीपांशु ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, एयरेशन सिस्टम की स्थापना, मोपेड सह आइसबॉक्स वितरण तथा मत्स्य पालन से संबंधित प्रशिक्षण जैसी योजनाओं हेतु आवेदन 24 जुलाई से 14 अगस्त 2025 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। इच्छुक लाभार्थी अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक मत्स्य (मो. 6386338180), ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक (मो. 7017108330) अथवा विकास भवन, भिनगा स्थित मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। युवक की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। रायबरेली जनपद के पूरे खुशीमाल नसीराबाद सलोन निवासी धुन्नी सिंह पुत्र रामजियावन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार जून की शाम करीब साढ़े चार बजे उसका पुत्र विशाल अपनी बाइक से बेल्हा देवी मंदिर से दर्शन करके घर लौट रहा था। मिश्रपुर लीलापुर चौराहे के पास अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया। जिससे इलाज के दौरान विशाल की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## मारपीट को लेकर केस दर्ज

प्रतापगढ़। बबूल का पेड़ काटने के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बरदैत कैथाडांड़ी गांव निवासी राममिलन वर्मा पुत्र रामअंजोर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस जुलाई की शाम करीब छः बजे उसके परिवार के कुशल वर्मा की पत्नी सुमित्रा अपने पुत्रों मनीष व हिमांशु के साथ मिलकर बबूल का पेड़ काट रहे थे। आरोप है कि पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, केस दर्ज

प्रतापगढ़। बच्चों के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सरदार का पुरवा गांव निवासी नसीम पुत्र जाबिर अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि खेत में बकरी चले जाने पर दो दिन पहले बच्चों मे हुई कहासुनी को लेकर बीती अटठाईस जुलाई की सुबह करीब दस बजे गांव के ननकऊ के पुत्रगण मुनाफ, मुसीबत, जुमई तथा मुनाफ के पुत्रगण सोहित, जुगनू ने एकराय होकर उसे मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़ित की पुत्री साजिया बानो, बहन समशीरा बानो, भयाहू शहनाज बानो, पत्नी महरूननिशा को भी घर में घुसकर मारापीटा व तोड़फोड किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोनहाडीह का निरीक्षण

- डीएम के निरीक्षण में मिली खामियां
- स्टाफ नर्स का 1 दिन के वेतन काटे जाने के दिये निर्देश, तो वही फर्मासिस्ट को स्पष्टीकरण देने का निर्देश

जिला संवाददाता (vol)



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने बांसी ब्लाक क्षेत्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोनहाडीह, का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने सबसे पहले लेबर रूम को देखा गया। जहां स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाई गई , जिसपर जिलाधिकारी ने स्टॉप नर्स का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। बाद इसके लेबर रूम रजिस्टर को देखा गया। 03 डिलेवरी हुआ था जिलाधिकारी ने फार्मासिस्ट अमित कुमार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए फार्मासिस्ट को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही निर्देश दिया कि प्रतिमाह कम से कम 20 डिलेवरी होना चाहिए। सभी उपकरण उपलब्ध थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्राम प्रधान, आशा, आंगनबाड़ी के साथ बैठक कर लोगो को जानकारी उपलब्ध कराये। बैठक की फोटो भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा लैब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एच.बी. किट उपलब्ध नही था। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लैब टेक्निशियन सतीश राय को नोटिस देने का निर्देश दिया। लैब में 06 लोगो की जांच हुई थी। रजिस्टर में मोबाइल नम्बर नही लिखा था। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। निरीक्षण के दौरान गोनहाडीह के बच्चे इलाज कराने आये थे जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से बात किया गया तथा बच्चों को ड्राईफ्रूट किट दिया गया।

## सीएचसी में मिली खामियां डीएम ने लगायी फटकार

सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गुरुवार को विकास खंड बांसी के अंतर्गत स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोनहाडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कई खामियां मिलीं। निरीक्षण में लेबर रूम में स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाई गई। जिलाधिकारी ने उसका एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। लेबर रूम रजिस्टर की जांच में पता चला कि बीते दिनों केवल 3 प्रसव हुए हैं। फार्मासिस्ट अमित कुमार को फटकार लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह कम से कम 20 डिलीवरी कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर क्षेत्रीय जनता को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने बैठक की फोटो भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लैब निरीक्षण के दौरान एच.बी. किट नहीं मिली। रजिस्टर में मरीजों के मोबाइल नंबर दर्ज नहीं थे। इस पर लैब टेक्नीशियन सतीश राय को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर इलाज कराने आए बच्चों से जिलाधिकारी ने बातचीत की। उन्हें ड्राईफ्रूट किट प्रदान की गई जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को कर्तव्य के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## अशांति फैलाने वाले 3 गिरफ्तार



श्रावस्ती। हरदत्तनगर गिरण्ट थाना क्षेत्र के ग्राम बघमरी दा०- बेगमपुर में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर उत्पन्न विवाद ने मंगलवार शाम हिंसक रूप ले लिया। मामले में पुलिस ने बल प्रयोग, षड्यंत्र और लोक व्यवस्था भंग करने के आरोप में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक चौरसिया के निर्देश पर जनपद में अपराध और अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम और क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी महिमानाथ उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्यवाही की। घटना 30 को लगभग शाम 5:00 बजे घटित हुई, जब ग्राम बघमरी निवासी दो पक्षों के बीच पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते कहासुनी ने झगड़े और मारपीट का रूप ले लिया। शफीक अजीम पुत्रगण ननकऊ उर्फ उस्मान, नईम पुत्र शरीफ खाँ, शमशुद्दीन पुत्र शरीफ खाँ, शब्बीर पुत्र छीटन, रहमान पुत्र जाहिद खाँ, हसनैन पुत्र शब्बीर हसन पुत्र शब्बीर, कादर खाँ पुत्र शहाबुद्दीन, जाकिर पुत्र फौजदार असफाक उर्फ खुड़भुड़ पुत्र मुंशरिफ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस सतर्क है और किसी भी प्रकार के सामुदायिक तनाव या षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## दबिश देकर 1 वारंटी को किया गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर। थाना कोतवाली बांसी पुलिस ने 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी के नेतृत्व में 31.जुलाई को थाना बांसी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट वाद संख्या 1339/23 धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारण्टी का नाम प्रवीण उर्फ कप्तान पुत्र नेवास निवासी मिठवल खुर्द थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर ।

## शोहरतगढ़ विधायक को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा विधायक का सम्मान



सिद्धार्थनगर- जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय वर्मा को सर्वश्रेष्ठ युवा विधायक सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान दिल्ली के इम्पीरियल में आयोजित एक समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिश्नु देव वर्मा के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम में के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित कई सांसद, विधायक और अन्य नेता उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद शोहरतगढ़ विधायक ने कहा, ₹यह सम्मान शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता और पूरे उत्तर प्रदेश की जनता का सम्मान है। मैं अपने शोहरतगढ़ क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। यह सम्मान मुझे जन सेवा के पथ पर और अधिक समर्पित रहने की प्रेरणा देगा। शोहरतगढ़ हमेशा चमकता रहेगा।₹ इस प्रतिष्ठित सम्मान से उत्तर प्रदेश के युवा नेतृत्व को मिली मान्यता से प्रदेश में विकास कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद है।

## विधायक की मां के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया दुःख

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा जिले की रामपुरखास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बाबागंज विधायक विनोद सरोज की माँ एवं पूर्व विधायक रामनाथ की पत्नी सुशीला देवी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख जताया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने एवं विधायक मोना ने विधायक विनोद सरोज से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। नेताद्वय का बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

## पास्को एक्ट का वांछित धराया, भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर राहाटीकर रोड के पास घेराबंदी करके पास्को एक्ट के वांछित सीताराम गुप्ता उर्फ पंगुल पुत्र रामभरोस गुप्ता निवासी पूरे नोहर रांकी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे अहिरन वीरगढ़ गांव निवासी शिवा यादव पुत्र फूलचंद्र यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस जुलाई की शाम करीब चार बजे मुबारकपुर के पास पुरानी रंजिश को लेकर मुबारकपुर निवासी कृष्णा यादव पुत्र देव नारायण व रवीन्द्र सरोज पुत्र नोखई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़ित बेहोश हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संदिग्ध दशा में युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के कोठार मंगोलेपुर गांव निवासी कलिकेश सरोज 40 पुत्र त्रिभुवन सरोज की बीती बुधवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ गयी। इसकी जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आये। यहां चिकित्सकों ने कलिकेश सरोज को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरूवार को शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर मनोज पाण्डेय का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर युवक के मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 25 फीसदी शुल्क मोदी सरकार की चुप्पी का खामियाजा

- रास में विपक्ष के उपनेता ने पीएम के रास में आपरेशन सिन्दूर पर गैर जबाबदेही को लिया आड़े हाथ



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अमेरिका द्वारा द्विपक्षीय व्यापार को लेकर भारत के उत्पादों पर पचीस फीसदी शुल्क लगाए जाने की घोषणा को देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक कहा है। उन्होने कहा कि भारत पाक सैन्य तनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बार बार सीजफायर को लेकर यह पीएम मोदी की चुप्पी का खामियाजा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हौदी मोदी, नमस्ते ट्रंप तथा अबकी बार ट्रंप सरकार का पहले नारा दिया। उन्होने कहा कि जब अमेरिका में राष्ट्रपति बदल गये तब पीएम ने उन्हें एक मंहगा तोहफा भेंट किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ऐसा करके प्रधानमंत्री मोदी ने देश की स्थापित विदेश नीति को तोड़ा। उन्होने कहा कि देश के लिए राष्ट्रीय नीति सदैव सर्वोपरि हुआ करती है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के विश्वगुरू बनने की चाहत में देश की अर्थव्यवस्था अब तबाही की कीमत चुका रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका की इस भारी टैरिफ के चलते डायमण्ड, आटो मोबाइल्स, फामार्सुटिकल्स जैसे चार उद्योग संस्थानों को गहरी चोट पहुंचायी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि संसद सत्र में लोकसभा में प्रधानमंत्री टंज्प के सीजफायर के दावे को सीधे तौर पर नकार नही सके। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण के ठीक बाद तीसवीं बार भी टंज्प ने सीजफायर का दावा जताकर पीएम के मंसूबे पर पानी फेर दिया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम को इंदिरा गांधी से सीख लेनी चाहिए। उन्होने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में देश ने कभी भी अंतर्राष्ट्रीय मामलो में अमेरिकी दबाव स्वीकार नही किया। उन्होने कहा कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के साथ तेल भण्डारण समझौता किया जाना भी उसका खतरनाक मापदण्ड है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि रूस और अरब देशों से भारत को सस्ता तेल मिल रहा है। उन्होने कहा कि ऐसे में प्रधानमंत्री को इंदिरा गांधी के कार्यकाल की तरह दृढ़ता के साथ अमेरिकी दबाव को माकूल जबाब देना चाहिए। उन्होने कहा कि पीएम न जाने क्यूं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से डरे हुए है।

## दबंगों ने युवक को बाग में पीटा



सिद्धार्थनगर- एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। दो दिन पहले हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में कुछ दबंग युवक मिलकर फैजल नामक युवक को बाग में लात-घूंसे और डंडों से पीटते नजर आ रहे हैं। घटना सिद्धार्थनगर जिले के बर्डपुर क्षेत्र की है। आरोपियों में संजय और चंदन मुख्य रूप से शामिल हैं। इन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फैजल को बाग में घसीटकर पिटाई की। आरोपियों ने खुद ही इस पिटाई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जानकारी के अनुसार, पीड़ित फैजल और आरोपी संजय के बीच कुछ दिन पहले कहासुनी हुई थी। फैजल द्वारा अपशब्द कहे जाने के आरोप में संजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर बदला लिया। पीड़ित की मां नाजमा खातून ने वीडियो देखने के बाद कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के अनुसार, 30 जुलाई को संजय, चंदन समेत पांच युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इससे पीड़ित परिवार डरा हुआ है और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता है। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी जल्द गिरफ्तार नहीं किए गए तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## रुदरौलिया बुजुर्ग में प्रशासन का चला बुलडोजर



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हथिवां चौराहा स्थित ग्राम पंचायत रुदरौलिया बुजुर्ग में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कार्रवाई की। बुधवार को प्रशासन ने पशुचर भूमि पर बर्षों से काबिज परिवार के 8 घरों पर बुलडोजर चलाया। गुरुवार को 306 विधानसभा डुमरियागंज के पूर्व सपा प्रत्याशी इरफान अहमद मलिक अपने समर्थक कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों का हाल जाना और उनका दुःख साझा कमान पूर्व प्रत्याशी ने प्रशासन से मानवीय आधार पर पीड़ित परिवार के लिए निवास की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। इरफान अहमद मलिक ने कहा कि शासन-प्रशासन को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उसके बाद ही कोई कठोर कदम उठाना उचित होगा। स्थानीय लोगों में भी प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर नाराजगी देखी गई। कई ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से बसे हुए लोगों को अचानक बेघर कर देना अमानवीय है। उनका मानना है कि इस तरह की कार्रवाई से जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

## एसएसबी उपनिरीक्षक ने की गोली मारकर आत्महत्या

श्रावस्ती। श्रावस्ती जिले में भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक उपनिरीक्षक ने बुधवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि एसएसबी में उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह (57) बुधवार को अपनी बैरक में मौजूद थे। तभी बैरक से बारी बारी से दो गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। साथी जवान बैरक में पहुंचे तो वह बिस्तर पर लहूलुहान हालत में पड़े थे।

चौरसिया ने बताया कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित धारचूला क्षेत्र के जयपुर गांव के मूल निवासी सिंह के सीने पर गोली लगी थी। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी तैनाती श्रावस्ती जनपद के नेपाल सीमावर्ती भरथा रोशनगढ़ सीमा चौकी पर थी।

चौरसिया ने बताया कि मृतक एसएसबी जवान के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आरंभिक जांच में परिजनों से मालूम हुआ कि नरेंद्र सिंह किसी पारिवारिक मसले को लेकर तनाव में रहते थे। आरंभिक जांच के अनुसार पहली गोली चलने पर नहीं लगी तो उन्होंने दूसरी गोली चलाई, जो उनके सीने में लग गयी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आरंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सीने में गोली लगने से मृत्यु हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन शव लेकर उत्तराखंड चले गये हैं।

# जिला कारागार का औचक निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 व पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यकदिशा-निर्देश भी दिया गया । 31.जुलाई को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान भोजनालय, बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया । जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है । जिला कारागार सिद्धार्थनगर मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी । जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए । पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें ।

# भाजपा आम आदमी के हितों की कर रही अनदेखी : मोना

- कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता ने रामपुर संग्रामगढ़ पार्टी कार्यकर्ताओं से जनता से जुड़े मुद्दों पर किया विमर्श



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि मौजूदा सरकार कृषि, बिजली, शिक्षा सहित आम आदमी से जुड़े सभी मोर्चे पर विफल हो चुकी है। संग्रामगढ़ में गुरूवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मण्डल इकाई के पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह सरकार के जनता से जुडे अहितकारी कदमों को लेकर संघर्ष तेज करें। उन्होने कहा कि यह पहली सरकार है जिसने नौनिहालों से शिक्षा का अधिकार भी छीनने का कुचक्र रचा है। उन्होने कहा कि सरकारी प्राथमिक स्कूलों को मर्जर करने के बेतुके फैसले से बडी संख्या में गरीब तथा कमजोर तबके से जुड़े बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है। उन्होने कहा कि किसानों को एमएसपी देना तो दूर सरकार सही समय पर खाद व बीज तक मुहैया नही करा पा रही है। उन्होनें कहा कि रोजगार के क्षेत्र में सरकार की चहेती पूंजीपति कंपनियां रोज नौकरी से छंटनी का युवाओं को घाव दे रही है। उन्होने कहा कि बिजली के निजीकरण से भी सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ होगा। उन्होने कहा कि सरकार के इस मनमानी फैसले से कई घरों में चूल्हे की आग ठण्डी हो रही है। उन्होने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी के अभियान को तेज करने के लिए वह जनसंवाद का माहौल मजबूत बनायें। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव लोगों की भलाई के लिए संघर्ष किया है। उन्होने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को भाजपा रोज चोट पहुंचा रही है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकार की सुरक्षा की आवाज बुलंद करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली को कमजोर करने के बीजेपी के हर प्रयास को विफल बनाएगी। अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लालजी यादव व संचालन करपात्री मण्डल अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व ब्लाक ज्येष्ठ प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल ने किया। बैठक को प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ. अमिताभ शुक्ल, जिपंस रघुनाथ सरोज, आचार्य विद्याधर पटेल, विपत्ति लाल यादव, लालजी पटेल, गंगाशरण पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, आशीष उपाध्याय, सुरेश पटेल, गौरव केसरवानी, ओमप्रकाश धुरिया, महंत द्विवेदी, जितेन्द्र द्विवेदी, मो0 असलम, फैजल खान, मनोज मिश्र, रविशंकर शुक्ल आदि रहे।

# सेवानिवृत्त 8 पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर दी विदाई

**सिद्धार्थ नगर।** सेवानिवृत्त हुए 08 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ससम्मान विदाई किया गया। 31. गत जुलाई को जनपद सिद्धार्थनगर से 08 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए । इस अवसर पर ₹पुलिस अधीक्षक कार्यालय₹ में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने उक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को ससम्मान विदाई किया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की किया गया। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत्त हुए



कर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया । उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई की किया गया। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों में शामिल नाम पुलिस उपाधीक्षक अरुण कान्त सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय जनपद सिद्धार्थनगर । ,उ0नि0ना0पु0 नागेन्द्र प्रताप गोंड थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर उ0नि0ना0पु0 सुभाष यादव यू0पी0-112 जनपद सिद्धार्थनगर । मु0आ0ना0पु0 जय प्रकाश पाण्डेय थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ।,मु0आ0स0पु0 सूर्य नारायण रिजर्व पुलिस लाइन जनपद सिद्धार्थनगर । कुक बम बहादुर यादव रिजर्व पुलिस लाइन जनपद सिद्धार्थनगर ।, कुक जलील रिजर्व पुलिस लाइन जनपद सिद्धार्थनगर ।, कुक रामनाथ रिजर्व पुलिस लाइन जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# 28 जोड़ों का दहेज रहित सामूहिक विवाह

## जिला पंचायत सदस्य व मावन शिक्षा सेवा संस्था ने कराया आयोजन, बेटियों को मिला उपहार



गोरखपुर। मानव शिक्षा सेवा संस्था द्वारा गुरूवार को साईं मंदिर खड़ेसरी परिसर में दहेज रहित सामूहिक विवाह का आयोजन कराया गया। जिसमें 28 जोड़े गृहस्थ जीवन में कदम रखते हुए एक दूजे के हमसफर बने। वैवाहिक जोड़ों को संस्था प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य आलोक गुप्ता द्वारा गृहस्थपयोगी वस्तुओं के साथ उपहार भी दिया गया। इस दहेज रहित विवाह संस्कार का गवाह बनने के लिए उपनगर के अलावा क्षेत्र जवार की भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगल जीवन की कामना की। एक साथ जब 28 दूल्हों की बारात ढोल नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के साथ निकली तो इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए लोग कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़े।

मंदिर परिसर में 28 नवयुगलों का दुल्हन की तरह सजे पण्डालों में सामूहिक रूप से सभी वर वधुओं ने एक दूसरे के गले में जयमाल डाला और फिर विद्वान पंडितों द्वारा उच्चारित वेद ऋचाओं के बीच 28 वर वधुओं का विवाह सम्पन्न हुआ। जिला पंचायत सदस्य आलोक गुप्ता द्वारा वर वधुओं को उपहार में बेड, कुर्सी, आलमारी, कपड़े, बर्तन, जेवर के साथ अन्य घरेलू सामान दिया गया। शादी में शामिल सभी लोगों के लिए भोजन का भी इंतजाम था। नव युगलों को आशीर्वाद देते हुए भाजपा नेत्री पूनम गुप्ता व विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता ने कहाकि संस्था द्वारा प्रति वर्ष निर्धन कन्याओं का विवाह कराना साहसिक व पुनीत कार्य है। इसके लिए समाज के अन्य लोगों को भी अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। आलोक गुप्ता ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन अभिषेक राय ने किया।

इस अवसर पर प्रिया गुप्ता, अनीता यादव, सुरेश राय, पंकज यादव, भूपेंद्र दीक्षित, विनोद नायक, शेषनाथ पासवान, अजीत गौड़, रागिनी, शीला, महिमा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### संक्षेप

## अश्लील हरकतें की, आरोपी गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। महेवा चौकी पुलिस ने एक युवक को आती जाती महिलाओं से अश्लील इशारे करते हुए उझियानी ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा। महेवा चौकी इंचार्ज केपी सिंह ने बताया कि वह संदिग्ध वाहनों की वाहन चैकिंग कर रहे थे कि तभी उन्हें सटीक सूचना मिली कि कानपुर आगरा नेशनल हाइवे उझियानी ओवर ब्रिज के पास एक युवक खड़ा है और स्कूल कॉलेज आने जाने वाली छात्राओं और महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तिया हरकतें कर रहा है। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे युवक को पकड लिया पुलिस हिरासत में आये युवक ने अपना नाम रघुनन्दन पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम शाला थाना कोतवाली औरैया बताया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपित युवक रघुनन्दन को अश्लील फब्तिया और इशारे करने के आरोप में जेल भेज दिया।

## विभाग की धीमी गति से फार्मर रजिस्ट्री से किसान परेशान

इटावा। शासन के निर्देश पर फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है लेकिन जिला प्रशासन व कृषि विभाग उदासीनता के कारण अभी तक लगभग आधे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो पाई है इस कारण 2, अगस्त को मिलने वाली किसान सम्मान निधि की रकम लटक सकती है। क्योंकि सरकार की ओर से कहा गया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नही होगी उनकी किसान सम्मान निधि रुक सकती है। यह कहना है वरिष्ठ सपा नेता उदयभान सिंह यादव का। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी इसमें पर्याप्त रुचि नहीं ले रहे हैं इसके कारण अभी तक जिले में सिर्फ 50.55 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो पाई है। सरकार की ओर से फार्मर रजिस्ट्री की व्यवस्था लागू करने के बाद फार्मर रजिस्ट्री कराने में किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि किसानों के खतौनी मे नाम कुछ है और आधार मे नाम और बैंक खाता मे नाम अलग अलग है इस कारण नतीजा यह निकला कि अभी तक आधे किसानों की ही फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाई है उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए कृषि विभाग की ओर से औपचारिकता के लिए कैंप तो लगाए गये लेकिन प्रचार प्रसार न होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा न हो सका। उदयभान सिंह यादव ने कहा कि जब तक शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री न हो जाएं तब तक किसान सम्मान निधि से किसानों को वंचित न किया जाए।

## बैंकों की चेकिंग

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष व चैकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंकों में पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बैंक के बाहर एवं अंदर आने-जाने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की पूर्ति करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया, साथ ही बैंक एवं आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा।

## एमएसपी पर सरकार की पोल खुल गई है: मुकुट सिंह

इटावा। अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त मंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि जिले में मंहगी लागत और कडी मेहनत से पैदा की गई मक्का की सरकारी एमएसपी 2225 रू. कुंतल पर खरीदी न होने के कारण बाजार में मात्र 1700 रू. कुंतल में बेचने को मजबूर होना पड रहा है। इससे किसानो को करोडो रू. का घाटा उठाना पड रहा है, वहीं पर एमएसपी पर खरीद की डबल इंजन सरकार की पोल पटटी भी खुल रही है। किसान नेता मुकुट सिंह ने आगे कहा कि सरकारी पोर्टल के अनुसार 29 जुलसाई तक जिले में मात्र 1700 कुंतल खरीदी दशार्यी गई हैं खरीद की अंतिम तारीख 30 जुलाई है। जिले में हजारो कुंतल मक्का पैदा हुयी है। मक्का बाहुल्य तहसीलों में से सैफई, ताखा, भरथना, जसवंतनगर में खरीद शून्य है, यहां खरीद के लिए जरूरी उपजिलाधिकारी द्वारा सत्यापन भी शून्य है। सरकारी खरीद 15 जून से 30 जुलाई तक होनी है। अब रातोंरात में कागजों पर कोई दूसरा खेल हो जाय तो अलग बात है।

## पैथोलॉजी सेंटर में सेंध मारी, चांदी की मूर्ति चोरी

सैफई, इटावा। 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के ठीक सामने स्थित डॉ. लाल पालीवाल पैथोलॉजी सेंटर में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर पैथोलॉजी के पीछे की जाली काटकर भीतर दाखिल हुए और वहां से लैब की सेन्ट्रीफ्यूज मशीन, तांबे के तार और चांदी की एक छोटी मूर्ति चोरी कर फरार हो गए।

ग्राम अमरसीपुर निवासी श्रीकृष्ण दुबे पुत्र प्रयाग नारायण की यह दुकान है, जिसे उन्होंने प्रशांत कुमार को किराए पर दे रखा है। प्रशांत यहां डॉ. लाल पालीवाल पैथोलॉजी सेंटर का संचालन करते हैं। रोजाना की तरह बुधवार शाम को वह लैब बंद कर घर लौट गए थे। गुरुवार सुबह जब उन्होंने सेंटर खोला, तो भीतर का नजारा देख हैरान रह गए। सामान बिखरा पड़ा था और अंदर से कई कीमती उपकरण गायब थे।

## बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाई



इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारी ने जनपद के बढ़पुरा ब्लॉक के बसवारा ग्राम एवं बढ़पुरा की मड़ैया एवं पछायगांव की मड़ैया में जो बाढ से.पीड़ित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई एवं वहां की स्थिति जानी। प्रशांत तिवारी ने बताया कि ग्राम में पानी भर जाने से लाइट काट दी गई ग्राम में एक भी हैंडपंप नहीं है उन्होंने तहसीलदार इटावा से बात की और स्थिति के बारे में बताया तिवारी ने कहा आने जाने के लिए नाव की व्यवस्था करवाई जाए। एसडीआरएफ की टीम बुलाई जाए स्टीमर का इंतजाम पानी का इंतजाम एवं शासन की तरफ से भोजन का भी इंतजाम करवाया जाए भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार में इटावा सदर विधायक का ब्लॉक भाजपा का ब्लॉक प्रमुख फिर भी पानी पीने के लिए एक हैंडपंप नहीं था ये विकास है भारतीय जनता पार्टी का तिवारी ने शासन से कहा जल्द इंतजाम करवाया जाए। कांग्रेस पार्टी की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र यादव, दीपक बॉथम, मनोज चैधरी, बबलू, मोहित दुबे, दिलीप दुबे रहे।

## भाकियू की कोर कमेटी की बैठक संपन्न



जसवंतनगर, इटावा। भारतीय किसान यूनियन की कोर कमेटी की अहम बैठक गुरुवार को ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार के सैफई रोड स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक-एक पदाधिकारी को दायित्व सौंपा जाएगा, जो अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही 13 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में बताया गया कि तिरंगा यात्रा जसवंतनगर नहर पुल से प्रारंभ होकर नगर बाजार से होते हुए ब्लॉक कार्यालय और अंत में तहसील परिसर तक पहुंचेगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी न्याय पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तर तक बैठकें कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रामौतार सिंह को मलाजनी और सराय भूपत न्याय पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई। तहसील महासचिव मुन्नेश सिंह को कुंजपुरा एवं जुगौरा न्याय पंचायत, जबकि जिलामहासचिव चंद्रदीप को धनुआ न्याय पंचायत का प्रभार मिला। ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार को धरबार, जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव और ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन यादव को निलोई न्याय पंचायत की जिम्मेदारी दी गई। तहसील उपाध्यक्ष मनोज कुमार को भीखनपुर, तथा ब्लॉक सचिव सुधीश कुमार को तिजौरा न्याय पंचायत का कार्य सौंपा गया।

## कोर्ट के निर्देश की अवहेलना भारी पड़ी, कोर्ट ने शाहपुर थानाध्यक्षके खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

गोरखपुर। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करना शाहपुर थाना अध्यक्ष को काफी भारी पड़ गया। न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन /एफटी सी/ एसिजेम कोर्ट गोरखपुर में एक मामले में शाहपुर थाने से खुशबू शर्मा बनाम सुनील शर्मा मामले में अंतर्गत धारा 173 (4) बी एन एस एस में थाने से रिपोर्ट मांगी गई थी। तथा लगातार कई तारीखों पर रिपोर्ट न आने के बाद न्यायालय ने शाहपुर के थाना अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के निर्देश के साथ रिपोर्ट मांगी जिसे भी लगातार 2 तारीख पर थाना अध्यक्ष ने नजरअंदाज कर दिया। जिस पर प्रार्थिनी के अधिवक्ता रत्नाकर सिंह ने थाना पुलिस द्वारा प्रार्थिनी को हैरान परेशान करने और न्यायालय की अवमानना करने का पक्ष रखा। कोर्ट ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखे एक पत्र के जरिए न केवल एक सप्ताह में संबंधित रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है वरन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि हाई कोर्ट के सर्कुलर के अनुसार धारा 173 (4 )के मामलों में दो माह के भीतर निस्तारण होना आवश्यक है जबकि थाना अध्यक्ष के गैर जिम्मेदारी पूर्ण रवैया के कारण यह अवधि बीत गई है अतः न्यायालय ने थाना अध्यक्ष के खिलाफ विभाग की कार्रवाई अमल में लाते हुए कृत कार्रवाई से न्यायालय को भी अवगत कराने का आदेश दिया है, जिससे माननीय उच्च न्यायालय को पत्रावली के निस्तारण समय के भीतर न होने के संबंध में सूचित किया जा सके। इसके साथ ही न्यायालय ने थाना अध्यक्ष शाहपुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 388 के तहत सरकार बनाम थाना अध्यक्ष शाहपुर का मुकदमा भी प्रकिर्न वाद के रूप में दर्ज कर दिया है।

## डीएम ने शिकायतकर्ताओं की बात गंभीरता से सुनी



गोरखपुर। नवागत जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गुरुवार को पर्यटन भवन कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने न केवल शिकायतकताओं की बात गंभीरता से सुनी, बल्कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर तत्काल वार्ता कर समस्याओं के समाधान हेतु ठोस निर्देश भी दिए।

डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सिर्फ औपचारिक समाधान न हो, बल्कि शिकायतकर्ता को उसका समाधान संतोषजनक भी महसूस हो। जनसुनवाई के दौरान आए कई मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर डीएम ने खुद ही फॉलोअप लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों में टालमटोल या लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, और इसमें लापरवाही या हीलाहवाली आमजन के विश्वास को ठेस पहुंचाती है। ऐसे में हर अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह शिकायतों का निराकरण गंभीरता से करें और इसका असर जनता की संतुष्टि में दिखना चाहिए यह तभी दिखाई देगा जब अधिकारी मनोयोग से आए हुए समस्याग्रस्त पीड़ितों समस्याओं का निस्तारण करने के लिए अपने दायित्वों का निस्तारित करे।

## युवक का शव गांव में मिला

उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा के ग्राम नगला अजीत निवासी 32 वर्षीय युवक का शव गांव के पीछे स्थित सूखाताल के पास से बरामद किया गया। स्वजनों के अनुसार थानां के ग्राम नगला अजीत निवासी सुखवीर पुत्र दीनबंधू उम्र 32 जो सात दिन पूर्व से घर से गायब था, गुरुवार प्रातः शौचक्रिया को गए गांव के लोगों के बताए अनुसार देखा तो सुखवीर मृत अवस्था में पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची थानां पुलिस द्वारा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। स्वजनों ने कहा कि वह अत्यधिक शराब पीता था, शराब का आदी होने के चलते ही सात दिन से घर भी नहीं आया था।

# संदिग्ध परिस्थिति में कटर मशीन से गला कटा, शव बरामद

## घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुटी



**जिला संवाददाता (vol)**

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मुडिला उर्फ मुडेरा में बीती रात एक व्यक्ति की कटर मशीन से गला कटा शव बरामद हुआ है। मौके पर जुटे लोगो ने मौत की वजह पति पत्नी के बीच अनबन बताई जा रही है। पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जाँच के बाद ही पता चलेगा कि सुसाइट नोट मृतक द्वारा लिखा गया है या कोई और लिखा है घटना के वक्त घर में युवक की पत्नी व दोनो बच्चे भी दूसरे कमरे में मौजूद थे, पत्नी की सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी गृह भेज दिया है। घटना स्थल से फोरेंसिक टीम ने भी जाँच पड़ताल कर जरूरी साक्ष्य इकट्ठा की है। मिली जानकारी के अनुसार चिलुआताल क्षेत्र के मुड़िला उर्फ मुंडेरा निवासी वीरेंद्र प्रजापति (36) पुत्र दाराचंद की शादी वर्ष 2014 में लक्ष्मीना प्रजापति से हुई थी। वीरेन्द्र बिजली वायरिंग का काम कर जीवन यापन कर रहा था मृतक पति एवं पत्नी से दो बच्चे नव्या 10 वर्ष व विकास 8 वर्ष के दो बच्चे है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कुछ महीनो से पति पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं चल रहा था। दोनों एक ही घर के अलगझअलग कमरे में रहते थे मृतक वीरेंद्र रोजाना खाना बाहर ही खाता था। बुधवार की रात दोनों नित्य प्रति की भाँति दोनो पति पत्नी बच्चो के साथ अपने अपने कमरे में सोये थे दो बजे के आस पास 112 न० की सूचना पर पुलिस को घटना की जानकारी मिली कि वीरेंद्र की कटर मशीन से किसी ने गला काटकर हत्या कर दी। आशंका जाहिर की जा रही है कि पत्नी लक्ष्मीना ने पति से विवाद के बाद उसकी गला काटकर हत्या कर दी है। हालांकि घटना के बाद तक लक्ष्मीना घर में मौजूद रही। सूचना पर चिलुआताल पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच आवश्यक कार्यवाही और जरूरी साक्ष्य इकट्ठा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पुलिस को युवक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से आत्म हत्या कर रहा हु इसमें मेरे पत्नी का कोई दोष नहीं है। चिलुआताल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जांच पड़ताल कर रही।

## हज आवेदन 7 अगस्त तक

इटावा। हज 2026 हेतु हज कमेटी आफ इंडिया द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को आवेदन का एक सप्ताह का एक मौका दिया और गया है। पहले आवेदन 31, जुलाई तक भरे जाने थे। अब इच्छुक हज यात्री हज कमेटी आफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा एप के माध्यम से अपना 7 अगस्त तक कर सकते हैं। यह जानकारी हज ट्रेनर व हज नोडल अधिकारी मौलाना तारिक शम्सी ने देते हुए बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया द्वारा हज आवेदन करने के लिए हज यात्रियों की सुविधा हेतु आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 37/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन में लालकुआँ–कासगंज अनुभाग के अन्तर्गत कछला ब्रिज, कछला, रिच्छा रोड, शेखपुर हाल्ट स्टेशनों पर (कुल 07 नग) रेल लेवल प्लेटफार्म को हाई लेवल प्लेटफार्म तक बढ़ाने का कार्य। (कानुपर अनवरगंज–मथुरा एवं लालकुआँ–कासगंज अनुभाग में 11 हाल्ट स्टेशनों पर रेल लेवल प्लेटफार्म को हाई लेवल प्लेटफार्म तक बढ़ाने का कार्य स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 5,03,51,685.67, बयाना राशि रूपयों में : रू. 4,01,800/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। 1. ई–निविदा दिनांक 22.08.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),**
**मुजाधि/डब्लू – 188 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पारिजात का पौधा लगाया




इटावा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत पारिजात का पौधारोपित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि बागवानी पदति का भ्रमण किया एवं उन्होंने संबंधित को दिशा निर्देश दिए साथ ही एग्रीकल्चर विभाग एवं ओडीओपी आदि के स्टाल लगाए गए जिसका उनके द्वारा अवलोकन किया गया। डा. बीआर अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र और छात्राओं को प्रतिदिन योग एवं मेडिटेशन कराया जाए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल का पढ़ा हुआ छात्र सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्रा पर गया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा पशुओं को दुग्ध बढ़ाने का इंजेक्शन दिया जा रहा है, जिसका दुग्ध बच्चे व बड़े सभी लोग पीते है जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है एवं इससे काफी रोग उत्पन्न होते है इसलिए ऐसे किसानों को चिन्हित किया जाए एवं उनपर रोक लगाई जाए साथ ही उन्होंने बताया कि पशुओं को घास व खाद्य पदार्थ को समय से खिलाया जाए जिससे उनके दुग्ध में बढ़ोतरी हो एवं शुद्ध हो। उन्होंने कहा कि जंगली चूहों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है इसपर रिसर्च कि जाए एवं ऐसी दुर्गन्ध व केमिकल बनाया जाए जिससे चूहे फसल में ना जाएं एवं फसल को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि ऐसी मशीन बनाई जाए जिससे वृक्षों के नीचे पड़े सूखे पत्तों को अंदर मशीन में खींचकर और उसे पूरी तरह से क्रश किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्र गान किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सदर विधायका सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष भाजपा अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायक, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-महानगर, जानकीपुरम क्षेत्र , लखनऊ**

ई-निविदा सूचना, दिनांक 01.08.2025

ई-निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 05/EUDC-(MAHA)/2025-26 मण्डल-महानगर के अधीनस्थ अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर रोड के प्रयोगार्थ एक अद्द डीजल चालित व्यवसायिक वाहन मय ड्राइवर की आगामी 12 माह आपूर्ति हेतु। निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180/- व धरोहर धनराशि रु. 2700/-
2. 06/EUDC-(MAHA)/2025-26 मण्डल-महानगर के अधीनस्थ सीतापुर रोड खण्ड के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी, फैजुल्लागंज के प्रयोगार्थ एक अद्द डीजल चालित व्यवसायिक वाहन मय ड्राइवर की आगामी 12 माह आपूर्ति हेतु। निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180/- व धरोहर धनराशि रु. 2700/-

ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 18 अगस्त, 2025, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

**(गीता आनन्द) अधीक्षण अभियन्ता**

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 2170, दिनांक : 31.07.2025)**

## प्रशान्त फाउंडेशन ने न्यायाधीश को पौधा भेंट किया



इटावा। प्रशान्त फाउंडेशन द्वारा न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरएस यादव को पौधौं का पौधारोपण कराया। पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति और पूर्व न्यायधीश न्यायमूर्ति केके यादव और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मदन यादव द्वारा पौधारोपण कराया गया। फाउंडेशन के संस्थापक रूद्राक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह यादव ने रबर का पौधा भेंट किया। पौधों का पौधारोपण प्रशांत फाउंडेशन द्वारा किया गया। प्रशांत फाउंडेशन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे वृक्षदान महाअभियान, मिशन ग्रीन अर्थ, मिशन हरियाली, मिशन त्रिवेणी, जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के तहत वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मदन यादव और न्यायमूर्ति केके यादव और न्यायमूर्तिएस आरएस यादव अवसर पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद् समाजसेवी डॉ. हेमंत यादव ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में जब वन क्षेत्र का निरंतर ह्रास होता जा रहा है। तब सम्पूर्ण समाज को इस तरह के वृक्षदान एवं पौधारोपण आयोजनों से सीख लेने की आवश्यकता है। डॉ मदन यादव ने फाउंडेशन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे वृक्षदान महाअभियान की तारीफ करते हुए एवं बधाई देते हुए कहा है कि सम्पूर्ण धरा और प्रकृति को सुरक्षित व संतुलित रखने हेतु हमें पौधा रोपण के प्रति लोगों को सजग बनाना होगा। कार्यक्रम के आयोजन में न्यायमूर्ति द्वारा पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए उद्बोधन दिया।

# प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा, मुंह में तंबाकू- बीड़ी ठूंसी

**जिला संवाददाता (vol)**

इटावा। प्राइमरी स्कूल में छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि बुधवार को क्लास 4 के छात्र ने पानी पीने की अनुमति मांगी तो प्रिंसिपल भड़क गया। उसने छात्र को बुरी तरह पीटा और फिर मुर्गा बनाकर उसके मुंह में बीड़ी का छिलका और तंबाकू ठूंस दिया। इससे छात्र बेहोश हो गया। होश आने के बाद छात्र स्कूल की बाउंड्री वॉल फांदकर घर पहुंचा और परिजनों को प्रिंसिपल की बर्बरता के बारे में बताया। जब छात्र की बुआ शिकायत करने स्कूल पहुंचीं तो आरोपी प्रिंसिपल ने उन्हें बेल्ट लेकर दौड़ा लिया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल को घेर लिया। आरोपी शिक्षक बेल्ट लहराते हुए उन्हें ललकारने लगा। ग्रामीणों ने जब उसे समझाने का प्रयास किया, तो उसने माफी मांगने की बजाय सभी के सामने बीड़ी जलाई और धुआं उड़ाते हुए कहा- जहां शिकायत करनी है, कर दो। पुलिस भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी

### आरोपी निलंबित

टीचर को हिरासत में ले लिया है। राजेश कुमार के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी की जांच के बाद आरोपी शिक्षक प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया गया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला गंगे प्राथमिक विद्यालय में सुनील कुमार प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। बुधवार को सुबह 9.30 बजे चौथी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र शिवा (9) ने पानी पीने की अनुमति मांगी तो सुनील कुमार आगबबूला हो गया। उसने छात्र को पहले तो पीटा। इसके बाद मुर्गा बना दिया। इस पर भी मन नहीं भरा तो बीड़ी की पत्ती और तंबाकू को बच्चे के मुंह में जबरन ठूंस दिया। कुछ देर में ही शिवा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। 10 मिनट बाद उसे होश आया। सुनील को कमरे में न पाकर बाउंड्री वॉल फांदकर भाग गया। शिवा ने घर पहुंचकर अपनी बुआ को पूरी बात बताई। बुआ गीता देवी स्कूल में शिकायत करने पहुंचीं तो शिक्षक ने उन्हें बेल्ट लेकर दौड़ा लिया। गीता की जानकारी पर दो दर्जन ग्रामीणों ने स्कूल को घेर लिया। शिक्षक को समझाने का प्रयास करने लगे तो वह बेल्ट लहराकर ग्रामीणों को धमकी देने लगा। कहा- हिम्मत है तो कोई स्कूल में घुसकर दिखाओ। कहा जिसको शिकायत करना है कर लो, पुलिस भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-15-2025-26 |
| कार्य का नाम | "सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ रिप्लेसमेंट ऑफ़ शेल्फ टाइप रिले विथ प्लग–इन टाइप रेलेज़ इन लखनऊ एरिया ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवेज" |
| अनुमानित लागत | रु0 92,75,430.38 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 1,85,500.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.08.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0सं0–106–सिग–टेन्डर–15/2025–26 दिनांक 29.07.2025** 2336/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

संक्षेप

## युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।हैदराबाद थाना क्षेत्र में खेत में कीटनाशक दवा का छिडकाव करते समय एक युवक की हालत बिगड गई।जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम बेलवा निवासी 21 वर्षीय कौशल किशोर पुत्र मंसाराम गुरूवार को गांव स्थित अपने गन्ने के खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी हालत बिगड गइ। जिसे उपचार के लिए आनन फानन में सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

## बीएसए ने बदले कई बीईओ के कार्यक्षेत्र

लखीमपुर खीरी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने कई खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया खण्ड शिक्षा अधिकारी लखीमपुर सुभाष चन्द्र को लखीमपुर ब्लाक से हटाकर नगर क्षेत्र में तैनात किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ ब्रजराज सिंह को नकहा को खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र शत्रुघ्न सरोज को फूलबेहड़ का नया बीईओ बनाया गया। बीईओ नकहा हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव को मुख्यालय संबंध कर दिया गया है।

## पीएम आवास ग्रामीण की जांच पूरी

लखीमपुर खीरी।जनपद खीरी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सर्वे किए गए लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए थे।इसी क्रम में लखीमपुर तहसील के ब्लॉक फूलबेहड़ ने जिले में सबसे पहले यह कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। इस संबंध में सुमित कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी फूलबेहड़ ने बताया की ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जांच में जो भी टीमें लगाई गई थी उन्होंने शत प्रतिशत सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया है।

## किसान की बाइक चोरी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव पालचक में अपने खेत पर बाइक खड़ी करके गन्ने के खेत के अन्दर घास काटते समय अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी कर ले गए पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।गुरुवार को गांव के सेनकुमार 10 बजे करीब अपने खेत के बाहर बाइक खड़ी कर अंदर घास काटने लगे तभी अचानक बाइक चालू होने की आवाज सुनाई दी खेत से बाहर जब तक निकला तब तक तीन युवक उसकी बाइक लेकर मोहम्मदी की ओर भागते दिखे थे।

## लूट के कुंडल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। लूट की घटना का कोतवाली सदर पुलिस ने किया खुलासा। घटना में प्रयुक्त रिक्शा के साथ दो अभियुक्तगण को मेहता मेलेनियम अस्पताल के पीछे से गिरफ्तार किया गया। कोतवाली सदर पुलिस के मुताबिक बाली पीली धातु व घटना में प्रयुक्त रिक्शा के साथ साथ 1.जीतू मिश्रा पुत्र रमाशंकर मिश्रा उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मो0 अर्जुनपुरवा थाना कोतवाली सदर , 2.पिंकू अली पुत्र इब्राहिम अली निवासी ग्राम रामापुर थाना कोतवाली सदर को मेहता मेलेनियम अस्पताल के पीछे से लगभग 3 बजे गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# यूरिया के लिए भाजपा नेता ने किसान को पीटा

## साधन सहकारी समिति जंगल वाली में हुई घटना



धौरहरा खीरी। यूरिया के लिए मारामारी और कालाबाजारी की चचाओं के बीच गुरुवार को जंगलवाली सहकारी समिति के अध्यक्ष पर किसानों से मारपीट की शिकायत पुलिस से की गई।फिलहाल कोतवाल ने मौके पर फोर्स भेज कर विवाद को नियंत्रित कर लिया था।

प्राप्त विवरण के अनुसार गुरुवार की दोपहर कोतवाली पहुंचे अमित कुमार, सरोज कुमार आदि करीब दर्जन भर लोगों ने कोतवाल सुरेश मिश्र से शिकायत की कि माधवपुरवा स्थित जंगलवाली सहकारी समिति पर यूरिया के लिए भारी भीड़ जुटी थी।समिति अध्यक्ष व भाजपा के जिला मंत्री दुर्गेश नंदन पांडेय खुद ही भेदभाव पूर्ण तरीके से खाद के टोकन बांट रहे थे।शिकायत कताओं ने आर्थिक लेन देन का मौखिक आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र में कहा कि विरोध करने पर पांडेय ने एक अन्य साथी के सहयोग से किसानों के साथ मारपीट की, जिससे कई लोगों को चोटें आई हैं।इसके बाद भीड़ उग्र हो गई तो अध्यक्ष ने खुद को समिति के एक कमरे में बंद कर लिया। फिलहाल पुलिस के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत है लेकिन राजनैतिक खेमे में हलचल बढ़ी है।

# राहुल गांधी से मिलने पैदल दिल्ली जायेंगे सुहेल अंसारी



लखीमपुर खीरी। निघासन विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक रमिया बेहड़ के अंतर्गत ग्राम गुलरिया निवासी सुहेल अंसारी ने दृढ़ निश्चय किया है कि अपने गांव से दिल्ली तक पैदल चल कर नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी से मिलेंगे।जनपद की समस्याओं से रूबरू कराएंगे आज देश को राहुल गांधी जैसे प्रधानमंत्री की जरूरत है समूचे देश को राहुल गांधी से उम्मीद है ' उक्त जानकारी देते हुए रवि तिवारी ने बताया कि सुहेल अंसारी कल अपने गांव से दिल्ली तक की यात्रा का संकल्प कर चल चुके हैं ' आज जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल महेवा गंज पहुंच कर अंसारी का भव्य स्वागत किया हौसला अफजाई करते हुए मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि युवा साथी अंसारी ने पैदलयात्रा कर जननायक राहुल गांधी से मिलने का जो निर्णय लिया है स्वागत योग्य है मेरी शुभकामनाएं है ' कि आप अपने मकसद में कामयाब हो जनपद का नाम रोशन करे ' जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान ने स्वागत करते हुए कहा कि नौजवानों में राहुल गांधी जी के प्रति अटल विश्वास लोगों में है आज के इस दौर में राहुल गांधी नौजवानों की पहली पसंद बन चुके हैं मुझे विश्वास है कि राहुल गांधी जी से मिलकर सुहेल जी का संकल्प जरूर पूरा होगा।

## निगोही में आयोजित हुआ राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान, जनसामान्य को किया जागरूक



शाहजहांपुर।माननीय सुप्रीम कोर्ट व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में निगोही स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय के निर्देशन में पीएलवी अनिल कुमार वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस व उपभोक्ता विवाद जैसे मामलों का निस्तारण इस अभियान के तहत किया जाता है।टोल फ्री नंबर 18001805235 की जानकारी भी दी गई।खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने अधिक से अधिक लोगों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य श्रीमती अल्का ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बीएसए ने किया कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण



शाहजहांपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विकास खंड मदनापुर के बंधा, हरसिंहपुर, झपका दिलावरपुर, भीतीया पॉकी, जैतापुर व गुमटा नवीन आदि प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय गुमटा नवीन में शिक्षकों के कार्यों की सराहना की गई और छात्रों से किताबों व अक्षरों की जानकारी ली गई। जैतापुर विद्यालय में छात्रों से मात्राओं संबंधी जानकारी ली गई।मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सभी विद्यालयों को विशेष निर्देश दिए गए।

# चौथे दिन अभिषेक का शव बरामद हुआ



धौरहरा खीरी।सोमवार की शाम घाघरा नदी में डूबे दो कांवड़ियों में से एक अभिषेक पुत्र प्रताप नारायण वर्मा का शव गुरुवार को चौथे दिन शाम को मिला है।खासी मशक्कत के बाद शव उसी जगह मिला जहां पर युवकों के डूबने की बात बताई जा रही थी।सोमवार की देर शाम खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम गूमचीनी ढखवा निवासी प्रताप नारायण का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक और सुनील का 19 वर्षीय पुत्र अमन टोली के साथ कांवड़ भरने खीरी बहराइच सीमा के जालिम नगर पुल पर घाघरा घाट गए थे।वहां स्नान के दौरान दोनों युवक लापता हो गए थे।तब से एसडीआरएफ की दो टीमें लगातार तलाश में जुटी थीं।गुरुवार की शाम नदी में कांटा डाल कर तलाश शुरू हुई तो अभिषेक का शव मिल गया।कोतवाल सुरेश मिश्र ने बताया कि दूसरे की तलाश भी इसी तरीके से शुरू की गई है।

# राजा युवराज दत्त की मूर्ति पर प्राचार्य ने किया माल्यार्पण



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमंत कुमार पाल ने राजा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

राजा साहब के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में राजा युवराज दत्त सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो० सुभाष चन्द्रा ने कहा कि राजा साहब का व्यक्तित्व बहुआयामी था एवं उनके लोकहित कारीकार्य आज भी मानवता को प्रकाशमान कर रहे है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के असि०प्रो० सौरभ वर्मा ने राजा साहब के बहुआयी की व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।प्रो० संजय कुमार ने श्रीमान राजा साहब के द्वारा किये गये विभिन्न जनसेवा, चिकित्सा सेवा, शिक्षा एवं धर्मार्थ किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए श्रीमान राजा साहब की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रो० नीलम त्रिवेदी ने अपने वक्तव्य में श्रीमान राजा साहब के महान व्यक्तित्व की चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० हेमन्त पाल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में राजा साहब को देश-विदेश में फैली कीर्ति का वर्णन करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना की।

## पुलिस कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी गयी सम्मानपूर्वक विदाई



शाहजहांपुर।रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को आयोजित समारोह में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए 8 पुलिस कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक की उपस्थिति में सेवानिवृत्त कर्मियों को फूल-माला, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उनके सेवाकाल को अनुशासन और निष्ठा का प्रतीक बताते हुए सराहना की। सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने अनुभव व सुझाव साझा किए, जिन्हें अधिकारियों ने गंभीरता से सुना।समारोह का समापन शुभकामनाओं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# विद्या निकेतन का पूर्व छात्र गगन वर्मा सीआरपीएफ में चयनित



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र गगन वर्मा ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कांस्टेबल पद पर चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और परिजनों में उत्साह और गर्व का माहौल है। गगन वर्मा ने एसएससी जीडी परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर यह पद हासिल किया है। वर्तमान में वे जोधपुर, राजस्थान में तैनात हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 2 से इंटरमीडिएट तक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज से प्राप्त की थी। वर्ष 2018 में इंटरमीडिएट परीक्षा में 77 प्रतिशत अंक और कानपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक में 72 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले गगन वर्मा के पिता सुरेश चंद्र वर्मा, ग्राम शहाबुद्दीनपुर में एक दवा विक्रेता हैं, जबकि उनकी माता एक गृहिणी हैं।गगन ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ में भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने चयन परीक्षा, शैक्षणिक और शारीरिक योग्यता, चिकित्सा मानक तथा चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को विस्तार से बताया।

# प्रेमचंद्र अगर संस्कार हैं तो तुलसीदास संस्कृति



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।सीजीएन पीजी कॉलेज में तुलसीदास और प्रेमचंद वैचारिक विमर्श विषयक एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन प्राचार्य प्रो.पंकज सिंह व विभागाध्यक्ष डा. प्रशांत सिंह द्वारा की गई।संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो.पंकज सिंह ने तुलसी व प्रेमचन्द्र के जीवन की गरीबी के बहाने उनकी मजबूत मनः स्थिति का वर्णन किया तथा साहित्य को मनुष्यता से जोड़ते हुए कहा कि साहित्य हमें उदात्त बनाता है। डा. विकास चैरसिया ने तुलसीदास एवं प्रेमचंद के वैचारिक धरातल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम को समझना है तो रामचरितमानस पढ़िए, और तुलसी को समझना है तो कवितावली पढ़िए। हिंदी विभाग के सहायक आचार्य राकेश कुमार अग्रहरि ने रामचरितमानस के माध्यम से पारिवारिक मयार्दा की व्याख्या की और कहा कि प्रेमचंद यदि संस्कार हैं, तो तुलसीदास हमारी संस्कृति हैं। सहायक आचार्य सुनील गुप्ता ने तुलसीदास के समन्वयवादी दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जबकि अंग्रेजी विभाग के आचार्य बृजगोविंद ने तुलसीदास के समय की तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष डा. प्रशांत सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताते हुए कहा कि तुलसीदास और प्रेमचंद एक ही राह के पथिक हैं, इसीलिए दोनों ही लोकमानस में समान रूप से प्रतिष्ठित और अमर हैं।

## महिला आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक ने दिया प्रेरणादायक संदेश



शाहजहांपुर।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आरटीसी (प्रशिक्षण केंद्र) का भ्रमण किया गया, जहां उन्होंने प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी प्रशिक्षण संबंधी तैयारियों, अनुभवों एवं समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।प्रशिक्षण की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु फीडबैक महिला आरक्षियों की जमीनी समस्याएं व उनके समाधान व्यक्तिगत एवं समूहगत मनोबल को बढ़ाने हेतु प्रेरक मार्गदर्शन पुलिस अधीक्षक ने अपने संदेश में कहा–आप सभी केवल वदीर्धारी नहीं, बल्कि आने वाले समय की सशक्त प्रहरी हैं। यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि कर्तव्य, संवेदना और नेतृत्व की भावना भी सिखाता है। इसे केवल दायित्व नहीं, एक अवसर के रूप में स्वीकार करें। आरटीसी परिसर का निरीक्षण कर पठन-पाठन कक्ष, हॉस्टल, मेस, परेड ग्राउंड एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।महिला प्रशिक्षार्थियों को अनुकूल व सम्मानजनक वातावरण मिले।पुलिस अधीक्षक ने समस्त प्रशिक्षण स्टाफ को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक प्रशिक्षार्ती के विकास को व्यक्तिगत दायित्व समझें और उन्हें बेहतर नागरिक व अनुशासित पुलिसकर्मी के रूप में गढ़ने हेतु समर्पण भाव से कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि एक प्रशिक्षित, जागरूक और समर्पित महिला आरक्षी न केवल कानून की रक्षक होती है, बल्कि समाज की दिशा भी निर्धारित करती है।मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, आरटीसी प्रभारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कीलों पर लेटकर कावंड यात्रा निकाल रहे अंशुल यादव



**पिपरिया धनी, खीरी राम कुमार कश्यप** ।रेहरिया क्षेत्र में सावन माह के अंतिम दिनों में कावड़ यात्रा का उत्साह अपने चरम पर हैं।श्रद्धालु दूरदराज से गंगाजल लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए कावंड यात्रा निकाल रहें हैं।ऐसे में श्रद्धांओं के साथ फरुर्खाबाद के घटियाघाट से जल लेकर आ रहें अंशुल यादव ने सबका ध्यान अपनी और खींच लिया। अंशुल यादव कीलों पर लेटे हुएं कावड़ यात्रा का निकालकर अपने जीवन का पहला लक्ष्य पूरा कर रहें। गुरूवार को गोला मोहम्मदी रोड हाईवे पर अंशुल की टीम पहुंची वैंसें ही क्षेत्र के लोग इकट्ठा होकर अंशुल यादव को देखने के लिए पहुंचे। अंशुल यादव ने बताया कि कीलों पर लेट कर इसलिए इतना लंबा सफर कर रहा हूं कि सबसे पहले तो मेरा देश हिंदू राष्ट्र घोषित हो व गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। अंशुल यादव ने कहा कि सोमवार तक अपने कावड़ यात्रा को गोला गोकर्ण छोटी काशी में पहुंच जाऊंगा और विधि विधान से भोलेनाथ जलाभिषेक करूंगा।

# 587 मरीजों का परीक्षण कर बांटी दवाइयां



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) क्षेत्र के परेली गांव में प्रभात किरण सामाजिक संस्थान द्वारा आरोग्य हॉस्पिटल के सहयोग से स्व. ब्रह्मादीन वर्मा की स्मृति में आयोजित निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 587 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित कीं ग्राम परेली स्थित पटेल शान्ति निकुंज इंटर कालेज में स्व. ब्रह्मादीन वर्मा की स्मृति में आयोजित निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व गोला विधान सभा प्रत्याशी ईश्वरदीन वर्मा ने फीता काटकर किया।शिविर में हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉ. एस वर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 एस डी वर्मा, जनरल फिजीशियन डॉ. सचिन वर्मा, डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. राहुल सिंह ने पंजीकृत 587 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित कीं।इसमें झारा, परेली, टीकापुर, भिम्मापुर, बगचन, बुधेली, रोशननगर, तलफीपुर, जनकपुर खरगापुर समेत कई गांवों के लोगों ने पहुंच कर गहमागहमी के माहौल में निः शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।इसके साथ भारत डायग्नोस्टिक सेंटर एवं स्टार पैथोलॉजी लैब के सहयोग से हीमोग्लोबिन, शुगर, वीपी आदि की जांचे भी निः शुल्क की गईं।इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने कालेज स्थित सरदार पटेल व स्व. ब्रह्मादीन वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया और निः शुल्क शिविर की सराहना की।

इस मौके पर फार्मासिस्ट प्रेम कुमार, योगेन्द कुमार, सौरभ, पंकज, आयोजक पंकज वर्मा, रजनीश वर्मा, नवनीत वर्मा, शिक्षक प्रदीप वर्मा, दीपक वर्मा, विक्रम वर्मा, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिजली की बढ़ी दरों के विरोध में व्यापार मंडल ने दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिजली कटौती और प्रस्तावित बिजली दरों में भारी वृद्धि के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीएम युगांतर त्रिपाठी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।व्यापार मंडल ने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में बेतहाशा बिजली कटौती ने आमजन और खासकर व्यापारियों की कमर तोड़ दी है।लगातार हो रही कटौती से न केवल व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं, बल्कि आजीविका पर भी गहरा असर पड़ा है।ज्ञापन में चेताया गया कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा 1किलोवाट के लिए 100 यूनिट की दर वर्तमान 6.60 रुपये से बढ़ाकर 8.40 रुपये प्रस्तावित की गई है।यानी लगभग 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी, साथ ही शहरी क्षेत्रों में फिक्स चार्ज 110 से 190 और ग्रामीण क्षेत्रों में 90 से 150 प्रति किलोवॉट करने का प्रस्ताव उपभोक्ताओं के हितों पर सीधा हमला है। व्यापार मंडल ने फिक्स चार्ज को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग की, यह तर्क देते हुए कि जब उपभोक्ता उपयोग की गई बिजली का भुगतान कर रहा है, तो अलग से शुल्क लेना न्यायसंगत नहीं है।साथ ही यह भी बताया गया कि स्मार्ट मीटर 4.5 गुना तक अधिक रीडिंग दे रहे हैं और चेक मीटरों ने भी इन आंकड़ों को गलत ठहराया है।जिन कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका मिला था, वे पूर्व में गोवा में ब्लैकलिस्ट की जा चुकी हैं।।ज्ञापन देने वालों में जिला चेयरमैन वीरेंद्र वर्मा, जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी, नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, युवा प्रदेश मंत्री अशोक कनौजिया, तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपुल गुप्ता, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, अजय वर्मा, श्रीपाल वर्मा, संगम दीक्षित, युवा नगर अध्यक्ष निकेत राठी, सन्नी गुप्ता, राकेश मिश्रा, राजा अतीक अहमद, विवेक राजपूत, निजामुद्दीन खान, राम रतन समेत कई व्यापारी मौजूद थे।

## 500 बंदियों को वितरित की टी-शर्ट और स्लीपर

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जेल में गरीब एवं जरूरतमंद 500 बंदियों को टी-शर्ट और स्लीपर वितरित किए गए। जेल प्रशासन समाजसेवियों व संस्थाओं के सहयोग से बंदियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराता है, जिससे कोई भी बंदी अभाव में नहीं रहता।सामग्री पाकर बंदियों ने खुशी जाहिर की और अधिकारियों व समाजसेवियों के प्रति आभार प्रकट किया।यह सामग्री समाजसेवी ओमेंद्र सिंह के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई, जिसे अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत द्वारा वितरित किया गया।वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। एडीएम अरविंद कुमार ने जेल की व्यवस्थाओं, सफाई व हरियाली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार करना चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे मिजाजी लाल बखूबी निभा रहे हैं।

## गणेश पूजन बिना पूर्ण नहीं होता कोई कार्यः संत प्रशांत जी



शाहजहांपुर झ श्रावण मास के पावन अवसर पर खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान में जारी श्री स्कंद शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।व्यासपीठ पर काशी से पधारे संत प्रशांत प्रभु जी महाराज की वाणी ने कथा के प्रत्येक श्रोता के हृदय को छू लिया।आज के दिन व्यासपीठ पूजन का पुण्य अवसर विश्वमोहन बाजपेई, नीरज वाजपेयी, श्री दत्त शुक्ला एवं मुनेश्वर सिंह को प्राप्त हुआ। पूजन बनारस से पधारे आचार्य विवेकानंद शास्त्री एवं आचार्य कार्तिकेय द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण और पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया।गणेश पूजन प्रसंग झ बुद्धि, सफलता और विघ्नहर्ता का संदेश कथा के दौरान संत प्रशांत प्रभु जी महाराज ने भक्तों को शिव महापुराण का सार सुनाते हुए गणेश पूजन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा–ꝶप्रिय जिज्ञासुओं, शिव महापुराण का यही सार है कि भगवान गणेश प्रथम पूज्य हैं। सृष्टि के आरंभ में भगवान शिव ने उन्हें देवताओं के विघ्न दूर करने हेतु उत्पन्न किया।ꝶउन्होंने बताया कि जब देवताओं ने लोक परिक्रमा का संकल्प लिया, तब गणेश ने माता-पिता की परिक्रमा कर समस्त लोकों का पुण्य अर्जित किया। उनकी बुद्धिमानी से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें सर्वप्रथम पूज्य होने का वरदान दिया।

संक्षेप

## खड़ंजा उखाड़ने पर तीन पर केस दर्ज

**जौनपुर**। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा लगवाए गए खड़ंजे को गांव के ही एक परिवार के लोगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों राम सजीवन मौर्य, शरद मौर्य और श्याम जीत मौर्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि ग्राम प्रधान गद्दोपुर राधिका देवी ने 20 जून को ग्राम पंचायत निधि से ग्रामीणों की सुविधा के लिए 14 मीटर का स्मार्ट खड़ंजा लगवाया था। खड़ंजा लगने के बाद 7 जुलाई को दोपहर में गांव के राम सजीवन मौर्य, शरद मौर्य और श्याम जीत ने 14 मीटर खड़ंजे को उखाड़ दिया। ग्राम प्रधान राधिका देवी के पति राम साहब यादव ने थाने पर इसकी सूचना दी थी। 20 दिन बीत जाने के बाद भी उखड़े खड़ंजे को नहीं लगवाया गया। मंगलवार की शाम को प्रधान के पति की तहरीर पर गद्दोपुर ग्राम सभा के राम सजीवन मौर्य, शरद मौर्य और श्याम जीत मौर्य के खिलाफ सरकारी खड़ंजा उखाड़ने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## जमीनी रंजिश में दलित परिवार पर हमला

**आजमगढ़**। जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के अवदह खास गांव में मंगलवार रात भूमि विवाद को लेकर एक दलित परिवार पर हमला हुआ। असलहों से लैस हमलावरों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को पीटा, एक महिला को अर्द्धनग्न किया और घर में लूटपाट के बाद आगजनी की। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता शिवकुमारी पत्नी उमेश चंद, ने बताया उनके पति ने दुलारगंज बाजार में यूनियन बैंक के पास जमीन खरीदकर मकान बनाया था, जिसे लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। हमलावर मकान छोड़ने का दबाव बना रहे थे। मंगलवार रात करीब दो बजे रजवंत सिंह, बलवंत सिंह, दुश्यंत सिंह, विकास सिंह और तीन अन्य लोगों ने तमंचा, पिस्तौल, लाठी और कुल्हाड़ी लेकर उनके घर पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने सोते समय घर में घुसकर शिवकुमारी के बेटों राहुल, विशाल, विवेक व अन्य पर असलहा तान दिया। जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की गई। शिवकुमारी जब बचाव के लिए भागीं तो उनकी साड़ी खींची गई, जिससे वह अर्द्धनग्न हो गईं। हमलावरों ने मंगलसूत्र, सोने की चेन व तीन मोबाइल लूट लिए। घर में रखी पांच बाइक, टेंट का सामान और सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए, साथ ही सामान में आग लगा दी गई। एक डीवीआर भी लूट लिया गया।

## अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर**। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव में पिकप वाहन की टक्कर से महिला की मौत के बाद गुरुवार दोपहर मृतका की जेठानी शंकुतला पत्नी मंगला प्रसाद ने अज्ञात पिकप चालक के विरुद्ध तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। तहरीर में महिला ने बताया कि बुधवार की रात देवरानी मनोज कुमारी, सास कलावती पड़ोस की चंद्रकली पत्नी विधि नारायण घर के सामने बैठी थी। ड्रमंडगंज की ओर से कोरांव की ओर जा रही पिकप गाड़ी जिसका नं. यूपी 70 जेटी 4436 था। पिकप चालक तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए देवरानी मनोज कुमारी सास कलावती व पड़ोसी चंद्रकली को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें गर्भवती देवरानी मनोज कुमारी की मौके पर मौत हो गई सास व पड़ोस की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

# समन्वयवादी थे गोस्वामी तुलसीदास : बद्रीनाथ




**सोनभद्र**। ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरा राजा (तेंदू) का सभागार गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास की 528वीं और मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती समारोह से गुलजार था। बीए, बीकॉम, एमए के छात्र-छात्राओं के विचार सावन की बरसात की भांति बरस रहे थे और मंत्रमुग्ध होकर प्रबंध तंत्र और महाविद्यालय परिवार सारगर्भित तथ्यों को आंकलन कर रहा था। छात्र-छात्राओं के भाषण प्रतियोगिता में प्रेरक बातें कहीं गईं। कहा गया कि संत गोस्वामी तुलसीदास सगुण भक्ति के पथ पर चलने वाले पथिक थे। रामचरितमानस में उनकी समन्वयवादी दृष्टिकोण का विस्तृत परिचय प्राप्त होता है। तुलसीदास की इस समन्वयवादिता का ही यह परिणाम है कि इन्होंने सगुण और निर्गुण दोनों को अपने ढंग से सहेजने और महत्व देने का प्रयास किया। इसीलिए रामचरितमानस में इन्होंने स्पष्ट शब्दों में लिखा है। अगुन सगुन नहि कछु भेदा। शैव और वैष्णव के एकत्व के वे पक्षधर थे। शिव द्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहू नहि भावा। तुलसीदास ने कहा-सियाराममय सब जग जानी।

विद्वानों ने कहा कि इस शताब्दी के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की कहानियां अपने समय और समाज के मर्मस्पर्शी कथा चित्र हैं। हिंदी-उर्दू कथा साहित्य की कर्मभूमि बदलकर, यथार्थवादी कायाकल्प करने वाले अमर कथाकार प्रेमचंद के साहित्य में आम आदमी का दर्द समाहित है। कलम के सिपाही धनपत राय श्रीवास्तव नबाब राय से मुंशी प्रेमचंद बनने तक लगभग सवा तीन सौ कहानियां और दर्जन भर उपन्यास लिखकर समाज को जागृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक बद्रीनाथ पांडेय एडवोकेट ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया। प्रबंध समिति के प्रेमनाथ पांडेय, हेमनाथ पांडेय, प्रबंधक मनीष पांडेय और समाजशास्त्री डॉ. विमलेश कुमार त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जयंती समारोह का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण और विषय प्रवर्तन करते हुए उप प्राचार्य हिंदी के सहायक आचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद के कृतित्व और व्यक्तित्व पर सम्यक प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में खुशी, आरती, पूजा तृतीय सेमेस्टर बीए, प्रीति यादव, सुनैना मौर्या, प्रियंका मौर्या, अलका मौर्या, सेमेस्टर प्रथम, श्रुति और वंदना मौर्या बीकॉम पंचम सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में आम आदमी विषय पर बृजेश सिंह पटेल, प्रेमचंद की मर्मस्पर्शी कथाएं विषय पर गीता देवी मौर्या, तुलसीदास का समन्वयवादी दृष्टिकोण पर मृत्युंजय नारायण भारद्वाज ने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। समाजशास्त्री डॉ. विमलेश कुमार त्रिपाठी ने दोनों महापुरुषों की जयंती के महत्व और उनके कृतित्व को उदाहरण देकर रेखांकित किया।

## हत्या के मामले में 5 गिरफ्तार

**आजमगढ़**। जिले के थाना महराजगंज पुलिस ने महाजी देवारा जदीद गांव में एक युवक की भाले से हुई हत्या के मामले का महज 24 घंटे में खुलासा कर, पुलिस ने इस घटना में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल एक भाला भी बरामद किया गया है। बीते 29 जुलाई को गांव निवासी माली देवी पत्नी मनिराम निषाद ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि उनके पति मनिराम (36 वर्ष) पर गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश और बिजली की कटिया को लेकर कहासुनी के दौरान अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी, डंडा, रॉड और भाले से प्रहार किए। भाले से लगी गंभीर चोट के कारण मनिराम की रास्ते में ही मृत्यु हो गई। माली देवी ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने पर उन्हें तथा चन्दन नामक युवक को भी मारा-पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई।



मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक केदारनाथ मौर्य द्वारा की जा रही है। बीती रात करीब 01:35 बजे सहदेवगंज-कुड़ही मार्ग पर चेकिंग के दौरान पाँच नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामबचन निषाद पुत्र राजबली, जगदीश निषाद पुत्र रामबचन, सतई निषाद पुत्र रामबचन, संदीप निषाद पुत्र रामबचन और योगेश निषाद पुत्र फौजदार निषाद निवासीगण महाजी देवारा जदीद, थाना महराजगंज, जनपद आजमगढ़ के निवासी हैं। वहीं, अर्जुन निषाद पुत्र हरिवंश निषाद नामक एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बिजली की कटिया को लेकर मनिराम से कहासुनी हो रही थी। इस दौरान मनिराम ने गाली-गलौज की, जिससे रामबचन निषाद गुस्से में आकर घर से भाला ले आया और डराने के लिए उसे आगे किया, जो सीधे मनिराम को लग गया। इसके बाद सतई ने भाला निकालने की कोशिश की, जिससे उसकी चोट और गहरी हो गई। इलाज के दौरान मनिराम की मृत्यु हो गई। अभियुक्तों का कहना है कि यह घटना जानबूझकर नहीं, बल्कि गलती से हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त भाला बरामद कर लिया है ।

# मनायी गयी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**जौनपुर**। ब्राह्मण चेतना मंच द्वारा गोस्वामी तुलसीदास की जयंती का आयोजन डॉ. रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी के संयोजन में राष्ट्रमंडल स्थित ब्राह्मण चेतना समिति के कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम को मानस मराल प्रोफेसर आरपी ओझा ने बड़े ही ढंग से प्रभु श्रीराम और सीता के प्रेम तत्व को सुनाया, उन्होंने मानस की महत्ता को विविध रूप से समझाकर कर कहा कि इस कलिकाल से पार जाने का सर्व सुलभ साधन श्रीरामचरितमानस है। कार्यक्रम के अध्यक्ष पं रामकृष्ण त्रिपाठी ने तुलसी के जीवन की आत्मकथा को विस्तार दिया और वर्षा ऋतु और रघुपति भगति की विषद व्याख्या किये। मुख्य अतिथि पं.श्रीपति उपाध्याय ने राम नाम का महत्त्व बताते हुए मानस के मार्मिक प्रसंगों की व्याख्या किये। विशिष्ट वक्ताओ में सभाजीत द्विवेदी श्प्रखरश ने मानस के महत्व को बताते हुए कहा कि ष्यह केवल काव्य सुख ही नहीं देता बल्कि जीवन संचालन की विधा बताता है।प्रोफेसर आर.एन.त्रिपाठी ने कहा कि, आज मानव नहीं बल्कि उसका मानस खराब यानी विकृत होता चला जा रहा है इसलिए अगर मानस को ठीक करना है तो घर-घर मे रामचरितमानस पढ़ी जानी चाहिये। कार्यक्रम में प्रभाकर त्रिपाठी, डॉ.राम अवध यादव, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संत प्रसाद राय, दयाशंकर राय, पं0 रामदयाल द्विवेदी, देवी सिंह, अश्वनी तिवारी, कौसल त्रिपाठी, गायत्री परिवार के कँकनेश सिंह, श्याम मोहन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## प्रेम विवाह के बाद पत्नी को रखने से किया इनकार

**जौनपुर**। जफराबाद थाना क्षेत्र के गांव के एक युवक व एक युवती ने डेढ़ महीने पूर्व प्रेम विवाह किया था। प्रेमी ने अचानक प्रेमिका को रखने से इंकार कर दिया।प्रेमिका की सूचना पर पुलिस ने प्रेमी तथा उसके परिवार को थाने बुलवाया। उक्त गांव की दलित बस्ती निवासी 21 वर्षीय विकास कुमार पुत्र जीत बहादुर का अपने गांव के ही अमन कुमारी पुत्री संतोष कुमार से प्रेम सम्बन्ध हो गया था।युवती के परिवार के लोगों ने उसे चन्दवक थाना क्षेत्र में स्थित उसकी ननिहाल में भेज दिया।उसके बावजूद दोनो का मिलना कम नही हुआ।लगभग डेढ़ माह पूर्व दोनो ने भागकर शादी कर लिया।लड़की के ननिहाल के लोगों ने चन्दवक थाने में घटना की तहरीर दिया।पुलिस ने दोनों प्रेमी प्रेमिका को पकड़कर थाने ले आयी।थाने में सुलह समझौते के बाद दोनो ने केराकत के एक मंदिर में शादी किया।शादी के बाद प्रेमी पत्नी के साथ गांव आया।वहां।कुछ दिन रहने के बाद पत्नी के साथ मुंबई चला गया।वहां जाकर दोनों में विवाद होने लगा।जिसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका को उसके मामा के पास दिल्ली भेज दिया।वहां से वह घर आ गयी।घर आकर काफी बवाल हुआ।उसे प्रेमी तथा उसके परिजन रखना ही नही चाहते थे। उसके बाद थाने में दोनो पक्षों में पंचायत हुई।उसके बाद प्रेमी तथा उसके परिजन प्रेमिका को घर लिवा गए।

## स्वच्छता पखवाड़े का किया गया शुभारंभ

**जौनपुर**। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वच्छता की भावना को समाज में सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पीएम श्री विद्यालय, अमरौना में वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छता पखवाड़ा तथा नामांकन अभियान का भव्य संयुक्त आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, उप जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव, और राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्रनाथ यादव उपस्थित रहे। जिले के सभी 21 विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारी भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन की सफलता में सहभागी बने। विद्यालय परिसर में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से छायादार व फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और संरक्षण की भावना को जाग्रत किया। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता रैली, नारे लेखन, एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुँचाया। अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। 10 नए बच्चों का नामांकन कराया गया। यह हर बच्चा स्कूल में, हर बच्चा पढ़े संकल्प की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रहा, जिससे अभिभावकों में शिक्षा के प्रति उत्साह देखने को मिला।

## यूनियन बैंक में आधार सेवा शुरू होने से खुशी

**बीजपुर/सोनभद्र**। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बीजपुर शाखा में गुरुवार से आधार सेवा शुरू कर दी गई है इस सेवा के शुरू होने से आसपास के हजारों ग्रामीण व मजदूरों को नया आधार कार्ड बनवाने व आधार कार्ड में किसी प्रकार के संशोधन में सहूलियत मिलेगी। विदित हो कि बीजपुर परिक्षेत्र में केवल स्थानीय डाकघर में ही आधार कार्ड से संबंधित कार्य किए जाते थे जिससे भीड़ ज्यादा होने से आम जनमानस को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था यूनियन बैंक की शाखा में नया आधार केंद्र खुलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है उनका कहना है कि आधारकार्ड से संबंधित कार्य के लिए अब भटकना नही पड़ेगा।इस बाबत यूनियन बैंक बीजपुर के शाखा प्रबंधक वसीम राव ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आम जनमानस की सहूलियत हेतु हमारी शाखा में नया आधार केंद्र खोला गया है जिसमें नया आधार कार्ड बनाने से लेकर आधार कार्ड में सभी प्रकार के संशोधन का कार्य किया जाएगा।

## पहले की अभद्रता फिर कार्यालय में बंधक बनाया

**जौनपुर**। जिले के कचहरी परिसर में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और मानवाधिकारों को शर्मसार करने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। गौ रेस्क्यू टीम के संस्थापक संदीप उस समय उत्पीड़न का शिकार हो गए, जब वे अपनी निजी भूमि से संबंधित अभिलेख प्राप्त करने के लिए राजस्व विभाग के एक कार्यालय में पहुंचे थे। पीड़ित संदीप ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने जमीन से जुड़ा आवश्यक दस्तावेज मांगा, तो राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने पहले उनके साथ अभद्रता की और उसके बाद उन्हें कार्यालय के अंदर बंद कर बाहर से ताला जड़ दिया। यह घटना लोगों के मोबाइल कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह एक जिम्मेदार कार्यालय में एक फरियादी के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस घटना ने कचहरी में सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संदीप का कहना है यह व्यवहार न केवल अमानवीय है बल्कि कानून की खुलेआम अवहेलना भी है। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से की है। पीड़ित ने दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल निलंबन और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी जब उच्चाधिकारियों को हुई तो उसे निकाला गया, पूरे मामले की जांच बैठा दी गई।

## माकू की बैठक में फर्जी आवेदन पर चर्चा

**मीरजापुर**। माकू यूनियन के नेताओं की एक बैठक यूनियन कैंप कार्यालय मुँहकुचवां, मीरजापुर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता राजेश कुमार दुबे एड और संचालन रामजतन प्रजापति ने की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजेश दुबे ने बताया कि श्रम कार्यालय से तालमेल बनाकर यूनियन मजदूरों के लिए बेहतर कार्य कर रही है और मजदूर को इसका फायदा भी मिल रहा है।यूनियन की तरफ से निर्माण श्रमिको के साथ कैम्पीग तथा तालमेल बनाकर उनके हितार्थ जानकारियां दी जा रही है जिसका श्रेय सभी सदस्यों को जाता है। यूनियन महामंत्री मंगल तिवारी ने कहा कि मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन के पंजीयन को एक वर्ष हो गया है वहीं संगठन को लगभग 20 माह होने को है इस दौरान आप सभी के सहयोग से बेहतर कार्य किए गए है। बैठक में कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद ने कार्यकारिणी के समक्ष जुलाई माह सहित लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और बताया कि सदस्य संजय तिवारी द्वारा दी गयी सहयोग धनराशि रू0 10 हजार उन्हे चेक के माध्यम से वापस किया गया है जो आज 31 जुलाई तक क्लीयरेंस नही हुआ है यह अगस्त माह में प्रदर्शित होगी। बैठक में माकू के कार्यकारिणी सदस्यों ने बारी-बारी से सभाध्यक्ष अपनी बात रखी। बताया गया कि तथाकथित दलालों के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नियमावली की शर्तों को पूर्ण न करने वाले कुछ श्रमिकों तथा गैर श्रमिकों को मिल रहा है जो गलत है, श्रीमती ममता देवी व अन्य के शिकायतों के आधार पर इस मामले में यूनियन की तरफ से पहल होनी चाहिए और जरूरी हो तो न्यायालय की शरण में जाना चाहिए ।

## आकाशीय बिजली से मौतें रोकने के लिए तत्काल लगे तड़ित चालक यंत्र

**म्योरपुर/सोनभद्र**। आकाशीय बिजली से बुधवार को म्योरपुर ब्लाक अंतर्गत खैराही गांव में घायल हुई 9 मनरेगा महिला मजदूरों से वृहस्पतिवार को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट का प्रतिनिधि मंडल मिला। प्रतिनिधि मंडल ने आकाशीय बिजली से मौतें रोकने के लिए तत्काल तड़ित चालक यंत्र लगवाने की मांग की है। एआईपीएफ के जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका और युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड म्योरपुर अस्पताल में भर्ती घायल महिलाओं से मुलाकात कर हाल जाना। घायल लीलावती, प्रमिला व लीला ने बताया कि आकाशीय बिजली लगने के बाद ग्राम प्रधान द्वारा बार-बार सरकारी एंबुलेंस बुलाने के बावजूद 108 की एंबुलेंस सेवा नहीं आई।.किसी तरह से निजी गाड़ी में लादकर प्रधान द्वारा लोगों को म्योरपुर अस्पताल पहुंचाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने इस पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। बड़े-बड़े दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर 108 एंबुलेंस सेवा ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रही है। एआईपीएफ नेताओं ने कहा कि सरकार से कई बार अनुरोध किया गया कि दुध्दी तहसील में बड़े पैमाने पर आकाशीय बिजली से लोगों की हर वर्ष मौतें होती हैं। इसलिए यहां तड़ित चालक यंत्र लगाया जाना चाहिए।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मड़िहान/मीरजापुर**।थाना क्षेत्र मड़िहान के रैकरा गांव निवासी 22 वर्षीय बाबू नंदन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रैकरा गांव निवासी बाबूनंदन बृहस्पतिवार की दोपहर पत्नी सरिता के साथ घर पर था। दोपहर मृतक के बड़े भाई के पुत्र शोर मचाने के साथ चचेरे भाई राजू को बाबूनंदन के तबियत खराब होने की सूचना दिए। जानकारी मिलते ही घर पहुंचे चचेरे भाई ने घर के अंदर जमीन पर बाबूनंदन को औंधे मुंह जमीन पर गिरा देखा। राजू ने अपने पड़ोसी युवक को बुलाकर बाइक से लेकर गांव स्थित चिकित्सालय ले गए हालत गंभीर होने के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान लेकर आए जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक




**सोनभद्र**। डीएम बीएन सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा।

फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायें, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में रंगाई-पोताई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये, विभिन्न स्लोगन की वाल राईटिंग भी करायी जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जायें, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गौशालाओं का नियमित भ्रमण किया जाये, श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का पंजीकरण कैम्प लगाकर प्राथमिकता के आधार पर किया जाये और जनमानस में श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि अधिक से अधिक संख्या मे श्रमिक श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल देव पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह भदौरियां सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# 160 लाख की स्वीकृति, होंगे कई विकास कार्य

**आजमगढ़**। डीएम रविन्द्र कुमार ने बताया कि उप्र शासन द्वारा जनपद आजमगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के क्रिटिकल गैप्स की पूर्ति हेतु क्रमशः रूपए एक करोड़ साठ लाख मात्र एवं रु 40 लाख से पूँजीगत विकास कार्यों हेतु धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि जिसके सापेक्ष दिए गए निर्देश के क्रम में वर्ष 2025-26 के लिए अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, आजमगढ़ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र हेतु 18 परियोजनाओं हेतु आगणन उपलब्ध कराया गया है।

डीएम ने बताया कि जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी तरवां में सड़क से विद्यालय में प्रवेश हेतु इन्टरलाकिंग कार्य और पानी निकास हेतु नाली का निर्माण (विख तरवां) हेतु रु. 880000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी पल्हनी में पटिया सहित नाली निर्माण कार्य (विख पल्हनी) हेतु रु. 408000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी महराजगंज में नाली निर्माण (विख महराजगंज) हेतु 596000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी जहानागंज मुख्य गेट से विद्यालय तक इण्टरलाकिंग कार्य, पानी निकासी हेतु पटिया सहित नाली निर्माण कार्य (विख जहानागंज) हेतु रु 470000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी हरैया में जल निकासी के व्यवस्था हेतु नवीन नाली निर्माण एवं मेन रोड से मुख्य भवन तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य (वि०ख० हरैया) हेतु रु. 528000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी बिलरियागंज में कैम्पस में आवागमन हेतु इण्टरलाकिंग एवं नवीन फर्श का निर्माण हेतु रु 639000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी अतरौलिया में कम्प्युटर कक्ष का निर्माण और परिसर में एक हाईमास्ट लाईट की स्थापना (विख अतरौलिया) कार्य हेतु रु. 975000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी पल्हना में नवीन फर्श एवं जल निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य हेतु रु. 474000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी अहिरौला में पटिया सहित नाली निर्माण कार्य (विख अहिरौला) हेतु रु. 372000, जनपद आजमगढ़ के केजीबीवी लालगंज में हाईमास्ट लाईट की स्थापना का कार्य 12.50 मी० (वि०ख० लालगंज) हेतु 516000, आजमगढ़ के केजीबीवी मेंहनगर में नाली/ मल्टीपरपज हैंडवास व प्रांगण में आवागमन हेतु इण्टरलाकिंग निर्माण (विख मेंहनगर) हेतु रु. 773000, आजमगढ़ के केजीबीवी ठेकमा में प्रांगण में जल निकासी हेतु नाली निर्माण को 947000, आजमगढ़ के केजीबीवी मुहम्मदपुर में प्रांगण में हाईमास्ट लाइट व मल्टीपरपज हैण्डवास का निर्माण कार्य (वि०ख० मुहम्मदपुर) हेतु रू0 528000, जनपद आजमगढ़ के के०जी०बी०वी० रानी की सराय के प्रांगण में आवागमन हेतु इण्टरलाकिंग कार्य एवं जल निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य (वि०ख० रानी की सराय) हेतु रू0 532000, जनपद आजमगढ़ के के०जी०बी०वी० सठियांव में इण्टरलाकिंग, हाईमास्ट लाइट एवं खुली नाली का ढक्कन निर्माण (वि०ख० सठियांव) हेतु रू0 995000, जनपद आजमगढ़ के के०जी०बी०वी० कोयलसा में मुख्य गेट से विद्यालय भवन तक इण्टरलाकिंग कार्य और प्रांगण में हाईमास्ट लाईट की स्थापना (वि०ख० कोयलसा) हेतु रू0 997000, ग्राम चन्देवरा ब्लाक लालगंज में श्रीराम पलट गुप्ता के खेत के पास चैराहे पर हाईमास्ट लाईट 12.50 मी0 की स्थापना (वि०ख० लालगंज) हेतु 516000 एवं जनपद आजमगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय जीयनपुर में खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य हेतु रू0 4854000 स्वीकृत किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की एक परियोजना हेतु अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, आजमगढ़ को कुल आकलित लागत रू0 111.46 लाख (रुपए एक करोड़ ग्यारह लाख छियालीस हजार मात्र) की एकमुश्त धनराशि क्रिटिकल गैप्स विकास योजनांतर्गत इस प्रतिबन्ध एवं शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है कि 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के साथ उपभोग प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, कराये गये कार्य के गुणवत्तापूर्ण होने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति की जांच आख्या, माप पुस्तिका की छाया प्रति तथा कार्य स्थल के कलर्ड फोटोग्राफ्स के साथ जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करने के पश्चात डीएम के अनुमोदनोपरान्त ही अवशेष 50 प्रतिशत धनराशि का उपभोग किया जायेगा। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा नामित कार्यदायी संस्था अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, आजमगढ़ को उक्त ग्रामीण क्षेत्र के कार्य के निर्माण हेतु कुल धनराशि रूपए 111.46 लाख (रुपए एक करोड़ ग्यारह लाख छियालीस हजार मात्र) को अवमुक्त किये जाने के उपरान्त ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी धनराशि अवशेष नहीं रह जायेगी एवं शहरी क्षेत्र में 40 लाख की राशि अवशेष रह जायेगी।

## जुलाई में एनसीएल से 78 कर्मी सेवानिवृत्त

**सोनभद्र**। गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से 10 अधिकारी और 68 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से मुख्य प्रबन्धक (सिविल) अमरनाथ राम, वरीय निजी सहायक (भू सम्पदा विभाग), बिरेन्द्र सिंह बिष्ट, सुपरवाइजर (टेलिकॉम ई एंड टी), श्याम लाल पाल, पंप ऑपरेटर (नगर प्रशासन), बनारसी प्रसाद बसोर एवं पंप ऑपरेटर (नगर प्रशासन), हजारी सेवानिवृत्त हुए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बी. साईराम, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) सुनील प्रसाद सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी. साईराम ने सेवानिवृत्त कर्मियों को कंपनी की उरोत्तर प्रगति में योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों की पूर्ति को अपूर्णीय बताते हुए उनके आगामी मंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल के विकास में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अतुलनीय योगदान की सराहना की एवं उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन हेतु शुभकामनाएँ दीं। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े संस्मरण एवं विचार व्यक्त किए। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

# हिण्डालको ने छात्रों में निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री बांटी

**रेणुकूट/सोनभद्र**। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा हिण्डाल्को रेणुकूट के क्लस्टर हेड समीर नायक एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शन में तथा सीएसआर प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में आदित्य बाल विद्या मंदिर ग्राम गुलाल झरिया व सुपाचुआ में शैक्षणिक सामग्री किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों विद्यालयों के कुल 354 विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री किट जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, किताबें, नोटबुक, लंच बॉक्स, पानी बोतल और छाता शामिल है, वितरित किया गया। गौरतलब है कि उक्त गांवों मे हिण्डाल्को सीएसआर के तहत संचालित आदित्य बाल विद्या मंदिर निःशुल्क विद्यालय है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके क्षेत्र में वंचित समुदाय के शिक्षा विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं।



हिण्डाल्को सीएसआर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री किट प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये। आदित्य बाल विद्या मंदिर गुलाल झरिया में आयोजित कार्यक्रम में जिपं सदस्य जुबैर आलम के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री बांटी गयी जिसमें धर्मेन्द्र पॉल पूर्व प्रधान ग्राम झारोखुर्द, पंचायत संदस्य, मुख्य ब्लॉक संयोजक हरिहर प्रसाद यादव, ब्लॉक संयोजक विश्वनाथ कुशवाहा, क्लस्टर संयोजक लक्ष्मण प्रसाद, प्रधानाचार्य सत्य नारायण, शिक्षकगण एवं पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शामिल हिण्डाल्को के टाउन एडमिनिस्ट्रेशन हेड राजेश तिवारी ने कार्यक्रम में अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा विद्यालय में मन लगाकर पढ़ें एवं इस विद्यालय से उत्तीर्ण होकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने भविष्य का निर्माण करें। सीएसआर विभाग प्रमुख अनिल झा ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कक्षा में विद्यार्थी शिक्षकों से पाठ्यक्रम से संबंधित अधिक से अधिक प्रश्न कर विषय से संबंधित अपना ज्ञानवर्धन करें। वहीं हिण्डाल्को सीएसआर क्षेत्र प्रमुख रमाकांत शर्मा ने कहा आदित्य बाल विद्या मंदिर, शैक्षणिक गुणवत्ता को समर्पित एवं क्षेत्र में प्रसिद्ध निःशुल्क प्राथमिक विद्यालय है। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रदत्त पठन सामग्री का समुचित उपयोग करें तथा मेहनत कर अपने साथ, विद्यालय, गाँव तथा माता-पिता का नाम रोशन करें। आदित्य बाल विद्या मंदिर ग्राम सुपाचुआ में आयोजित कार्यक्रम में कुल 214 विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री बांटी गयी। ग्राम सुपाचुआ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान सुपाचुआ राम नारायण, हिंडाल्को सीएसआर से मुख्य ब्लॉक संयोजक कृष्ण कुमार, प्रधानाचार्य फूल चन्द्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जिला एकीकरण समिति की बैठक आज

*देवरिया 31 जुलाई।* मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला एकीकरण समिति की बैठक का आयोजन 1 अगस्त को पूर्वाह्न 12 बजे गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र तिवारी द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में समिति से संबंधित जनपद के सदस्यों द्वारा स्थानीय समाज में आपसी एकता की भावना को सुदृढ़ करने, साम्प्रदायिक सौहार्द और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने से संबंधित विषयों पर सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे तथा उनके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करें।

# डीएम ने की 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मासिक प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पी0डब्ल्यू0डी0, यूपी पीसीएल, सी एंड डीएस, यूपी सी एल0डी0एफ0, यूपी आर एन एस

**● जनपद में 28 परियोजनाएं हुई हस्तानांतरित एवं 19 परियोजनाएं पूर्ण**

एस, द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई।

बैठक दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से जानकारी लेने उपरांत बताया कि जनपद में कुल 1412.80 करोड़ की 91 परियोजनाओं में रुपए 354. 59 करोड़ की 28 परियोजनाएं पूर्ण एवं कार्यदाई संस्था द्वारा विभागों को हस्तांतरित कर दिया गया है इसमें 26 परियोजनाओं का लोकार्पण नहीं हुआ है जिसके अंतर्गत उन्होंने सभी संबंधित को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इसके लोकार्पण की तैयारी रखी जाए। उन्होंने बताया कि रुपए 82.56 करोड़ लागत की 19 परियोजनायें पूर्ण है परंतु हस्तांतरित नहीं हुई है जिसे 25 अगस्त 2025 तक हस्तांतरित करने के निर्देश सभी संबंधित को दिए इसके अतिरिक्त अन्य सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने हैंडओवर नहीं होने वाले एवं परियोजना पूर्ण कर लिए जाने वाले कार्यों के विवरण के क्रम में बताया कि फाजिलनगर जौरा बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ,बुद्ध थीम पार्क का निर्माण एवं सौंदरीकरण, फाजिलनगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर, पाव नगर के पर्यटन विकास कार्य, कप्तानगंज स्थित जगदीशपुर धर्मदानी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में छात्रावास निर्माण, तहसील कसया में अग्नि सामान केंद्र का आवासीय भवनों का निर्माण, हाटा में अग्निशमन केंद्र के आवासीय अनवासीय भवन का निर्माण कार्य, पुलिस लाइन में 100 पुरुष कर्मियों हेतु बैरक का निर्माण कार्य, पुलिस लाइन में 100 महिला




कर्मी हेतु बैरक का निर्माण कार्य, पुलिस लाइन में उप निरीक्षक हेतु श्रेणी ए के चार नग आवास का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सालय रामकोला का निर्माण कार्य, एवं पशु चिकित्सालय तुर्कपट्टी, बिशनपुरा, कप्तानगंज, का निर्माण कार्य, पडरौना के ग्ग्राम कट्या स्थित दुर्गा मंदिर के विकास कार्य, पुरुष लाइन में पुरुषों हेतु 100 क्षमता की हॉस्टल /बैरक के निर्माण कार्य एवं राजकीय पॉलिटेक्निक मुजहना हाटा में कैफेटेरिया सेमिनार हॉल का निर्माण कार्य, राम जानकी मठ भूमि पर सार्वजनिक रामलीला मैदान में बाउंड्री वॉल एवं अन्य निर्माण कार्य, जनपद में 50 बेड क्रिटिकल केयर सेंटर भवन के निर्माण कार्य, खड्डा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावास भवन के निर्माण कार्य सम्मिलित हैं, जो पूर्ण कर लिए गए हैं ।समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने अन्य कार्यों के लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति जानी व कार्य प्रगति को बढ़ाए जाने एवं लंबित कार्य और अवशेष कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिए जाने का निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन मौर्य, अधि0 अभि0 पीडब्ल्यू डी निर्माण खंड/प्रांतीय खंड, अधिशासी अभियंता नलकूप सिंचाई, जल निगम,व सभी कार्यदाई संस्थाओं के एक्स इएन सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने किया सीएचसी कुबेरनाथ सहित योजनाओं का निरक्षण



**कुशीनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सीडीओ गुंजन द्विवेदी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र कुशवाहा के साथ सीएचसी कुबेरनाथ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्ड, दवा काउंटर, ओपीडी पर्ची काउंटर, प्रयोगशाला कक्ष, बीपीएम कक्ष, ईटीसी वार्ड आदि का निरीक्षण किया ।सीएचसी निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री ने उपस्थित रजिस्टर का निरीक्षण किया। इसके बाद वे महिला वार्ड में ड्यूटी पर तैनात महिला स्वास्थकर्मियों से अस्पताल में भर्ती प्रसूता मरीजों के सम्बंध जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के लिए उपलब्ध बेड, ई टीसी वार्ड की जानकारी ली और विभिन्न वार्ड, दवा काउंटर व दवाओं की उपलब्धता से सम्बंधित स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण किया। साथ ही ओपीडी पर्ची काउंटर, शीत श्रृंखला कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को अस्पताल परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर धीरज सिंह डाक्टर एसपी गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मंत्री द्वारा हर घर जल, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरवाकला पडरौना कुशीनगर में निर्मित पानी की टंकी का किए निरीक्षण ।उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर कार्यदाई संस्था व संबंधित अधिकारियों को ग्राम पंचायत में बिछाई गयी पाईप लाईन एवं सड़कों की मरम्मत, नल कनेक्शन आदि के विषय में जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पिकअप ने ई- रिक्शा में मारी टक्कर चालक की मौत, चार घायल

**देवरिया ।** बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरवाडीह के पास देवरिया -बैकुंठपुर मार्ग पर आज सुबह हुए सड़क हादसे में पशुओं से लदी तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से ई रिक्शा और साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी ।जोरदार टक्कर के बाद पिकअप पलट कर नाले में गिर गई जिससे उसमे लदी एक गाय मौके पर ही मर गई और ई रिक्शा पलटने से चालक राम ज्ञानी प्रजापति( 55 )निवासी बरवाडीह की मौके पर ही मौत हो गई और ई रिक्शा पर सवार तीन शिक्षकों सहित साइकिल सवार गम्भीररूप से घायल हो गए ।घायलों को देवरिया मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों में शिक्षिका माधुरी तिवारी ,मीनाक्षी श्रीवास्तव, रायडा परवीन और सायकिल स्वर रविंद्र कुशवाह निवासी छठियांव शामिल है ।घटना की सूचना मिलने अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह सीईओ सलेमपुर मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया ।उधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पशु तस्करी को नही रोकने से आये दिन इस सड़क पर सड़क दुर्घटनाये होने का आरोप लगाकर सड़क पर जाम लगा दिया । ग्रामीणों ने करीब 2 घंटे तक देवरिया बैकुंठपुर मार्ग को बरवाडीह के पास जाम कर दिया ।काफी मां मौवल्प के बाद जाम समाप्त कराया जा सका ।ग्रामीणों का आरोप है की पशु तस्कर इसी मार्ग से बैकुंठपुर ,माधवापुर ,फतेहपुर सल्लहपुर महरांव होते पशुओं को बिहार ले जाते हैं ।

# मैकेनाइज्ड स्वैपिंग मशीन से होगी नगर पालिका कुशीनगर की सफाई




**कसया, कुशीनगर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगरपालिका परिषद कुशीनगर को सुंदर और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नपा प्रशासन द्वारा 15 वें वित्त आयोग के अनुदान से मंगाए गए मैकेनाइज्ड स्वैपिंग मशीन का नपाप अध्यक्ष किरन जायसवाल और ईओ अंकिता शुक्ला ने लोकार्पण किया ।गुरुवार को नपा कुशीनगर अंतर्गत गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में मैकेनाइज्ड स्वैपिंग मशीन का विधिवत पूजन अर्चन के साथ लोकार्पण नपाप अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल और ईओ अंकिता शुक्ला ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में नपा अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल ने कहा कि इस मशीन से नगर की साफ सफाई होगी। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य नगर का सपना पूरा होगा। ईओ अंकिता शुक्ला ने कहा कि स्वैपिंग मशीन से नगर और वार्डो को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन नगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण तिवारी ने कहा कि इस मशीन से सड़कों, डिवाइडर, हाइवे की सड़कों, मंदिर परिसर, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, कचरा निष्पादन का कार्य होगा। इस दौरान सभासद राजेश मद्धेशिया, शबीर अली, पीएन सिंह, मिथिलेश शर्मा, सूर्यनाथ यादव, विजेंद्र प्रताप सिंह, अमेरिकन सिंह, गिरिजेश सिंह, अजेंद्र सिंह, प्रधान लिपिक राजेश कुमार श्रीवास्तव, उग्रसेन, संजय प्रकाश, हरेंद्र यादव, समरजीत, साकेत गोविंद राव, विजय कुमार यादव, कामोद पाण्डेय, अजय द्विवेदी, मुद्रिका यादव, राकेश रावत, राजन पाण्डेय सहित सभासद और नगर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्य मंत्री ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व राज्य मंत्री जावेद इकबाल ने गुरुवार को पडरौना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शोक संतप्त परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। अपने भ्रमण की शुरूआत ग्राम पंचायत बंगाली पट्टी टिकुलिया से की, जहां उन्होंने गांव के सम्मानित नागरिक कासिम अंसारी और हाजी रोजमुहमद के आवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना और गांव की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने जनाब असगर अली की सुपुत्री के असमय निधन की सूचना पर उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इसी गांव में मौलाना कमाल अख्तर के नन्हे पुत्र के निधन पर उनके घर भी पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। इसके उपरांत श्री इकबाल ने पचरुखिया, खिरकिया, बसहिया सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों का भी



दौरा किया, आमजन से मिलकर उनकी मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने सड़कों की खराब स्थिति, शिक्षा व्यवस्था में कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और पेयजल संकट जैसे कई मुद्दे उनके सामने रखे। श्री इकबाल के साथ सपा के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कहा कि सपा की प्राथमिकता सदैव आम जनता की भलाई रही है। जनता की हर समस्या उनकी अपनी समस्या है, और वे लगातार क्षेत्रीय दौरे कर जनता की आवाज शासन -प्रशासन तक पहुंचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में परिवारों के साथ खड़ा रहना इंसानियत का धर्म है, और समाजवादी पार्टी इस भावना को पूरी निष्ठा से निभाती है। इस दौरान तज्जमुल हुसैन, डॉ शफीक अंसारी,पूर्व प्रधान नियाजुद्दीन अंसारी, तबारक अली, अनवर मौलवी, डॉ. फरमान अहमद, गुलमुहम्मद अंसारी, अबरार अंसारी, शकील अहमद,समसुद्दीन अंसारी, हैदर मौलाना, आरिफ अंसारी, मौलाना कमाल अख्तर, क्षेत्र पंचायत सदस्य फिरोज अहमद, अलनवी, फिरोज अंसारी, फुरकान अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## एसएसबीएल का छात्र इंस्पायर्ड अवार्ड योजना में चयनित

**देवरिया ।** भारत सरकार द्वारा आयोजित इंसपायर्ड अवार्ड योजना के तहत दसवीं के छात्र अभय सिंह चयनित किये गए हैं ।एसएसबीएल इंटर कालेज के विद्यार्थी को भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप न सिर्फ.प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है बल्कि उसे भविष्य की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति भी उपलब्ध कराई जा रही है ।गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अभय सिंह को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य डा. अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। परिणाम प्राप्त करने के लिए छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करके स्वयं को उसके प्रति समर्पित करना चाहिए। अभय सिंह के इस प्रयास की हम सराहना करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर उन्हें अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिह्न भेंट किया गया । इस अवसर पर अशोक कुमार चौहान, अनिल मिश्र, अजय पांडेय, गुलाब चौरसिया, संजीव पाठक, संतोष राय, संजयानंद पाण्डेय आदि मौजूद रहे ।

## डाकघरों में आईटी 2.0 एप्लिकेशन का रोलआउट, 2 अगस्त को सेवाएं रहेंगी बन्द

**देवरिया।** डाक विभाग ( संचार मंत्रालय, भारत सरकार ) के अधीन देवरिया मंडल में आईटी 2.0 ( अढळ - एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी ) एप्लिकेशन का रोलआउट किया जा रहा है। यह डिजिटल प्रणाली 4 अगस्त से देवरिया और पडरौना के प्रधान डाकघरों समेत उनके अधीन आने वाले सभी डाकघरों में लागू होगी। अधीक्षक डाकघर, देवरिया मंडल ( डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार ) अजय पांडेय ने बताया कि इस तकनीकी परिवर्तन के तहत डाक सेवाओं को स्मार्ट, तेज और नागरिकों के अनुकूल बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी सेवाएं – जैसे कि काउंटर सेवा, पार्सल, बचत योजना, डाक बीमा, जन शिकायत प्रणाली आदि – एक उन्नत डिजिटल प्लेटफार्म पर संचालित होंगी।

## डीएम ने किया शहीद द्वार का अवलोकन, वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

बरहज,देवरिया। 1857 की पहली स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में भावपूर्ण आयोजन तहसील बरहज के ग्राम पैना में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ऐतिहासिक शहीद द्वार का अवलोकन किया और वीर सपूतों एवं सती माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और देशभक्ति को नमन किए शहीद स्मारक पर पहुँचकर जिलाधिकारी ने गहन भावनाओं के साथ पुष्प अर्पित किया। स्मारक स्थल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित होते हुए इसे गौरव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ह्यग्राम पैना की यह पावन भूमि न सिर्फ देवरिया जनपद, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। 1857 की क्रांति में यहां के वीरों ने स्वाधीनता के लिए जिस साहस और बलिदान का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य प्रेरणा है। ह्यशहीद द्वारह्न उन बलिदानों की गवाही देता एक सजीव प्रतीक है, जो हमें सदैव अपने कर्तव्यों और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की याद दिलाता रहेगा जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार केवल सरकार या प्रशासन का दायित्व नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह इन धरोहरों की रक्षा में योगदान दे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं से आह्वान किया कि वे इस स्मारक की पवित्रता बनाए रखें और इसे प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित करें कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, उपजिलाधिकारी बिपिन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी बरहज अंशुमान श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने शहीद द्वार पर माल्यार्पण कर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# 11 ब्लॉकों में 10, अगस्त से चलेगा फाइलेरिया से बचाव अभियान

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी 10, अगस्त, 2025 से 28, अगस्त तक जनपद में फाइलेरिया ( हाथी पाँव ) से बचाव के लिए प्रस्तावित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान हेतु प्रथम जनपद स्तरीय बैठक हुई।

एमडीए अभियान इस वर्ष जनपद के 11 ब्लाकों रामकोला, कप्तानगंज, मोतीचक, दुदही, नेबुआ नौरंगिया, खड्डा, कुबेरस्थान, विशुनपुरा, सेवरही, तमकुही एवं अरबन पडरौना ) में संचालित किया जायेगा जिसमें आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर आयु वर्ग के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा (डीईसी एवं एलबेन्डाजाल) अपने सामने खिलायेगी। इस बार लगभग 31 लाख जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिस हेतु कुल-2847 टीमें बनायी गयी है। फाइलेरिया एक मच्छर जनित लाईलाज बीमारी है, जिसकी रोकथाम ही इस बीमारी से एक मात्र बचाव है। लगातार 5 वर्षों तक साल भर में एक बार दवा खाने से स्वस्थ व्यक्ति में फाइलेरिया होने की सम्भावना खत्म हो जाती है। (गर्भवती माताओं व एक साल से कम उम्र के बच्चों एवं गम्भीर रुप से बीमार लोगों को यह दवा नही-खिलायी जायेगी।) इस लिए आशा कार्यकत्रियों को ब्लाक के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं बीसीपीएम द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। दवा सेवन के बाद चक्कर आना, जी मिचलाना जैसी समस्या हो सकती है, लेकिन यह चिन्ता का विषय नहीं है, जिसके शरीर में माइको फाइलेरिया के कृमि होते है जब यह व्यक्ति फाइलेरिया रोधी दवा खाते है तो इस कृमियों के मरने के कारण यह लक्षण दिखायी देते है। एमडीए अभियान में सहयोगी विभाग के रुप में (बेसिक शिक्षा विभाग / माध्यमिक शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास / पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश आजिविका मिशन, बाल विकास पुष्टाहार विभाग (आई०सी०डी०एस०), खाद्य एवं रसद विभाग, एन०एस०एस० एन०सी०सी० भारत स्काउड एवं गाईड सूचना विभाग, नगर विकास विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) अपना सहयोग प्रदान करेगें। (फाइलेरिया रोधी दवा खाते समय इस बात का ध्यान रखें कि यह दवा खाली पेट नही खानी है।) इस वर्ष लक्षित आबादी को शत-प्रतिशत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराना हमारा मुख्य लक्ष्य है ताकि भारत सरकार द्वारा घोषित वर्ष-2027 तक फाइलेरिया उन्नमूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकें।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को मिल रही सुविधाएं और साफ-सफाई की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। संयुक्त रूप से जेल परिसर का भ्रमण करते हुए दोनों अधिकारियों ने वहां रह रहे बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं।

निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नहीं पाई गई, जिससे जेल प्रशासन की सजगता स्पष्ट हुई। जिलाधिकारी ने पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने जेल अस्पताल की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता और ओपीडी सेवाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी बंदी को चिकित्सा सुविधा में किसी तरह की दिक्कत न हो पाकशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता जांची और यह सुनिश्चित करने को कहा कि बंदियों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन ही उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे भी जांचे गए, जो पूरी तरह क्रियाशील पाए गए। जिलाधिकारी ने जेल अनुसार बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की और व्यवस्था को संतोषजनक बताया।

## अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50,हजार तक का अनुदान*

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) एवं पदेन जिला प्रबंधक, उत्तर प्रदेश अनुगम राम जनम ने जानकारी दी है कि केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना ₹प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय)₹ के अंतर्गत संचालित ग्रांट-इन-एड योजना के माध्यम से जनपद के अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक लाभार्थी कम से कम तीन व्यक्तियों के समूह अथवा क्लस्टर के रूप में स्वरोजगार इकाई स्थापित कर सकते हैं। उन्हें उनके व्यवसाय के अनुरूप निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रति लाभार्थी ?50,हजार अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) की राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना लागत का पांच प्रतिशत भाग लाभार्थी को अंशदान के रूप में वहन करना होगा जबकि शेष राशि बैंक ऋण के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के अंतर्गत बुटीक व्यवसाय आधारित क्लस्टर, ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आधारित क्लस्टर, क्लस्टर आधारित सोलर पैनल इन्स्टलैशन टेक्नरीशियन, लाजिस्टिक वाहन चालक क्लस्टर आधारित प्रोजेक्ट, की आस्क/किराना दुकान/जनरल स्टोर क्लस्टर बेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, सर्विस क्लस्टर आधारित फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर, आटो रिक्शा/ई-रिक्शा चालक सर्विस क्लस्टर बेस्ड प्रोजेक्ट, समूह आधारित मुर्गी पालन व्यवसाय, समूह आधारित डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्टिंग व्यवसाय, समूह आधारित बकरी पालन व्यवसाय, क्लस्टर आधारित समूह में निर्माण कार्य. करने हेतु मल्टी-स्किल्ड रिसोर्स बनाने हेतु, महिला गृह उद्योग आदि हेतु, क्लस्टर आधारित जन सुविधा केन्द्र का कार्य करने हेतु इकाइयां स्थापित की जा सकती है योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी अनुसूचित जाति का व्यक्ति एवं जनपद का निवासी हो। लाभार्थी की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हो। लाभार्थी का परियोजना की जरूरतानुसार साक्षर होना अनिवार्य है। लाभार्थी क्लस्टर एवं समूह के रूप में कार्य करने का इच्छुक हो। लाभार्थी पूर्व में निगम द्वारा संचालित योजनाओं का बकायेदार न हो तथा ओटीएस के माध्यम से ऋण अदायगी न की गयी हो। लाभार्थियों के चयन में आय की कोई सीमा निर्धारित नहीं है, किन्तु रू0 2.50 लाख (ढाई लाख रुपए) वार्षिक आय वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। लाभार्थी का सिविल स्कोर अच्छा होना चाहिए। लाभार्थी पोर्टल अजय-उद्यमी के माध्यम से ऑनलाइन व आफ-लाइन कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। सी०जी०टी०एम०एस०ई० कवर फीस लाभार्थी द्वारा वहन की जाएगी।

# तुलसी महान मन वाले महामानव थेः महंत आंजनेय दास

**देवरिया ।** नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा तुलसी जयन्ती के पावन पर्व पर प्रातः 8.बजे रामचरित मानस जैसे महान ग्रन्थ की रचना करने वाले महाकवि भक्त चूड़ामणि तुलसीदास जी का एवं रामचरित मानस ग्रन्थ का पूजन अर्चन हुआ और मानस के सुन्दर काण्ड तथा हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। पूजन में विद्याधर्म संजीवन संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य गण ने आचार्य की भूमिका निभाई। यजमान की भूमिका में कार्यक्रम के संयोजक प्रसिद्ध समाजसेवी व्यापारी श्री विजय

**● तुलसी जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम**

प्रसाद जी रहे। अपराह्न में मां शारदा तथा तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्य समारोह प्रारम्भ हुआ जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर वशिष्ठ 'अनूप' , अध्यक्ष, हिन्दी विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी तथा विशिष्ट अतिथि स्वामी आन्जनेय दास जी महराज, पीठाधीश्वर अनंत आश्रम बरहज, देवरिया रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि स्वामी आन्जनेय दास जी ने कहा तुलसीदास ने राम के ऐसे मन को देखा जो सीता के सीवाय दूसरी स्त्री का ध्यान नहीं करता, परशुराम के कठोर वचन सुनकर भी शान्त रहता है सत्ता की लालसा नहीं रखता। तुलसी महान मन वाले हैं और इसीलिए वे महात्मा हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति को संयोने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि के रुप में वक्तव्य देते हुए प्रोफेसर वशिष्ठ अनूप ने कहा तुलसी का जीवन हमें अभाव में जीने की कला सिखाता है। एक व्यक्ति नीचे से उठकर अति ऊपर कैसे जा सकता है यह मार्ग तुलसी का जीवन बताता है। तुलसी दास अपनी परिस्थितियों से हतोत्साहित नहीं हुए और न ही हार मानी उन्होंने अध्ययन किया और नये ढंग से अपने जीवन की शुरूआत की और विश्व पटल पर छा गये। तुलसी को शास्त्र से अधिक लोक ने पढ़ाया इसीलिए तुलसी शास्त्र से अधिक लोक की चिन्ता करते हैं। तुलसी को इसलिए पढना चाहिए ताकि उस समय की जानकारी हो सके। इतिहास सच नहीं बोलता, सच साहित्य बोलता है। आगे अनूप जी ने प्रेमचंद पर चर्चा करते हुए कहा प्रेमचंद ने साहित्य को यथार्थ की जमीन से जोड़ा और नायकत्व को राजदरबार से निकाल कर किसान के घर में स्थापित किया। उन्होंने साहित्य में सौन्दर्य के मानदंड को बदला। प्रेमचन्द ने सौन्दर्य को खेतों में काम कर रहे किसानों और मजदूरिनों के पसीने में सौन्दर्य देखा और यही उनको महान साहित्यकार बनाता है।

इसके पूर्व इन्द्र कुमार दीक्षित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सरोज कुमार पाण्डेय ने मैं वेदव्यास तो नहीं न कालिदास हूं, दशरथ के सुत का दास हूं मैं तुलसीदास हूं कविता से तुलसी को प्रणाम निवेदित किया। सौदागर सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा आप हमारे अपने हैं। आपका समय अमूल्य है मेरे सभा को समय देकर मुझे अपना ऋणी बना लिया। मैं आप सबका हृदय से स्वागत व अभिनन्दन करता हूं। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने कहा रामचरित के सुन्दर काण्ड की कुछ चौपाइयों की काफी छिछालेदर की गई जिधर विद्वानों का ध्यान नहीं जाता जबकि सच्चाई अलग है। वह युग की प्रतिध्वनि है। जिसका अलग अर्थ है। समारोह के संयोजक विजय प्रसाद जी ने कहा भारतीय संस्कृति के उन्नायक महात्मा तुलसी दास जी को मैं प्रणाम करता हूं। आप सब ने जो समय मुझे दिया उसके लिए बहुत बहुत आभार। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अभय कुमार द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय अधिवक्ता, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, दिनेश कुमार त्रिपाठी, दुर्गा पाण्डेय, डॉ शकुन्तला दीक्षित, बृद्धिचन्द्र विश्वकर्मा, रवीन्द्र नाथ तिवारी, डॉ मधुसूदन मिश्र, डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी, कौशल किशोर मिश्र, ब्रजेश पाण्डेय प्रबन्धक, रविप्रकाश मिश्र, रजनीश मोहन गोरे, अंजलि अरोड़ा खुशबू, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, ऋषिकेश मिश्र, चक्रपाणि ओझा, सुभाष राय, संजय राव , हिमांशु कुमार सिंह, भृगुदेव मिश्र, त्रिभुवन नारायण मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, राम निवास पाण्डेय, अक्षयवर तिवारी, वरुण पाण्डेय, वासुदेव वर्मा, विशाल मिश्र, शुभंम त्रिपाठी, हरेराम दीक्षित, रविकांत मणि, डा. निखिलेश मिश्र, डा. अमूल्य रत्न तिवारी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## तरयासुजान एवं बोदरवार को नगर पंचायत बनाये जाने व कप्तानगंज होगा सीमा विस्तार

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा ए अतितरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग के साथ डॉ० असीम कुमार, विधायक तमकुहीराज, के पत्र दिनांक-02.02.2024 के क्रम में नगर पंचायत गठन संबंधी शासनादेश में निर्धारित मानकों में औचित्यपूर्ण प्रस्ताव, संस्तुति सहित उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। जिसका क्रम में उप जिलाधिकारी तमकुहीराज से अद्यतन आख्या प्राप्त की गयी उप जिलाधिकारी तमकुहीराज द्वारा प्राप्तआख्या नगर पंचायत गठन संबंधी शासनादेश में दिये गये प्राविधानानुसार आख्या उपलब्ध करायी गयी है। प्रस्तुत आख्या / प्रस्ताव में तहसील तमकुहीराज के ग्राम तरयासुजान, भूलिया, अगरवा, गडहिया पाठक, तरया बैकुण्ठ को सम्मिलि करते हुये राजस्व ग्रामों के समस्त गाटा संख्याओं का दिशावार विवरण, मानचित्र, गाटावार विवरण रूप पत्र-1, रूप पत्र-2. रूप पत्र 3 तथा रूप पत्र- संलग्नक प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत कप्तानगंज के सीमा विस्तार किये जाने के संबंध में निर्धारित मानकों के क्रम में औचित्यपूर्ण प्रस्ताव, संस्तु सहित उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। प्रस्तुत प्रकरण के संबंध में उप जिलाधिकारी, कप्तानगंज से आख्या प्राप्त गयी। उप जिलाधिकारी, कप्तागनंज द्वारा नगर पंचायत कप्तानगंज के सीमा विस्तार किये जाने संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से यह अवगत कराया गया है वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नगर क्षेत्र एवं सीमा विस्तारित नगर पंचायत क्षेत्र कुल जनसंख्या 59073 है। प्रस्तावित नगर पंचायत क्षेत्र में तहसील कप्तानगंज के ग्रामसभा बसहिया उर्फ कप्तानगंज, हसनगंज, गजरा, कोटवा, इन्दरपुर, सोहनी, पटखौली, मेहडा, पिए बौलिया, सेमरा तथा मलुकही को नगर पंचायत क्षेत्र में शामिल कर नगर पंचायत कगाटा संख्याओ व दिशा विवरण, मानचित्र, गाटावार विवरण, रूपपत्र-1, रूपपत्र-2, रूपपत्र 3 तथा समस्त संलग्नक सहित शासन को प्रेषित कर दी गई है।

संक्षेप

## वन विभाग ने आयोजित की ग्रीन चौपाल

**सीतापुर।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर वन प्रभाग के लहरपुर रेंज अन्तर्गत ग्रीन चैपाल कार्यक्रम का आयोजन अत्यन्त उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जन सामान्य को अवगत कराया गया कि पर्यावरण एवं वन संरक्षण एवं संवर्धन के दृष्टिगत ग्रीन चैपाल में ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय समुदायों विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं की पर्यावरण संगत विकास सम्बन्धी सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी। जिससे विकास प्रक्रिया समावेशी और समग्र हो सकेगी। साथ ही सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों जैसे स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और मनरेगा का उचित उपयोग करते हुये ग्राम पंचायतें, इस संस्थागत पहल से पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम हो सकती है। ग्राम पंचायतें जो ग्रामीण भारत की मूल प्रशासनिक इकाई है, जो पर्यावरण संगत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ग्रीन चैपाल, पर्यावरण संगत विकास हेतु जनमानस की महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने का एक संस्थागत पहल एवं माध्यम है। इस अवसर पर जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित की गई तथा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

**सीतापुर।** संदना इलाके में चोरो ने दो घरों पर धावा बोलकर हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम कोरौन में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने कमलेश और रमेश के घर में पीछे से दीवार में नकब लगाकर प्रवेश किया। चोरों ने कमलेश व रमेश के घर से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की माला और 10,000 रुपये नकद चुरा लिए। इसके अलावा चोर हीरालाल उर्फ गुड्डू के घर से एक जोड़ी सोने की टॉप, एक सोने की अंगूठी तथा 3,500 रुपये नकद चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने संदना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष अरविंद कटिया ने बताया कि चोरी की घटना की शिकायतें मिलने के बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच की गई है। उन्होंने कहा कि एक विशेष टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही है।

## छह हत्यारोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में हुई युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोविंद पुत्र मुन्ना, राकेश पुत्र अंगनूलाल उर्फ मटकुट्टे, बनवारी पुत्र अंगनूलाल उर्फ मटकुट्टे, रामस्वरूप पुत्र मुल्लू, सर्वेश पुत्र होरीलाल और अंगनूलाल उर्फ मटकुट्टे पुत्र मुल्लू शामिल हैं। संदना थाना प्रभारी चंद्रभान यादव ने बताया कि बीती 27 जुलाई को ग्राम सहोली में पीड़ित पक्ष छोटू उर्फ जगदीश पुत्र शोभरन पासी और विपक्षी मनोज उर्फ गुड्डू के बीच खेत में मवेशी (गाय) के घुसने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। मारपीट में छोटू उर्फ जगदीश की मौत हो गई थी। जबकि उसकी पत्नी सहित तीन लोग घायल हुए थे। घटना के बाद से ही पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस ने सभी वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए।

## वेतनमान व वेतनवृद्धि में लापरवाही से शिक्षक परेशान

**उन्नाव।** शिक्षकों की चयन वेतनमान, वार्षिक वेतनवृद्धि, प्रतिकूल प्रविष्टियों तथा अंतर्जनपदीय स्थानांतरण उपरांत वेतन अहरण जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्रहस्पतिवार को वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) कार्यालय में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जनपद में लगभग 1000 शिक्षकों की चयन वेतनमान संबंधी पत्रावलियाँ तकनीकी खामियों या प्रशासनिक लापरवाही के कारण लंबित हैं। मानव संपदा पोर्टल पर इनिशियल कैडर अपडेट न होने के कारण एल-1 व एल-2 फॉर्म जनरेट नहीं हो पा रहे, जबकि कई मामलों में फॉर्म ब्लॉक स्तर से अग्रसारित हो चुके हैं।

# अपराधियों का खंगालें इतिहास

## जिला बदर जैसी कड़ी कार्रवाई करने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में अभियोजन एवं शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा कानूनी कार्यवाहियों एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गई। विभिन्न वादों की स्थिति पर चर्चा कर अपीलों पर गुणवत्तापूर्ण पैरवी करने के निर्देश प्रदान किया। विभिन्न वादों के अभियोजन अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। महिला एवं पॉक्सों वादों में कार्यवाही एवं स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश संबंधित को प्रदान किये। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध तीव्र एवं विशेष अभियोजन करने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये। कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने विभिन्न वादों से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बवालियों एवं अशांति फैलानें वालों को निरुद्ध करते हुए विधिक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्देश दिया कि अपराधियों को चिन्हित करते हुए उनका इतिहास खंगालकर जिलाबदर करने के साथ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जमीन के ऐसे कारोबारी जो पेशेवर गवाह है, उनको चिन्हित किया जाये। जमीन की बिना रजिस्ट्री कराये अग्रीमेंट के तहत प्लाटिंग करने वाले भू-कारोबारियों को चिन्हित कर उनका आपराधिक इतिहास खंगाला जाये। उन पर भू-माफिया जैसी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जनपद में अवैध खनन करने वाले अपराधियों को चिन्हित किया जाये। उनका आपराधिक इतिहास खंगालते हुये कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि कावड़ यात्रा के दौरान त्यागी बाबा से निकलने वाली यात्रा से पूर्व तैयारियों पूर्ण की जायें। अधिक भीड़ वाले मंदिरों में विशेष सुरक्षा रखी जाये। महमूदाबाद एवं मिश्रिख में आगामी उपचुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिये तथा बूथों पर जो भी कमियां हैं। उन्हें समय रहते पूर्ण कर लिया जाये तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर निगरानी रखी जाये। माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुये विधिक कार्यवाही की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाये ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, सभी उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन एवं शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी हुई समीक्षा बैठक

## गोमती नदी पर बनेगा पक्का पुलः मनीष रावत

सिधौली (सीतापुर)। विकासखण्ड गोंदलामऊ क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरी के पास गोमती नदी पर पक्का पुल बनेगा। अब तक ग्रामीण लकड़ी के अस्थायी पुल से आवागमन कर रहे हैं। सिधौली विधानसभा से भाजपा विधायक मनीष रावत ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंडलीय समीक्षा बैठक में वे शामिल हुए थे। बैठक में सीएम ने जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिकताओं के बारे में भी पूछा। विधायक रावत ने छूला शिवपुरी में गोमती नदी पर पुल बनाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कसमंडा के मोहारपुरवा में सरायन नदी पर पुल के निर्माण की मांग रखी। विधायक ने 14 अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाने की भी मांग की।

## सुकन्या समद्धि खाता खोलने का चला रहा अभियान

**उन्नाव।** भारतीय डाक विभाग कानपुर (मु०) मंडल ने अपने सम्पूर्ण क्षेत्र की बच्चियों के सुकन्या समृद्धि योजना खातें खोलने का अभियान चलाया है। अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष कैंप आयोजित किये जायेंगे। जिन बच्चियों के आधार नहीं बने उसके लिए आधार कैंप भी लगाये जायेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह की मदद से खंड शिक्षा क्षेत्रों में आधार कैंप एवं डाक जागरूकता कैंप लगायें जायेंगे। जिसमे शिक्षकों एवं अभिभावकों को डाक विभाग की बच्चियों के भविष्य हेतु जितनी भी योजनायें हैं के बारे में बताया जायेगा जिससे ये अभियान जन-जागरण अभियान बन सके। उक्त के परिप्रेक्ष्य में ब्रहस्पतिवार को औरास खंड शिक्षा क्षेत्र कार्यालय में दो दिवसीय आधार एवं डाक कैंप का आयोजन किया गया।

ब्लाक सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी औरास संजय शुक्ल की सबसे बड़ी चिंता सतो उसे अपनी बिटियाँ कि शादी, पढाई जैसे खर्चे के लिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## छः माह से बंद है हाईमास्क व स्ट्रीट लाइटें, पूरा वार्ड अंधेरे में डूबा



**हरगांव (सीतापुर)।** आदर्श नगर पंचायत हरगांव के एक वार्ड में लगभग छः मास से हाई मॉस्क व स्ट्रीट लाइटें बंद होने से बरसात की मौसमी रातों में पूरे वार्ड में अंधेरा छाया रहता है। जबकि वार्ड मेंबर ने जून व जुलाई में शिकायत भी की थी। मिली जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के वार्ड मुरादनगर में लगभग छः माह से हाई मॉस्क सहित वार्ड की 40 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है। जिससे पूरा वार्ड बरसात के मौसम में अंधेरे में डूबा हुआ है। जिसकी नगर पंचायत हरगांव के वार्ड मुरादनगर सभासद शोएब खां ने नगर पंचायत हरगांव को छः जून व 24 जुलाई 2025 को शिकायती पत्र दिया। परन्तु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वार्ड सभासद शोएब खां ने बताया कि आजकल बरसात का मौसम है। कीड़े मकौड़े सड़क पर निकल रहे हैं। वार्ड के वाशिंदे रात के अंधेरे में बाहर निकलने से डरते है।

## एडीएम और स्क्वाड्रन लीडर ने सैनिकों की समस्या को सुना

**उन्नाव।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की पूर्व से लम्बित विभिन्न समस्याओं को अपर जिलाधिकारी एवं स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा द्वारा गम्भीरता से सुना गया। बैठक के लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विस्तृत चर्चा की व समस्या को शीघ्र निस्तारित कर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, उन्नाव में अविलम्ब आख्या प्रेषित किये जाने के आदेश दिये। लम्बित प्रकरणों मे से राजेश मिश्र पुत्र जगदीश मिश्र के भूमि पर कब्जा करने एवं मारपीट सम्बन्धी प्रकरण में उपजिलाधिकारी सफीपुर, पूर्व सैनिक हवलदार आदर्श कुमार शुक्ला व पूर्व सैनिक हवलदार विमलेश चन्द्र के भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरण में उपजिलाधिकारी सदर, उन्नाव एवं वरासत सम्बन्धी प्रकरण में उपजिलाधिकारी बीघापुर व पूर्व सैनिक देवेन्द्र सिंह के अंश निर्धारण में त्रुटि सुधार हेतु उपजिलाधिकारी बांगरमऊ, पूर्व सैनिक हरिकिशोर शुक्ला के भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरण में उपजिलाधिकारी बीघापुर को अग्रिम कार्यवाही कर आख्या प्रेषित किये जाने के आदेश दिये।

## खाद केंद्र पर भड़के किसान, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन



**सिधौली (सीतापुर)।** सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर स्थित जंधौरा गांव के साधन सहकारी समिति खाद केंद्र पर आज सुबह हंगामा हो गया। सैकड़ों किसानों को बताया गया कि आज खाद वितरण नहीं होगा। इससे नाराज किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया और जमकर नारेबाजी की। किसान सुबह 3 बजे से ही लाइन में लगे थे। जब सचिव सुरेश श्रीवास्तव केंद्र पर पहुंचे और भीड़ देखकर केंद्र बंद कर चले गए तो लोगों में आक्रोश फैल गया। सचिव ने एक बोर्ड पर नोटिस लगा दिया था जिसमें लिखा था एक्नॉलेजमेंट ना होने के कारण आज खाद वितरण नहीं हो पाएगा। इसी बात पर किसान भड़क उठे और उन्होंने सिधौली-महमूदाबाद मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर सिधौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि जब तक उन्हें खाद नहीं मिलेगी, तब तक वे शांत नहीं बैठेंगे। किसानों ने आरोप लगाया कि हर बार इसी तरह से मनमानी की जाती है। समय पर खाद नहीं दी जाती और बाद में कालाबाजारी में बेची जाती है। स्थानीय किसानों ने प्रशासनिक उदासीनता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब उन्हें खाद की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तब इस प्रकार की अराजकता पैदा की जाती है। बिरासी गांव निवासी रामकिशोर ने बताया कि वह चार दिनों से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिली।

आज ही 400 बोरी खाद सेंटर पर उतरी है जो वहां रखी है। बरगदी गांव निवासी अवधेश और सोनारी गांव निवासी छैलबिहारी ने बताया कि वे लोग 3 दिनों से आते हैं। भूखे-प्यासे बैठे रहते हैं और वापस चले जाते हैं। आज जब खाद उतरी है तो सचिव सेंटर बंद कर फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस किसानों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है। उच्चाधिकारियों को पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है।

- भारी भीड़ देखकर सचिव केन्द्र बंद कर भागे, जिससे किसान हुए आक्रोशित

## अवैध निर्माण पर यूडीए सचिव सख्त, कड़ी कार्यवाही की कही बात



**उन्नाव।** शहर में मानक विहीन व्यवसायिक काम्पलेक्स हो या भवन इनकी मनमानी लगातार जारी है। नोटिस के बावजूद भवन स्वामी रुकने का नाम नही लेते है। इसके उलट अधिक मजदूर लगाकर काम को तेजी देते है। ताकि रातो रात जमीन पर भवन को खडा कर दें। अगर भविष्य में इन मानकविहीन बिल्डिग्स के चलते कोई बडी घटना हो जाए इस बात से इंकार नही किया जा सकता है। यूडीए विभाग के निचले क्रम के जिम्मेदार अधिकारी मुस्तैद नजर नही आते है। वह ऐसे निर्माण पर नोटिस तो भेज देते है, लेकिन धरातल पर हकीकत देखने नही जाते है। अवैध निर्माण रात दिन बनकर तैयार हो जाता है।

बाद में विभाग कार्यवाही का हवाला देकर पल्ला झाड लेता है। मानक विहीन बिल्डिंग अक्सर हादसों का कारण बनती है। लेकिन जिम्मेदार कुछ नही करते है। एक मामला छोटा चैराहा के निकट स्थित अवैध निर्माण से संबन्धित सामने आया है। बताया जाता है कि मकान गिराकर पुनः बिना नक्शा भवन बनाया जा रहा है। मकान को गिराने की अनुमति ली गयी अथवा नही यह तो विभाग ही जाने लेकिन मनमानी तो हो रही है। खबर लिखे जाने के बाद निर्माण को तिरपाल से छिपाकर किया जा रहा है। ताकि इनकी मनमानी सामने न दिखाई दे। इस पर यूडीए विभाग ने लगभग एक माह पूर्व नोटिस जारी किया था।

निर्माण रोके जाने के लिए एक सूचना पुलिस विभाग को भी दे दी थी। बावजूद इसके कृष्णा इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर के संचालक द्वारा लगातार निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शायद उसे सरकारी नियमों का भी डर नही है। जानकारों की माने तो कृष्णा फर्नीचर ने नाला अवैध रुप से पाट दिया है। जब कि दूसरा मकान जो कि इलाहाबाद बैंक में स्थित है वहां पर नाला खुला है। इस निर्माण के होने के बाद नाले का अस्तित्व समाप्त हो गया है। जलनिकासी की समस्या का प्रमुख कारण यह भी माना जा रहा है कि जब अवैध तरीके से नाले पाट दिए जाएगे तो जल जमा होना स्वाभाविक है। नगर पालिका इस मामले पर मौन धारण किए है। मामले में नगर पालिका के ईओ संजय कुमार गौतम को फोन मिलाया गया लेकिन उनका फोन नही उठा। वही शहर कोतवाल से बात की गयी तो उन्होने बताया कि जानकारी करने के बाद उपरोक्त कार्यवाही की जाएगी।

- निर्माणकर्ता द्वारा समय सीमा में नक्शा पास न कराने पर होगी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

### बोले यूडीए सचिव

मामले में जब यूडीए सचिव, एसडीएम नवीन चंद्रा से जब प्रकरण में बात की गयी तो उन्होने बताया कि इसके पहले नोटिस भी जारी की जा चुकी है।

उसके बाद पुलिस को तत्काल कार्य रुकवाने के लिए पत्र भी लिखा जा चुका है। नोटिस का जवाब देने की एक निधार्रित समय सीमा होती है। उसके भीतर अगर जवाब नही आता है, नक्शा पास नही करवाते है तो हम ध्वस्त करेंगें।

## स्ट्रीट लाइट लगने से लोगों ने रात में ली राहत की सांस



**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू द्वारा ऊगू से हुलासी कुआं तक लगभग तीन किमी तक स्ट्रीट लाईट लगवाई है जिसके लगने से अंधेरे में डूबा रोड जगमगा उठा और यात्रियों का बिना अंधेरे के भय आना जाना सुगम हो गया है। हुलासी कुआं से ऊगू तक लगभग दो किमी रोड शाम ढलते ही रात में अंधेरे में डूब जाता था जिससे देर शाम इस रोड से आने जाने वाले अंधेरे में भयभीत होकर यात्रा करते थे। नगर पंचायत ऊगू द्वारा इस समस्या को देखते हुए स्ट्रीट लाइटें लगवाई है। नगर पंचायत ऊगू के आसपास के दर्जनों गांव के निवासी ऊगू रेलवे स्टेशन व हुलासी कुआं से तहसील सफीपुर उन्नाव कानपुर आवश्यक कार्य से आते जाते है हुलासी कुआं रेलवे क्रासिंग से नगर ऊगू तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी शाम ढलते ही सडक पर अंधकार हो जाता था। नगर पंचायत ऊगू ने रेलवे क्रासिंग तक हर बीस मीटर पर एक स्ट्रीट लाइट लगवाकर राहगीरों की प्रकाश की व्यवस्था की है जिससे नगर पंचायत सहित क्षेत्र वासियों ने कार्य की सराहाना की। इस सम्बन्ध मे नगर निवासी अवधेश, अंकुश, रमा शंकर आदि ने कहा कि इस व्यवस्था से बिना किसी भय के रात में भी आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी।

## सांसद ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर बैसवारा हाल्ट स्टेशन के विकास की मांग की



**पाटन, उन्नाव।** सांसद साक्षी महाराज ने बताया कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर बैसवारा हॉल्ट स्टेशन के विकास की मांग की थी। उनके पत्र का संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री ने स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव और स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने बताया कि यह स्टेशन केवल एक रेलवे ठहराव नहीं, बल्कि पूरे बैसवारा अंचल की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन कभी क्षेत्र की गौरवशाली विरासत से जुड़ा रहा है, लेकिन लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा। अब इसे ह्लबैसवारा स्मृति स्टेशनह्व के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव शुरू हो और यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे कृ शौचालय, प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा स्टेशन परिसर का सौंदर्यीकरण सुनिश्चित किया जाए। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की यह वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे अब मंजूरी मिलने की दिशा में कदम बढ़ चुके हैं। मंजूरी के बाद इसके विकास के कार्यों में तेजी देखने को मिलेगी।

## स्कूल विलय के खिलाफ संगतिन और समता युवा मंच ने किया जोरदार प्रदर्शन




**सीतापुर।** प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों की मर्जिंग के खिलाफ जिला मुख्यालय पर संगतिन किसान मजदूर संगठन ने विरोध प्रदर्शन कर रैली निकाली और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मर्जिंग रद्द करने की मांग की। सैकड़ों की संख्या में सड़कों पर उतरे लोगों ने नारेबाजी कर मर्जिंग का विरोध किया। शहर के जीआईसी परिसर स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संगतिन और समता युवा मंच के बैनर तले स्कूल मर्जिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में मिश्रिख, मछरेहटा, गोंदलामऊ, महोली समेत आठ ब्लाकों के संगतिन कार्यकताओं सहित बंद होने वाले स्कूलों के बच्चों और उनके माता-पिता ने भी भाग लिया। विरोध प्रदर्शन के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। उसके बाद बच्चे चालीस हों या चार, सबको शिक्षा का अधिकार जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय तक रैली निकाली। जिलाधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।इस ज्ञापन में मांग की गयी कि स्कूल बंदी की प्रक्रिया रोकी जाय और विसंगति वाले विद्यालयों की मर्जिंग तुरंत कैंसिल हो। इसके साथ वैज्ञानिक सोच की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी बच्चों को मिले और प्राथमिक विद्यालय के सभी कर्मचारियों की नौकरी स्थायी की जाये। ज्ञापन सौंपने के बाद धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए संगतिन संयोजक ऋचा सिंह ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालयों में ज्यादातर गरीब वर्ग के वही बच्चे पढ़ रहे हैं जो प्राइवेट स्कूलों की महंगी फीस वहन नहीं कर सके। स्कूल बंदी से कमजोर जातियों और गरीब वर्ग के बच्चे पढ़ाई-लिखाई से वंचित हो जायेंगे। इन स्कूलों में काफी प्रयासों के बाद लड़कियों की संख्या बढ़ी है जो मर्जिंग के बाद स्कूल दूर होने से फिर कम हो जाएगी जिससे उनकी शिक्षा पर बुरा असर पड़ेगा। इस अवसर पर समता युवा मंच के मुकेश भार्गव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य एक बेहतर नागरिक का निर्माण है। कुलदीप कुमार ने मर्जिंग की विसंगतियों पर बोलते हुए कहा कि कई स्कूलों में ज्यादा बच्चे होते हुए भी उनको मर्ज कर दिया गया। उनके द्वारा बंद किये गये 95 स्कूलों में आ रही दिक्कतों पर एक रिपोर्ट भी बीएसए को सौंपी गयी। इस अवसर पर रामबेटी, जसना, जगन्नाथ, रामशरण, बिटोली, जमुना, पप्पू, राजाराम, रोहित, रामजीवन, कुलदीप कुमार, कौसर जहाँ, कमल किशोर, रामकुमार, केशकली सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

- सैकड़ों की संख्या में सीतापुर की सड़कों पर उतरे लोग
- मर्जिंग रद्द करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा चार सूत्रीय ज्ञापन

## चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाली 6 अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव।** चोरी, लूट, मारपीट, अपहरण जैसे वारदातों को अंजाम देने वालों में अधिकतर आपने पुरुषों को ही देखा होगा या सुना होगा...लेकिन हम आपको ऐसे मामले से रूबरू कराने जा रहे है जहां महिलाएं गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रही थी।वो भी एक दो महिलाएं नहीं बल्कि 6 महिलाएं गिरोह बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देती थी।ये महिलाएं पहले बैंकों के बाहर रेकी करती थी फिर कमजोर व्यक्तियों को अपना शिकार बनाती थी । ये गैंग इसी तरह से उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में ग्रुप बनकर करीब 10 वर्षों से चोरी की घटना को कारित कर रही थी। लेकिन इस गैंग का उन्नाव पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से भंडाफोड़ किया और 6 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया।इन अभियुक्ताओं का आपराधिक इतिहास भी है। आपको बता दे कि दिनांक 24.07.2025 को थाना अजगैन पर पीड़ित रानी पत्नी स्व शिबहादुरसिंह ग्राम कुशम्भी पो0 नवाबगंज थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 70 वर्ष ने तहरीर दी कि कस्बा नवाबगंज बीओआई बैंक नवाबगंज में आटो से आकर मेरे बीस हजार रुपए चोरी कर लिए गए पुलिस ने मु0अ0स0 307/2025 धारा 303(2) बनाम अज्ञात लड़कियां नाम पता अज्ञात के मामला दर्ज किया था। जिसका सफल अनावरण करते हुये सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आज दिनांक 31.07.2025 को थाना अजगैन पुलिस ने अभियुक्तागण रेनू पत्नी प्रमोद सासी, वर्षा पत्नी आशीष, करीना पत्नी सावन्त,ललिता पत्नी राम भरोसे,सवाना पत्नी व्रजेश नि0 गुल खेडी थाना वांदा जिला राजगढ मध्य प्रदेश,सन्जो पत्नी गोविन्द नि0 कडिया थाना वाडो जिला राजगढ मध्य प्रदेश को पंक्षी विहार रिंग रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार किया तथा कब्जे से चोरी के चोरी के कुल तीस हजार रुपए बरामद किये। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि कि हम लोग आटो को बुक करके किसी एक जगह कैम्प बनाकर रहकर विभिन्न क्षेत्रो मे जाकर बैंको के आस पास रैंकी करके व बैंक में आये हुये कमजोर व्यक्तियो को चिन्हित कर उनके द्वारा बैंक से पैसा निकालने के उपरान्त उनके पैसो की चोरी कर लेती है। हमारा गैंग उ0प्र0 के कई जनपदो में ग्रुप बनाकर करीब 10 वर्षो से चोरी की घटना कारित कर रही है। इस गैंग ने 14. जुलाई को थाना क्षेत्र बांगरमऊ के कस्बा बांगरमऊ बीओआई बैंक मे एक व्यक्ति रामस्वरूप जो पचास हजार रुपए जमा करने के लिये लेकर जा रहा था (पंजीकृत मु0अ0स0 425/2025 धारा 303 (2) थाना बांगरमऊ) तथा थाना बीघापुर में आर्यवर्त बैंक शाखा सिकन्दपुर से तीस हजार रुपए निकालकर बैंक के बाहर 200 मीटर दूरी पर सब्जी की दुकान पर से इन्ही महिलाओं चोरी की घटना को अंजाम दिया था (पंजीकृत धारा 303(2) बीएनएस)।गिरफ्तारी व माल बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 112/317(2) की बढोत्तरी की गई साथ ही अग्रेतर विधिक कार्यवाही में पुलिस जुटी हुई है।

## डीएम की अध्यक्षता में धान खरीद सत्र की तैयारियों और व्यवस्था सुनिश्चित के संबंध में हुई बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी धान खरीद सत्र 2025-26 की तैयारियों एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 112 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि क्रय केन्द्रों का चयन करते समय सावधानियां बरती जायें। ऐसे क्रय केन्द्र न सम्मिलित किये जायें, जहां पर पूर्व में शिकायतें प्राप्त हुयी हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्भवता धान केन्द्र वहीं पर स्थापित किये जायें। जहां पर धान की बेल्ट हो तथा जो भी केन्द्र अनुमोदन के लिये आये हैं। उनका सत्यापन करवा लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि धान खरीद संबंधी जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसके अनुसार ही खरीद की जाये तथा हम लोगों का प्रयास यह होना चाहिये कि हम अपने लक्ष्य को शुरूआती दौर में पूरा कर लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि धान खरीद के समय बिचैलियों पर निगरानी रखी जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लक्ष्य की पूर्ति हो तथा शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही खरीद की जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, संबंधित उपजिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मध्यस्थता केंद्र के लिए 12 वकीलों का होगा चयन

**बांदा।** न्यायालय में लम्बित वाद या अन्य कार्यवाही को लेकर जिले में स्थापित मध्यस्थता केन्द्र के लिए 12 मध्यस्थ अधिवक्ताओं का पैनल तैयार किया जाना हैं। जिसके लिए ऐसे अधिवक्ता जिनके पास न्यायालयों में कार्य करने का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय में कार्य कर चुके कर्मचारी, ऐसे वृत्तिक, विशेषज्ञ जिनके पास अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करने का कम से कम 15 वर्षों का अनुभव हो और जो विधि के क्षेत्र से परिचित हों वह आवेदन के लिए पात्र होगें। ऐसे पात्र, मध्यस्थता पैनल में सम्मिलित होने के इच्छुक व्यक्ति अपने-अपने आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 4 अगस्त सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं।

## हज आवेदन होगा 7 अगस्त तक

**बांदा।** हज यात्रा के लिए आवेदन की तिथि को 7 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। मुख्य हज ट्रेनर हाजी आरिफ खांन ने बताया कि अधिकतर हज यात्रियों के पासपोर्ट रिन्यू के लिए दिए हुए हैं। सेंट्रल हज कमेटी ने पासपोर्ट की वेलिडिटी तारीख 31 दिसंबर 2026 रखी है, लेकिन हज यात्रियों के पासपोर्ट सेंट्रल हज कमेटी की जारी गाइड लाइन के अनुसार दिसंबर से पहले खत्म हो रहे हैं और कुछ लोगों के पासपोर्ट बनकर आने हैं। इसे लेकर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय से अपील की गयी। जिसके बाद हज आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 7 अगस्त कर दिया गया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में करें आवेदन

**ललितपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा के प्राचार्य हुपेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि विद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 9 एवं 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पाश्र्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संभावित उपलब्ध सीटों पर प्रवेश हेतु योग्य उम्मीदवार 23 सितम्बर तक आवेदन विद्यालय की बेवसाइट (नवोदय डॉट जीओव्ही डॉट इन) पर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी। इसी क्रम में प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र. 2025-26 में कक्षा 6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे गये थे, नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय नॉएडा द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 13 अगस्त कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन हेतु विद्यालय की वेवसाइट पर लिंक उपलब्ध है, चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित की जायेगी।

## ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण

**ललितपुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन जिले के न्याय पंचायत या ग्रामसभा पर किया जाना है। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षार्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं साक्षर होना आवश्यक है। प्रशिक्षण उपरान्त इच्छुक प्रशिक्षार्थी को खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने पर अधिकतम 01 लाख रुपए का अनुदान विभाग द्वारा दिया जायेगा। पंचायत पर प्रशिक्षण 30 प्रशिक्षार्णी होना अनिवार्य है।

## सड़कों पर नियम तोड़नेवालों पर शिकंजा कसने की तैयारी

**अयोध्या।** शासन के मंशानुसार सड़कों पर नियम तोड़नेवालों पर चारों ओर से शिकंजा कसने की तैयारी परिवहन विभाग ने कर ली है। अयोध्या संभाग के जनपदों में आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह सिंह के नेतृत्व में कर न जमा करने वालें व अधूरे प्रपत्रों वाले वाहनो के प्रति कार्यवाही चल रही है। ऐसे सभी वाहन स्वामी जिनके कर बकाया है, फिटनेस, परमिट, एथराइजेशन समाप्त है, को नोटिस प्रेषित की गयी है। साथ ही ऐसे वाहन स्वामियों की सूची भी निकाली जा रही है जिन्होंनें बार-बार नोटिस के बावजूद कर नही जमा कराया है और न ही प्रपत्र वैध करायें हैं। जिन वाहन स्वामियों द्वारा जुलाई माह तक अपना कर नहीं जमा कराया होगा तो अगस्त माह में उनके विरूद्ध भू-राजस्व की भाँति वसूली करने के लिए वसूली पत्र जारी कर दिये जाएगें।

# विद्युत दरें न बढ़ाये सरकार, फिक्स चार्ज करें खत्म

जिला संवाददाता

- ऊर्जा मंत्री द्वारा की गयी टिप्पणी पर भी व्यापारी दिखे नाखुश
- मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** प्रदेश में बेतहाशा हो रही बिजली कटौती, एवं उ.प्र.विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित लगभग 45 प्रतिशत बढाई जा रही विद्युत दरों को न बढाये जाने एवं फिक्स चार्ज को समाप्त किए जाने एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा व्यापारियों (बनियों) के ऊपर की गयी टिप्पणी को लेकर उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल ने जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अमनदीप डुली को सौंपा है। मुख्यमंत्री को व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती एक गम्भीर समस्या हो गई है। जिससे व्यापारियों व आमजनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे है और उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है इस समस्या के लिए आवश्यक उचित कदम उठाएं जाने की आवश्यकता है। बताया कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियायक आयोग द्वारा आपके समक्ष बिजली की दरों एवं फिक्स चार्ज को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है, प्रस्ताव स्वीकृत होने की दशा में मध्यवर्गीय एवं निम्नवर्गीय परिवारों के हितों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा तथा गरीबी रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ता को 3 रूपया की जगह 4 रूपया प्रति यूनिट देनी होगी। प्रस्तावित की गई दरों 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट 8.40 रूपया वर्तमान में 6.60 रूपया है जिसके मुताबिक लगभग 45 प्रतिशत यथास्थिति में दरें बढ़ जायेगी, इसी प्रकार शहरी फिक्स चार्ज 110 से बढ़ाकर 190 रूपया और ग्रामीण क्षेत्र में 90 रूपया से 150 रूपया प्रति किलो वाट प्रस्तावित दरों के हिसाब से हो जाएगा। वैसे भी उपभोक्ता निर्धारित उपभोग की गई विद्युत मूल्य को पूर्णता अदा कर रहा है तो फिक्स चार्ज क्यों लिया जा रहा है। इसें बंद किया जाना चाहिए। वर्तमान में स्मार्ट मीटर बिजली उपयोग से 4.5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे है जिसे चेक मीटरों ने भी गलत ठहराया है। उपरोक्त स्मार्ट मीटर लगाए जाने वाली दोनों कम्पनियां पूर्व से गोवा में ब्लैक लिस्टिड की गई थी। आपसे निवेदन है कि इस अनुबंध की पुनः समीक्षा कर इन मीटरों से मुक्ति दिलायी जाये। वहीं हाल ही मे प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के मध्य एक बैठक में व्यापारियों (बनियों) के ऊपर जो टिप्पणी की है। यह टिप्पणी सामजिक ताने- बाने को तोड ? वाली है। व्यापारी वर्ग प्रधानमंत्री की संकल्पना विकसित व आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद को मजबूत करने में कार्य कर रहा है, लेकिन इस टिप्पणी से वह आहत है। इस प्रकार की टिप्पणी समाज में अक्षम्य है इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त आदेश की जरूरत है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से इन मामलों में उचित प्रभावी कार्यवाही करने की मांग उठायी

# डीएम की सक्रियता से बचा डैम के टापू पर फंसा नारायण

- पशुओं को चराने के लिए राजघाट बांध के भराव क्षेत्र में चला गया था
- किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन पूरी तहर तैयारः डीएम



**ललितपुर।** जिले के ग्राम वसवां निवासी नारायण सिंह पुत्र राजाराम उम्र 45 वर्ष, रविवार को अपने पशुओं के साथ नदी के किनारे स्थित टापू पर फंस गया, जब राजघाट बांध से जल प्रवाह बढ ?ने के कारण पानी का स्तर अचानक तेजी से बढ़ गया, स्थिति की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। नए जिलाधिकारी अमनदीप डुली को जैसे ही घटना की जानकारी प्राप्त हुई, उन्होंने तत्काल संवदेनशीलता का परिचय देते हुए सम्बंधित अधिकारियों, एसटीआरएफ की टीम को मौके पर रवाना करने के निर्देश दिये, रेश्क्यू ऑपरेशन का प्रभारी एसडीएम सदर मनीष कुमार, तहसीलदार भानूप्रताप, पुलिस विभाग और एसटीआरएफ की संयुक्त टीम ने समन्वय के साथ लगभग दो घण्टे के राहत एवं बचाव अभियान के उपरान्त ग्रामीण नारायण सिंह एवं उनके सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की तत्परता की सराहना की।

डीएम अमनदीप डुली ने घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनजीवन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, ऐसी किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन पूरी तरह तैयार है और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बांधों और जल निकासी स्थिलों पर निगरानी एवं समय पूर्व सूचना तंत्र को और मजबूत किया जाए, इसके लिए निकासी के पूर्व मुनादी और मीडिया के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव हो सके। इस घटना में जिला प्रशासन की सक्रियता, समन्वय और मानवीन दृष्टिकोण की स्पष्ट झलक देखने को मिली, जिससे एक बड़ा सम्भावित हादसा टल गया।

# समस्याओं के समाधान को लेकर भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**नगीना, बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार, लेखपालों की मनमानी समेत किसानों की तमाम समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव जिला महासचिव, जिला महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में नगीना एसडीएम कोर्ट पर धरना प्रदर्शन कर विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा।

भाकियू के कार्यकताओं ने एसडीएम नगीना आशुतोष रामप्यारे जायसवाल से मांग करते हुए कहा कि बन्द पड़े चक मार्गों को तुरन्त खुलवाया जाये। अंश निर्धारण की गलतियों को तत्काल सही कराया जाये। जिन लोगों की विरासत नहीं हुई है, उन्हें तुरन्त दर्ज कराया जाए। लेखपाल द्वारा किसानों से जो अवैध वसूली हो रही है उस पर तुरन्त रोक लगाई जाय। पीडितों द्वारा दर्ज शिकायत की जांच कर उचित कार्य की जाए।

ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बीमारियों पर अकुंश लगाया जाये आदि मांग की गई। इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश महासचिव चैधरी कुलदीप सिंह, प्रदेश सचिव दिनेश कुमार, जिला महासचिव नरदेव सिंह, जिला महासचिव देवराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, राजपाल सिंह, ध्यान सिंह, सिंह, बलराम सिंह, मुर्तजा, विपुल कुमार व अमित कुमार आदि रहे। पंचायत की अध्यक्षता महेंद्र सिंह चैहान और संचालन चैधरी विजेंद्र सिंह ने किया।

# चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने शातिर आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जिला संवाददाता



**नगीना, बिजनौर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने चोरी स्वीकार करने की बात कबूली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबन्धित धाराओं मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

नगीना पुलिस ने बीते दिन मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान मौ0 शावेज पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मौ0 कलालान कस्बा व थाना नगीना जनपद बिजनौर को चोरी की मोटर साइकिल सूपर स्पलेण्डर के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा पूछताछ में ने अभियुक्त बताया कि उक्त मोटर साइकिल उसने करीब दो वर्ष पूर्व मंदीना मस्जिद धामपुर से चोरी की थी, अभियुक्त के बताने के अनुसार नगीना पुलिस ने इस संबंध में थाना धामपुर से जानकारी की तो पता चला कि धामपुर थाने में मोटर साईकिल चोरी के संबन्ध में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी की आपराधिक कुंडली खंगाली तो पता चला कि इस पर पहले से ही दो चोरी के मुकदमे थाना धामपुर में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबन्धित धाराओं मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहा से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुण्डीर, आरक्षी अमित कुमार, आप्रेमचन्द, संदीप कुमार शामिल रहे।

## विद्यालय में मनायी गयी तुलसी जयंती




**बांदा।** शहर के संत तुलसी पब्लिक स्कूल में तुलसी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ संत तुलसीदास व मां सरस्वती की मूर्तियों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि के साथ हुआ। सरस्वती वंदना के साथ छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम व लघु नाटक प्रस्तुत किये। संत कुमार मसुराहा, डॉ चंसौरिया ने तुलसीदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त किये। शिक्षक सुशील कुमार सिंह, रेखा सिंह और रमेश सिंह ने गीत प्रस्तुत किये। इस दौरान दैनिक जागरण के ऑनलाइन मानस क्विज में भाग लेने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में डायरेक्टर जगनायक यादव व सुशील सिंह 88 और नीरज पाण्डेय 82 का प्रयास सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्रबंधक संत कुमार गुप्ता, सह प्रबंधक डॉ मनीष कुमार गुप्ता, एडवाइजरी बोर्ड मेम्बर संतोष कुमार मसुरहा, डॉ जगदीश नारायण चैरसिया, डायरेक्टर जगनायक यादव, दीपिका गुप्ता, अमित गुप्ता, सौदामिनी गुप्ता, उप प्रधानाचार्य रिंकू सिंह व वैष्णवी गुप्ता ने वृक्षारोपण किया। संचालन मृदुला सिंह व सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्रा पूजा यादव और आयुष्मान ने किया।

## पीएम सम्मान निधि कार्यक्रम का प्रसारण 2 को

**बांदा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना फरवरी 2019 से शुरू हुई है जिसमें अब तक कुल 19 किस्तों की धनराशि डी०बी०टी० के माध्यम से सीधे कृषकों के खाते में भेजी जा चुकी है। 2 अगस्त को वाराणसी में आयोजित होने वाले ह्लपी०एम०किसान उत्सव दिवसह्ल में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। जिसका सजीव प्रसारण सुबह 11 बजे से जनपद, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कराया जायेगा, जिसमें पी०एम० किसान योजना के लाभार्थी, प्रगतिशील कृषक, स्थानीय प्रतिनिधि, कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे। सहकारी समितियों, कृषक उत्पादक संगठनो, पी०एम०किसान समृद्धि केन्द्रो, मण्डी आदि पर भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों को प्रतिभाग कराया जायेगा।

# व्यसन मुक्त जीवन बनायें और आध्यात्मिक शिक्षाएं अपनायेंः ब्रह्माकुमारीज

जिला संवाददाता

- ब्रह्माकुमारीज का ध्येय है कि हम व्यसनों से मुक्त अपना जीवन बनाएं-बीके चित्ररेखा

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा पाली में एक प्रेरणादायक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवा में योगदान देने वाले व्यक्तियों को मंच पर अंग वस्त्र, तिलक, पुष्प, स्लोगन कार्ड से सम्मानित किया गया। शुभारंभ राजयोग व सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। इस दौरान राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने बताया कि बहुत सारे ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो भारत सरकार चलाती है। ब्रह्माकुमारीज तो अनेक वर्षों से इसी कार्य में लगी हुई है। व्यसन मुक्ति अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है पर ब्रह्माकुमारीज का ध्येय है कि हम व्यसनों से मुक्त अपना जीवन बनाएं और आध्यात्मिक शिक्षाएं जब हमारे जीवन में आती हैं तो सहज ही हम व्यसनों से दूर हो जाते है। लगभग 14-15 लाख भाई-बहन है जो गृहस्थ जीवन में रहते है। सामाजिक जिम्मेवारियों को निभाते है। अपने परिवार का बहुत सुंदर तरीके से संचालन करते है उन्हें व्यवस्थाएं देते है। निर्विकारी, निर्व्यसनी और दुर्गुण रहित जीवन जीते हैं तो ऐसा जीवन जीने की शिक्षा ही यह विद्यालय देता है क्योंकि जब तक हमें कुछ बेहतर नहीं मिलता है। तब तक हम साधारणता व्यवस्थित बैठ जाते है। लेकिन जब हमें उनसे बेहतर चीज मिल जाती है और शक्ति संपन्नता की अनुभूति कराने वाली हमें चीज मिल जाती है। तो सहजता से ही हम बुराइयों से दूर होते जाते है। तो पिता परमात्मा के साथ सहज राजयोग मेडिटेशन करते है वह सर्वगुणों और शक्तियों की हमें अनुभूति प्रदान कराता है। जीवन में प्रेम समरसता को बढ़ाता है तो सहज ही खुशी से हम व्यसनों से मुक्त हो जाते है। इसी प्रकार से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, कुशल भारत अभियान, जल ही जीवन है, रक्तदान महादान, पर्यावरण सुरक्षा में ब्रह्माकुमारीज की क्या भूमिका है? आदि विषयों पर संक्षिप्त में जानकारी देते हुए सभी को रक्षासूत्र (राखी) बांधते हुए यह संकल्प कराया की सदैव हम स्वयं इन व्यसनों एवं बुराइयों से दूर रहेंगे और दूसरों को भी करेंगे। दैवीय भ्राता मनीष तिवारी ने सभी से अपील की। बीके मायारानी दीदी ने कहा कि यह पावन पर्व आत्मा की बुराइयों (काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार) से रक्षा करने का प्रतीक है। यह एक व्रत भी है- बुरे कर्मों और अशुद्ध विचारों से दूर रहने का। साथ में नन्हे-मुन्ने बाल-कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा चार-चांद लगाए, सभी अतिथियों का स्वागत किया। बीके प्रीती दीदी ने सभी को राजयोग के द्वारा आत्म अनुभूति कराई। बीके रुबी दीदी एवं निशा बहन ने आभार व्यक्त किया। रानू तिवारी ने सभी ब्रह्माकुमारी बहनों का तिलक एवं चुनरी उड़ाकर सम्मान किया। साथ में विशिष्ट अतिथियों ने ब्रह्माकुमारीज से प्राप्त दिव्य अनुभूतियों एवं सेवाओं की सराहना की। जिसमें दैवीय परिवार घनश्याम पांडे समाजसेवी,मंडल अध्यक्ष), नरेंद्र ताम्रकार समाजसेवी, विश्वनाथ झां समाजसेवी, कृपाल सिंह बुंदेला, रोहित श्रीवास्तव एवं नगर के सभी गणमान्य व्यक्ति एवं बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

## पुनरुद्धार के लिए जल्द चयनित होगी जनपद की एक नदी और एक वाटर बॉडी

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराया कि जल संसाधन की समुचित व्यवस्था व पर्यावरण के सुधार हेतु जनपद में एक नदी तथा एक वाटर बॉडी को पुनरोद्वार के लिए चयनित कर उसकी कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में निर्देश दिए। उपरोक्त के क्रम में बताया गया कि छोटी व सहायक नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प किये जाने हेतु मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में जनपद के सम्बंधित विभागों/कार्यदायी संस्थाओ एवं संस्थानों के तकनिकी विशेषज्ञों के साथ अनुश्रवण समिति का गठन पूर्व में किया जा चुका है।

बताया गया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदुषण मुक्त करने, विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों को गतिविधियों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के लिए जिला गंगा समितियों के निर्देशन में कराने हेतु ग्राम गंगा सेवा समितियों का गठन किया जा चुका है। इन समितियों के माध्यम से आगामी समय में नदियों में प्रदुषण की रोकथाम एवं नदियों के किनारे जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु जागरूकता गोष्ठियाँ आयोजित की जाएँगी। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चैहान, उपायुक्त श्रम रोजगार आर.के.यादव, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदुषण बोर्ड इमरान अली, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग जे.पी खरे, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश, खुशबू खान, रिशु उपाध्याय, सुशील चैबे, दीपक कुमार, परियोजना अधिकारी गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

## अवैध विद्यालयों के संचालन पर अंकुश लगाने के लिए डीआईओएस से मिला शिक्षक संघ



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला। शिक्षकों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीकृत मान्यता से ऊपर की कक्षाओं में अवैध रूप प्रवेश करने तथा अवैध कक्षाएं चलने वाले विद्यालयों पर अंकुश लगाने के लिए स्कूलों को बंद करवाने की मांग की। जिला विद्यालय निरीक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव ने आश्वासन दिया कि मुख्य विकास अधिकारी एंव बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर इस समस्या के निस्तारण हेतु शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त एनपीएस की धनराशि को शिक्षकों के खातों में शीघ्र हस्तांतरित करने, पुरानी पेंशन से आच्छादित होने वाले शिक्षकों के एनपीएस अकाउंट बंद कर शीघ्र जीपीएफ अकाउंट खोले जाने, सेवानिवृत हो चुके शिक्षकों को नोशनल वेतन वृद्धि की कार्यवाही शीघ्र अमल में लाने, मानव संपदा पोर्टल पर विभिन्न शिक्षकों के संशोधन संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, वेतन अनुमन्यता प्रमाणपत्र संबंधी लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव ने सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री विनोद कुमार कोषाध्यक्ष मयूर मलिक, प्रधानाचार्य विनीत कुमार त्यागी, सुरेंद्र सिंह एंव संगठन के उपाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह मौजूद रहे।

## पंचायत को अच्छा बनाने को कार्यशाला में दी गयी जानकारी

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देश पर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत एडवान्समेन्ट इनडेक्स 1 एवं 2 संस्करण विषय पर अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में पंचायत को बेहतर बनाने के लिए 9 विभिन्न विषयों पर एलएसबीजी के तहत जानकारी दी गयी। स्वस्थ्य पंचायत के तहत ग्राम पंचायत में स्वच्छता सम्बन्धी सुविधाओं को बढाये जाने तथा संचारी रोगों में नियंत्रण, बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच आदि कार्यों को बेहतर रूप से कराये जाने के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर रूप से उपलब्ध कराये जाने को लेकर कुटीर उद्योगों को बढाये जाने, पशुपालन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के साथ ग्राम पंचायतों में पर्याप्त जल संरक्षण एवं अमृत सरोवरों के निर्माण की जानकारी दी। कार्यशाला में मास्टर टेज्नर कन्हैयालाल एवं इशांत कुमार ने पंचायतों में एडवान्समेन्ट इनडेक्स 1 एवं 2 संस्करण विषय के तहत किये जाने वाले कार्यों, पंचायतों को बाल हितैशी बनाये जाने को लेकर बालकों की शिक्षा, बालश्रम मुक्त करना आदि कार्यों को करने की जानकारी दी। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पंचायतों को और सशक्त एवं विकसित बनाने के उद्देश्य से पंचायतों में एडवान्समेन्ट इनडेक्स पर विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पंचायतों में बेहतर व्यवस्थायें हो सके।

## पहचान उजागर कर निजता का उल्लंघन, एक गिरफ्तार

**बांदा।** मासूम से दुष्कर्म मामले में पहचान उजागर कर निजता का उल्लंघन कर आपराधिक कृत्य करने वाले आरोपी को कालिंजर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीती 25 जुलाई को थाना कालिंजर क्षेत्र की 6 वर्षीय बालिका के साथ पड़ोसी व पूर्व परिचित व्यक्ति ने दुष्कर्म किया था। आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस घटना को लेकर कुछ व्यक्तियों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीड़िता की पहचान को उजागर किया था। इस मामले में थाना कालिंजर में अभियोग पंजीकृत है। इसे लेकर थाना कालिंजर पुलिस ने आरोपी राकेश वर्मा पुत्र गया प्रसाद वर्मा ग्राम दुबरिया थाना बदौसा को गिरफ्तार किया है जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीड़िता की पहचान उजागर की थी। पुलिस ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति जिसने पीड़िता की पहचान उजागर कर उसकी निजता का उल्लंघन किया है उसकी पहचान की जा रही है और उसकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक सतीश चन्द्र गौतम, कांस्टेबल अवधेश यादव व यादवेन्द्र रहे।

## पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा प्रदेश के 47 सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में शामिल



**महोबा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की 5वीं वर्षगांठ पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पीएमश्री विद्यालय राष्ट्र को समर्पित किये गये, जिसमें उत्तर प्रदेश के 47 सर्वश्रेष्ठ पीएमश्री विद्यालयों में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा को शामिल किया गया। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यालय की शिक्षिकाओं, छात्राओं, कर्मचारीयों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा। इस मौके पर केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू हुए 5 साल पूरे हुए है। 29 जुलाई 2020 को केन्द्रीय मंत्रीमंडल की मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किया गया था। जो भारतीय शिक्षा प्रणाली में 24 वर्षों बाद बड़ा सुधार था, पिछले 5 वर्षों में यह नीति भारत के लाखों बच्चों, शिक्षकों और स्कूलों के लिए परिवर्तन का प्रतीक बन चुकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मकसद सिर्फ पाठ्यक्रम बदलना नहीं था, बल्कि ऐसे शिक्षा तंत्र का निर्माण करना है, जो लचीला और बच्चों के अनुकूल हो, जिसमें जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं विविधता का समावेश हो। इस मौके पर सदर विधायक प्रतिनिधि रोहित शर्मा ने विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके ही अथक प्रयासों की वजह से पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा ने प्रदेश के 47 उत्कृष्ट पीएमश्री विद्यालयों अपनी जगह बनाई है, तथा आपके द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के अभियान को साकार किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने सभी शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# खिसियाये ट्रंप टैरिफ नोचें

हालांकि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर वार्ता जारी है और पांच दौर की वार्ता के बाद छठे दौर की वार्ता के लिए अमरीकी टीम इसी माह भारत आने वाली है। ऐसे में वार्ता के बीच ट्रंप ने भारत पर टैरिफ लगाकर एक तरह से अपनी उस मनोवृत्ति का परिचय दिया है जिसमें वे धौंस और धमकियों के जरिए अमरीका के फायदे वाली डील हासिल करना चाहते हैं। लेकिन छोटे देश या अमरीका पर अत्यधिक निर्भर देश की बात अलग है। भारत बड़ा देश है, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक ताकत है और अगले तीन-चार दशक में हमारी आर्थिकी और सामरिक शक्ति अमरीका से भी बड़ी होगी। ऐसे में एक उभरते और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के साथ ट्रंप ने अस्थिर मानसिकता के साथ जो बर्ताव किया है, दरअसल उससे अमरीका को भविष्य में बहुत नुकसान होगा। भारत के साथ अमरीका का चरित्र पहले भी दोगलेपन से भरा था। लेकिन हाल के वर्षों में दोनों देशों के



बीच रिश्ते संवर रहे थे। ट्रंप ने अपनी हरकतों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, दुनिया की सबसे अधिक आबादी और कुशल कामगार वाले देश को एक तरह से दूर करने का काम किया है। आज कोई भी देश अमरीका से खुश नहीं है। ऐसे में जैसे-जैसे अमरीकी शक्ति का पराभव होगा और भारत जैसे नये खिलाड़ी विश्व पटल पर उभरेंगे तो यही यूरोपीय यूनियन के देश और जापान अमरीका के खिलाफ खुलकर सामने आयेंगे और भारत जैसे बड़े देश के साथ अपने संबंधों को मजबूत करेंगे और अमरीका को ठेंगा दिखायेंगे। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर अगर सतर्क है, ऊर्जा आपूर्ति में विविधीकरण करता है, तो इससे अमरीका को चिढ़ क्यों हो रही है? रूस अगर अमरीका दुश्मन है तो उससे भारत क्यों अपना संबंध खराब करे। क्या अमरीका अपनी दोस्ती भारत से मजबूत करने के लिए पाकिस्तान से संबंध नहीं रखता। जब अमरीका भारत के दुश्मन जनरल मुनीर का स्वागत कर सकता है, तो भारत क्यों नहीं अमरीका के दुश्मन रूस के साथ अपनी दोस्ती निभा सकता है? दरअसल ट्रंप दोगले चरित्र के हैं, वह अपने फायदे के लिए आतंकी को भी महान बता देते हैं। अपने सहयोगी देशों पर दबाव डालकर एकतरफ अमरीका के फायदे के समझौते कर रहे हैं। लेकिन भारत के साथ ऐसा नहीं चल सकता है। ट्रंप को अगर भारत के साथ संबंध रखना है, व्यापार करना है, तो पारस्परिक लाभ और सह अस्तित्व का रास्ता अपनाना पड़ेगा। अमरीकी दादागीरी और धौंसपट्टी भारत के साथ नहीं चलेगी। भारत एक भी ऐसा शर्त मानने के लिए तैयार नहीं है जो राष्ट्रीय हित के खिलाफ हो। बस इसी बात से ट्रंप भन्नाये और खिसियाये हुए हैं और टैरिफ..टैरिफ खेल रहे हैं। आखिर यह टैरिफ अमरीकी जनता को ही महंगा पड़ेगा और एक दिन अमरीकी लोग ही ट्रंप के खिलाफ खड़े हो जायेंगे। ट्रंप बार-बार भारत को टैरिफ किंग कहते हैं। बीते दिनों उन्होंने फिर से अपनी पुरानी बात दोहरायी कि भारत की शुल्क दरें अधिक हैं और अमेरिका ने उसके साथ अपेक्षाकृत कम कारोबार किया है। ट्रंप ने कुछ और बातों को आपस में मिला दिया। मसलन उन्होंने कहा कि भारत रूस से तेल आयात करता है और उसको इसका भी जुर्माना भरना होगा। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जुर्माने का क्या मतलब होगा, लेकिन यह 25 फीसदी की शुल्क दर के ऊपर अतिरिक्त शुल्क के रूप में भी हो सकता है। ट्रंप की हरकतें निश्चित रूप से भारतीय उत्पादकों और भारत सरकार दोनों को सतर्क करने वाली हैं। कुछ समय ऐसा लग रहा था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत का नाम उन देशों की सूची में शामिल नहीं था जिन्हें ट्रंप ने इस महीने के आरंभ में एकतरफा पत्र लिखे थे। कई मौकों पर ट्रंप स्वयं बढ़-चढ़ कर कह चुके थे कि भारत के साथ एक बड़ा समझौता होने वाला है। यह बात भी गौर करने वाली है कि ट्रंप के जवाबी शुल्क पर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ऐसे में ट्रंप ने एकतरफ शुल्क लगाकर भारत के साथ कूटनीतिक रिश्तों को गर्त में पहुंचा दिया है।

### विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

-तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

# फुस्स हो गया भगवा आतंकवाद का गुब्बारा



अरविन्द जयतिलक

> सभी पर यह आरोप लगाये गये कि उन्होंने फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक की। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनहगार कौन है?

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियो को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्यूलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जूमले की हवा निकाल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रुप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमुढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं।

कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्यूलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्यूलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है। ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी



गयी उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल गृहमंत्री थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब सुशील कुमार शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देश भर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

### मालेगांव बम कांड

कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। लेकिन गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय सचिवालय के अपर सचिव रहे उनकी मानें तो भगवा आतंकवाद की शुरूआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह 2007 के अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। यहां ध्यान देना होगा कि मक्का मस्जिद विस्फोट मामला तभी संदेह के घेरे में आ गया था जब तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने प्रारंभिक जांच में स्थानीय पुलिस द्वारा विस्फोट के लिए जिम्मेदार ठहराए गए आतंकी संगठन हरकतुल जिहाद के आतंकियों पर शिकंजा कसने और दंडित करने के बजाए उन्हें जेल से छोड़ दिया और सीबीआइ जांच के बरक्स हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

अच्छी बात यह कि 2007 में हैदराबाद की मक्का मस्जिद में हुए बम विस्फोट मामले में भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने असीमानंद समेत सभी पांच आरोपियों को बरी कर दिया है। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टुबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरूआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दुध का दुध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे।

मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। अदालत ने यह भी कहा है कि घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। अदालत ने यह भी कहा है कि न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया।

### सोशल मीडिया

महाराष्ट्र की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को एआईआईबी का समर्थन मिला, मुंबई में आज एआईआईबी के उपाध्यक्ष एबी. पाण्डेय से बुनियादी विकास पर चर्चा की। देवेन्द्र फड़णवीस.



एसआईआर की आड़ में बिहार में हो रही वोट चोरी के खिलाफ संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के साथियों ने विरोध प्रदर्शन किया, हम वोट कभी छीनने नहीं देंगे। राहुल गांधी.



मालेगांव कांड के सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते की उद्घोषणा है, ये निर्णय कांग्रेस के सनातन व देश विरोधी चरित्र को उजागर करता है। सीएम योगी.



# जीवन से प्रेम करो

### अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

- वीओएल.

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

### व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!



अशोक गौतम

# भारतीय बैडमिंटन की नयी उम्मीद तान्वी व वेन्नाला



खेल जगत

अगर आप पिछले दो दशक का इतिहास देखें तो एशिया के उन्हीं खिलाड़ियों ने बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कमाल का प्रदर्शन किया है, जिन्होंने एशियन जूनियर चैंपियनशिप्स में कोई पदक जीता हो। अगर यही परम्परा आगे भी जारी रहती है, जिसकी प्रबल संभावना है, तो भारत तन्वी शर्मा व वेन्नाला कलागोटला से भविष्य में काफी उम्मीदें कर सकता है। तन्वी व वेन्नाला ने सोलो, इंडोनेशिया में आयोजित (18 से 27 जुलाई 2025) एशियन जूनियर चैंपियनशिप्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किये, उसके आधार पर उन्हें भविष्य की स्टार कहा जा सकता है या यूं भी कहा जा सकता है कि भारत को साइना नेहवाल व पीवी सिंधु के अवतार मिल गये हैं। 13 साल पहले सिंधु ने एशियन जूनियर चैंपियनशिप्स का खिताब जीता था। इत्तेफाक देखिये कि वेन्नाला का संबंध भी सिंधु की तरह सिकन्दराबाद की रेलवे कॉलोनी से है और वह भी सिंधु की ही तरह लम्बी (5 फुट 8 इंच) व इकहरे बदन की हैं। हालांकि तन्वी तो अब सीनियर लेवल पर भी तहलका मचा रही हैं, लेकिन हैदराबाद की 17-वर्षीय शटलर वेन्नाला ने अपने अजीबोगरीब रिफ्लेक्सिव डिफेंस, शक्तिशाली सटीक स्मैश से सबको आश्चर्य में डाल दिया। वह सेमीफाइनल में अपनी चीनी प्रतिद्वंदी लिउ सी से 15-21, 18-21 से हारी अवश्य, लेकिन मुकाबला कांटे का रहा और उन्होंने तीन मैच पॉइंट भी बचाये, जिससे मालूम हुआ कि उनमें अंत तक हार न मानने का जज्बा है।

वेन्नाला डबल्स भी खेलती हैं और शानदार ढंग से उन्होंने कृष्ण खेतान प्रतियोगिता जीती थी। वह रेलवे टिकट कलेक्टर की बेटी हैं, जो बॉल बैडमिंटन के खिलाड़ी हैं। यह खेल दक्षिण भारत में पॉपुलर है, इसे खेलने में बहुत मजा आता है और दक्षिण रेलवे की टीमों में इसके वास्तव में कुछ बहुत ही अच्छे खिलाड़ी हैं। वेन्नाला व उनके भाई को शटल बैडमिंटन खेलने के लिए भेजा गया, जो हैदराबाद में स्पोर्ट्स क्लब की संस्कृति बन गया है। वेन्नाला ने 8 साल की आयु में बैडमिंटन खेलना शुरू किया और बाद में वह पी गोपीचंद अकादमी का हिस्सा बन गईं। वह बताती हैं, 'मैं घर में बैठे बैठे बोर हो जाती थी, इसलिए मुझे बैडमिंटन खेलने के लिए एक क्लब में भेज दिया गया, जो हमारे रेलवे कॉलोनी के घर से 800 मी. के फासले पर था। मेरे पिता चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में जीतुं। मैं डबल्स भी खेलती हूं, लेकिन मेरा फोकस सिंगल्स पर है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह मेरा पहला पदक है, लेकिन मैं इससे बेहतर खेल सकती थी।'

चीनी खिलाड़ी एशियन जूनियर में बहुत तैयारी के साथ आते हैं। उन्हें देखकर वेन्नाला को एहसास हुआ कि उन्हें भी सेमीफाइनल में अधिक दमखम दिखाना चाहिए था। 'मैच के बाद मुझे एहसास हुआ कि मुझे अधिक तेज व आक्रामक खेलना चाहिए था।' दरअसल वह शटल को प्ले में रखने का प्रयास कर रही थीं और खुद से कह रही थीं कि कोई साहसी स्ट्रोक नहीं खेलेंगी। 'मैं समझती हूं कि पढाई बहुत बड़ा बोझ है, लेकिन मुझे स्विमिंग, टीटी व पेंटिंग करना भी बहुत पसंद है।' तन्वी गुवाहाटी के नेशनल सेंटर में ट्रेनिंग करती हैं। उन्होंने पूरी प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन सेमीफाइनल में एक अन्य चीनी खिलाड़ी यिन यी किंग के सामने अपने तौरपर बहुत गलतियां कीं और 13-21, 14-21 से हार गईं। दूसरे सेट में उन्होंने 6-1 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन पूर्व वर्ल्ड जूनियर्स की रजत पदक विजेता, जिसके पास अच्छा स्मैश व नेट पर धोखा देने की कला है, के लिए यह पर्याप्त न था। तन्वी कहती हैं, '13 साल बाद एशियन में पदक जीतना अच्छा रहा, लेकिन मुझसे काफी गलतियां हुईं।' दोनों भारतीय लड़कियों में काफी समानताएं हैं, केवल इसलिए नहीं कि दोनों ने कांस्य पदक जीता बल्कि दोनों की ही पृष्ठभूमि खेल की है। तन्वी की मां वॉलीबॉल की खिलाड़ी हैं, जबकि वेन्नाला के पिता बॉल बैडमिंटन खेलते हैं। वेन्नाला के अनुसार, 'बॉल बैडमिंटन अलग टीम खेल है, लेकिन कुछ स्ट्रोक्स शटल बैडमिंटन जैसे भी हैं। खिलाड़ी पैरेंट का होना मददगार होता है, क्योंकि वह दबाव को जानते हैं और डांटते नहीं हैं। अचानक हारने पर भी आप में विश्वास व खेल भावना रहती है।' इसमें तन्वी यह जोड़ती हैं, 'अपने पैरेंट्स को खेलता हुआ देख कर हम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होती हैं।'

सारिम अन्ना.

## आप की बात

### किसानों की आय बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे?

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### आतंकवाद पर देश की नीति

आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-टूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

**अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.**

संक्षेप

## जय प्रताप गुप्ता बने एनएसयूआई के महानगर अध्यक्ष

**अयोध्या।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने अयोध्या महानगर में अपनी टीम को मजबूती प्रदान करते हुए जयप्रकाश गुप्ता को महानगर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। संगठन में युवाओं को नेतृत्व देने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

अपनी नियुक्ति के बाद जयप्रकाश गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री के निवास स्थान पहुंचे, जहां डॉ. निर्मल खत्री ने उनका माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. खत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा नेतृत्व ही कांग्रेस पार्टी की असली ताकत है।

मुझे विश्वास है कि जयप्रकाश गुप्ता छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीति, कार्यक्रम व विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री चेतनारायण सिंह ने भी बधाई देते हुए कहा एनएसयूआई युवाओं के विचार मंच का सबसे मजबूत संगठन है।

# अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को संजो रही सरकार

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, अब भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के पश्चात देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश की

- पर्यटन विभाग तकरीबन 15 करोड़ की लागत से करा रहा मेकओवर
- नए वर्ष तक चारों द्वार हो जायेंगे तैयार, तेजी से चल रहा है कार्य
- चौक के चारों द्वार का हो रहा सौंदर्यकरण

योगी सरकार सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। नगरी के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मंदिर के उद्घाटन के बाद लाखों लोग हर साल यहां आ रहे हैं, जिससे अयोध्या की सांस्कृतिक और पौराणिक धरोहर को सहेजने की जरूरत और बढ़ गई है। इसी दिशा में योगी सरकार ने अयोध्या की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और सौंदर्यकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शहर के प्रमुख चैक के चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण और सौंदर्यकरण इसका प्रमुख उदाहरण है।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इन चारों द्वारों के सौंदर्यकरण के लिए करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से कार्य शुरू किया है। इन द्वारों का ऐतिहासिक महत्व अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। सरकार का लक्ष्य इन धरोहरों को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि इन्हें आधुनिक और आकर्षक रूप देकर पर्यटकों के लिए और खास बनाना है। इन द्वारों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और आगामी नए वर्ष यानी 2026 तक यह कार्य पूरा होने की उम्मीद है।राम मंदिर के निर्माण ने अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार शहर की बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण पर भी जोर दे रही है। इन प्रवेश द्वारों का सौंदर्यकरण न केवल अयोध्या की प्राचीनता को जीवंत रखेगा, बल्कि पर्यटकों को शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराएगा। गेट संख्या 1 व 4 में बने कमरो में नगखासी व प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। गेट नंबर 4 रेड स्टोन फ्लोरिंग एवं जाली का कार्य चल रहा है। गेट नंबर 3 के तीन मार्गो पर छत का पूर्ण हो गया है। वर्तमान समय में गेट 1 व 3 में स्थानीय निवासियों द्वारा दुकान चलाई जा रही है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बृज पाल सिंह ने बताया की डेडलाइन बीतने में अभी समय है। डेढ़-दो वर्ष पूर्व यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। 44 से 45 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। हमारा प्रयास रहेगा की निर्धारित समय में काम पूरा करा दिया जाएगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर दि आयुष्मान फाउंडेशन को मिला सम्मान

**अयोध्या।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय अयोध्या में आयोजित सम्मान समारोह में ह्लदि आयुष्मान फाउंडेशनह्व के सामाजिक कार्यों को मान्यता देते हुए फाउंडेशन के संस्थापक पवन पटेल को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 अजय सिंह गौतम ने फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर किए गए रक्तदान शिविरों और जनजागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा संगठनों की सहभागिता स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाती है। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में समाजसेवी पवन पटेल ने कहा कि ह्लरक्तदान एक महान सेवा है और ह्लदि आयुष्मान फाउंडेशनह्व आगे भी इसी तरह मानव सेवा के कार्य करता रहेगा।यह सम्मान संस्था के सहयोग से होने वाले रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को समर्पित करता हूँ।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश एवं राज्य रक्त संक्रमण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय अयोध्या पर किया गया।

## 110 किमी साइकिल यात्रा बनी प्रेरणा, पौधरोपण, संवाद से गूंजे कस्तूरबा विद्यालय



**बाराबंकी।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यएक पेड़ माँ के नाम 2.0ह्ल साइकिल रैली ने दो दिनों में लगभग 110 किलोमीटर की प्रेरणादायक यात्रा पूरी कर पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। यात्रा के दौरान देवा, बंकी व हरख क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। राजभवन अधिकारियों की साइकिल रैली देवा से प्रारंभ होकर बंकी, हरख पहुँची। इस दौरान तीन कस्तूरबा विद्यालयों में कुल 600 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, छात्राओं से संवाद, व हस्ताक्षर जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौलश्री, सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद जैसे पौधों का रोपण किया गया। साइकिल रैली का समापन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख में हुआ। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी साधना सिंह, बीईओ हरख अश्विनी प्रताप सिंह, बीडीओ हरख प्रीति वर्मा, बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय, जिला समन्वयक पुनीत श्रीवास्तव, बीईओ बंकी चंद्रशेखर यादव, बीईओ देवा सुनील कुमार गौड़, तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सहित शिक्षा विभाग और प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत हुए नरेन्द्र कुमार वर्मा



**बाराबंकी।** सपा सुप्रीमो एंव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने जनपद के जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा को समाजवादी अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत करते हुये नियुक्ति पत्र सौपा। इस मौके पर नवागत अधिवक्ता राष्ट्रीय महासचिव श्री वर्मा ने सपा सुप्रीमो व सपा अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि पीडीए को पूरे देश मे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## केला रोपण के लिए उपयुक्त समय का लाभ उठायें कृषकः उद्यान अधिकारी

**बहराइच ।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार संचालित एकीकृत बागवानी मिशन (एमआईडीएच) अन्तर्गत फेन्सिंग को सम्मिलित किया गया है, जिसमें प्रत्येंक किसान को 1000 मीटर तक अनुदान अनुमन्य है। श्री चैधरी ने बताया कि वर्तमान समय केला रोपण हेतु उपयुक्त समय है।

केला उत्पादक कृषक जनपद हेतु नामित कम्पनी से कृषक अंश जमा करते हुए पौधा प्राप्त कर सकते हैं। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कृषकों का चयन ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल वरीयता के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम फल क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत 190 हे. (सामान्य 131 हे. एवं एससीपी 59.00 हे.) शाकभाजी क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत 200 हे. (सामान्य 180 हे. एवं एससीपी 20.00 हे.) का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त प्याज, लहसुन, हनी बी कालोनी, जैविक खेती, मचान विधि से सब्जियों की खेती, औषधीय फसलें, बागवानी में मशीनीकरण, जल संग्रह स्ट्रक्चर एवं फेन्सिंग का 4000 मीटर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयावधि में योजना प्रभारी, पंकज वर्मा के मो.नम्बर 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# 24 घण्टे में महिला आरक्षी विमलेश पाल हत्याकाण्ड का खुलासा

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** थाना मसौली व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने महिला आरक्षी विमलेश पाल हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुये हत्याभियुक्त/पति को आलाकत्ल, पर्स व कार बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित

- हत्याभियुक्त आरक्षी पति गिरफ्तार, आलाकत्ल राड़, पर्स व कार बरामद
- शादी के बाद पत्नी का दर्जा मांगने पर महिला आरक्षी की हत्या
- 2024 में महिला सिपाही ने दुष्कर्म का दर्ज कराया था मुकदमा

विजयवर्गीय ने बताया कि बीती 30 जुलाई को थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिन्दौरा के पास महिला आरक्षी विमलेश पाल का शव खेत में मिला था। जिसके बाद मृतका की बहन वादिनी पूजा पाल पुत्री स्व0 रामभरतपाल निवासिनी ग्राम अहरौली भभोट थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर ने पति इन्द्रेश मौर्या निवासी सुल्तानपुर के खिलाफ तहरीर दी गई। जिसके पुलिस की संयुक्त टीम ने नामजद हत्याभियुक्त/पति इंद्रेश मौर्या पुत्र दान बहादुर मौर्या निवासी ग्राम प्राणनाथपुर थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर को भयारा रोड, प्लाई वुड फैक्ट्री के पास से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल 1 अदद लोहे की रॉड, मृतका का पर्स, घटना में प्रयुक्त एक अदद वैगनार कार संख्या यू0पी 32 सीसी 8480 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि वर्ष 2017 मे मृतका से दोस्ती हुई। जिसके बाद दोस्ती प्रेस मे बदल गई थी। मृतका द्वारा शादी करने का प्रस्ताव रखा। लेकिन शादी से इन्कार करने के पश्चात मृतका द्वारा आत्महत्या करने का दबाव बनाया जाने लगा। इसी बीच दूसरी जगह शादी तय होने के बाद मृतका द्वारा थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 142/24 धारा 376/506 भादवि पंजीकृत करवाया। जिसके बाद मृतका से आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।

एंव धारा 164 सीआरपीसी के बयान के आधार पर दिनांक 15 मार्च 2024 को अन्तिम रिपोर्ट लगा दी गयी। मृतका से पीछा छुड़ाने के लिये बीती 27 जुलाई को लखनऊ से वैगनार कार लेकर बिंद्रा पुल के पास मृतका विमलेश से मिलकर और बातचीत के बहाने खेत की ओर ले जाकर पीछे से लोहे की रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी।

रात एक बजे तक वह लखनऊ लौट गया और अगले दिन सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से सुल्तानपुर चला गया।

## पानीपत से बहराइच जा रही अनफिट डग्गामार, एआरटीओ ने किया सीज



**बाराबंकी।** अनाधिकृत डग्गामार वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग आपरेशन चलाते हुये कार्यवाही की। आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर चेकिंग के दौरान पत्रावलियो की जांच करते हुये पानीपत से बहराइच जा रही अनफिट डग्गामार बस संख्या यू0पी 43 एटी 3595 नवीन बस अड्डे पर सीज किया। तथा यात्रियो को दूसरे वाहन से गतव्य की ओर रवाना करवाया। इसके साथ ही अन्य अभियोगो मे दर्जनो वाहनो के चालान भी किये।

# रक्षक बने भक्षक दीवानी न्यायालय के वकील ने लगाये गंभीर आरोप



**बहराइच ।** पीड़ित अधिवक्ता सलमान खान पुत्र ननकऊ निवासी ग्राम लौकाही थाना मोतीपुर जनपद बहराइच ने पुलिस अधीक्षक महोदय को लिखित प्रार्थना पत्र देकर में न्याय की गुहार लगाई है पीड़ित ने बताया है शिवेश शुक्ला (सब इंस्पेक्टर) चौकी प्रभारी बलई गांव थाना मोतीपुर जनपद बहराइच विक्रांत बालियान (हेड कांस्टेबल) ऋषि मिश्रा (कांस्टेबल) दीवानी न्यायालय बहराइच में वकालत करता है वह सोमवार से शुक्रवार तक अपने हाल पते पर ही निवास करता है

प्रार्थी का मूल निवास स्थान ग्राम सभा लौकही के बाहर अपने क्रय किए गए भूमि में मकान बनाकर अपनी पत्नी वृद्ध माता-पिता के साथ रहता है रात को बजे 1:20 पर हल्की बारिश का फायदा उठाकर खेत में बना अकेला मकान सुनसान घर देखकर विपक्षीगढ़ दीवार कूद कर घर में घुस गए प्रार्थी की पत्नी की आंख खुल गई विपक्षीगढ़ को देखकर डर गई और सहम गई सभी लोग वर्दी पहने रखे थे प्रार्थी की वृद्ध माता ने घर में खटर-पटर की आवाज सुनकर उठी तथा पूछा आप लोग मेरे घर में कैसे आए तो उनके साथ अभद्र भाषा में बात करते हुए चले गए ।

वहीं शिकायत करने पर प्रार्थी के परिवार के सदस्यों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देते हुए चले गए प्रार्थी की पूरी घटना फोन कर पत्नी तथा वृद्ध माता-पिता द्वारा बताया गया सुबह घर में प्रार्थी की पत्नी को ना तो जेवरात मिले और ना ही घर में रखा नगदी ?एक लाख रुपए मिला विपक्षीगढ़ के साथ कोई भी महिला आरक्षी सिपाही नहीं थी सुबह दिनांक 29/7/25 को संबंधित थाना मोतीपुर पर सूचना लिखित रूप में दिए गई लेकिन विपक्षी गणों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई तब प्रार्थी आहत होकर श्रीमान जी को प्रार्थना पत्र दे रहा है अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि प्रार्थी विपक्षी गण के विरुद्ध सोसंगत धाराओं में जांच कर कर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें

# जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारीः राजेश कुमार

अयोध्या। नवागत मंडलायुक्त राजेश कुमार ने गुरूवार मण्डलीय अधिकारियों के साथ एक परिचय बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार में किया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर जनसामान्य की समस्याओं को सुनते हुए उनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सभी मण्डलीय अधिकारी अपने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा करते हुये समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में चल रही परियोजनाओं को समयबद्व व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें व समय से पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित करायें।

मण्डलायुक्त ने बैठक के दौरान सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये कहा कि स्कूल, हास्पिटल, आंगनबाड़ी केन्द्र, प्रशासनिक कार्यालय आदि जो जर्जर भवन में संचालित है उनको यथाशीघ्र चिन्हित करते हुये उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर जिन विभागों की श्रेणी सी व डी है वह अर्न्तविभागीय समीक्षा करते हुये रैकिंग में सुधार करायें। इसके साथ साथ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का सभी मण्डलीय अधिकारी समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि से कहा कि मण्डल के सभी जनपदों में खाद आपूर्ति व वितरण की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए उसकी एक रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय को भी उपलब्ध करायें और मण्डल के कृषकों को किसान सम्मान निधि समय पर उनके खाते में पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी, संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा, अपर नगर आयुक्त, संभागीय खाद्य नियंत्रक, अपर निदेशक चिकित्सा, संयुक्त निदेशक कृषि सहित उपनिदेशक गण, सहायक निदेशक आदि उपस्थित रहे।

इसके पूर्व प्रेस वार्ता के दौरान मण्डलायुक्त ने अपना परिचय देते हुए कहा कि अयोध्या नगरी विश्व के पटल पर धार्मिक व पर्यटन नगरी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रही है, जिसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा यहां पर बहुत सारी परियोजनाएं संचालित है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे है और उनकी सुविधाओं को प्राथमिकता में रखते हुए योजनाएं चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अयोध्या में चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना प्राथमिकता होगी। इसके साथ साथ सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मण्डल के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्राप्त हो, ऐसा सुनिश्चित कराया जायेगा। मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या में त्योहारों का सीजन चल रहा है जिसमें प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आगमन हो रहा है, उनको दर्शन पूजन में बेहतर व्यवस्थाएं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए कराया जायेगा।

## कुचेरा-पिपरी जलालपुर मार्ग नहीं खुला तो होगा आंदोलन

अयोध्या। राष्ट्रीय राजमार्ग फैजाबाद से रायबरेली मार्ग पर फैजाबाद से 20 किलोमीटर की दूरी पर कुचेरा बाजार से शाहगंज, पिपरी जलालपुर होते हुए अंबेडकर नगर से बनारस तक जाने वाले राज्य मार्ग को मीठे गांव टोल कर्मियों के प्रभाव में आकर प्रशासन द्वारा बंद कराना किसी भी दशा में उचित नहीं है। टोल कर्मियों द्वारा स्थानीय नागरिकों को गुमराह करके अनापत्ति प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर बनवा लेना जालसाजी का कार्य है जिसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए। उक्त मांग भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने जिला प्रशासन से करते हुए चेतावनी दिया है कि यदि अभिलंब उक्त रास्ते को पूरी तरह से खोला नहीं गया और किसी भी वाहन को उक्त रास्ते पर जाने से रोका गया तो बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा, घनश्याम वर्मा ने कहा कि कुचेरा बाजार से पिपरी जलालपुर अंबेडकर नगर मार्ग बहुत पुराना है जिसके माध्यम से शाहगंज ,पिपरी जलालपुर ,बीकापुर, रामपुरभगन, तारुन, गोसाईगंज, टांडा, मिझौडा चीनी मिल, अंबेडकरनगर ,बनारस तक की यात्रा की जाती है मोरंग, गिट्टी की गाड़ियां भी उक्त रास्ते से आम जनता ले जाती है। मीठे गांव टोल कर्मियों के आर्थिक प्रभाव में आकर तहसील प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन उक्त रास्ते पर पिलर आदि लगाकर रास्ते को बंद करके जनता को हैरान- परेशान कर रही है जिसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घनश्याम वर्मा ने कहा कि कुचेरा बाजार से पिपरी जलालपुर मार्ग को खोलने के लिए 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत की जाएगी।

## सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को उपहार भेंट कर दी विदाई



**बहराइच।** पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर ₹पुलिस लाइन सभागार₹ में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप उ0नि0 श्री सुशील कुमार सिंह, उ0नि0 श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, उ0नि0 श्री राम स्वरूप, उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह, फायरमैन राम अभिलाष तिवारी, आरक्षी घनश्याम को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया तथा उनके द्वारा दिये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह, अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण व सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित रहे

## नवागत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ग्रहण किया पदभार

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** नवागत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच मुख्यालय पहुॅचकर जिला कोषागार में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, नवांगतुक अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, डीडीओ राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पदभार ग्रहण करने के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचायत्मक भेंट वार्ता में नवागंतुक डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी लक्षित वर्गो को पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। डीएम ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि उनके नेतृत्व में जिले के अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आकांक्षात्मक जिले के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करेंगे। उन्होनें मीडिया प्रतिनिधियों से जिले के विकास में सहयोग करने की अपील भी की। इसके पश्चात अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाय। शासन की मंशानुसार योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचायें। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो अवगत करायें जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। डीएम ने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में में नवाचार को बढ़ावा दिया जाय। आनगोईंग कार्यो को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराया जाय।

# धूमधाम से मनायी गयी राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** भारत रत्न महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती 1 अगस्त के 1 दिन पूर्व 31 जुलाई को शहर के धार रोड स्थित बाल साक्षरता केंद्र स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे गरीब परिवार के 150 बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरण करके तथा राजर्षि के नाम पर वृक्षारोपण करके धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीरा कपूर समाज सेविका ने राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के चित्र पर मलार्पण करके कियाह्ल तथा अपने संबोधन में कहा कि राजर्षि टंडन भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता के साथ समाज सुधारक पत्रकार शिक्षाविद तेजस्वी वक्त भी थे। ह्लसभा के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय इतिहास में एक ऐसे महापुरुष होने के साथ हिंदी भाषा के लिए तथा स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी पंक्ति के नेता तो थे ही हिंदी भाषा को देश में अग्रणी स्थान दिलाने के लिए उनके योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार ने उनको सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न प्रदान किया उनके किए गए कार्यों को भू लायानहीं जा सकताह्ल कार्यक्रम में ह्लप्रस्ताव पास करके प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भारत रत्न राजर्शी टंडन जी के नाम पर एक चैराहा बनाया जाए इस मांग पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत व अभिनंदन किया। ह्लविशिष्ट अतिथि डॉक्टर स्वदेश मल्होत्रा ने कहा कि गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरण करके उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अतिथि मीनू कपूर पूर्व प्रधानाचार्य और कन्या इंटर कॉलेज ने कहा कि ऐसे महापुरुषों की जयंती पर समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर उनके कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के पश्चात राजर्षि टंडन के नाम पर पांच वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण उपस्थित लोगों ने किया कार्यक्रम में शिक्षा प्राप्त कर रहे गरीब परिवार के 150 बच्चों को पढ़ने के लिए सभा के सचिव सुप्रीत कपूर के पिता स्वर्गीय राकेश चंद्र कपूर सेवा संस्थान द्वारा सीट बेंच टिफिन बॉक्स रजिस्टर कॉपियां किताब पटरी पेंशन रबर डस्टर मार्कर पेन बिस्कुट नमकीन आदि बहुत सी सामग्री वितरण किया गयाह्ल कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के ह्लसंरक्षक आलोक मनचंदा ने तथा संचालन अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कियाह्ल आए हुए लोगों का आभार स्कूल की ह्लप्रबंधक श्रीमती अजय रानी शर्मा ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित होने वालों में सभा के संरक्षक राजीव साहनी संरक्षक हर्ष मनोचा हरीश कुमार धवन महिला खत्री सभा की अध्यक्ष बबीता साहनी दीपा मनचंदा सभा के महामंत्री कविंद्र साहनी उपाध्यक्ष संजय मेहरोत्रा उद्योग सचिन सचिन सरीन सचिन रोहन मेहरोत्रा राणा सिंपल सचिन निखिल टंडन उपाध्यक्ष आलोक मनुष्य सचिन सुप्रीत कपूर सचिव सुरेंद्र पुरी मनोज महिंद्रा महिला खत्री सभा की रितु साहनी पूनम मल्होत्रा कंचन साहनी सरिता महिंद्रा सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।

## पूर्व डीजीसी व शासकीय अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वः पं0 कन्हैयालाल शुक्ल की जयंती समारोह पर चलाए जा रहे सम्मान समारोह मे आज पूर्व डीजीसी जीमल अहमद, देवी शरण गुप्त, पूर्व शासकीय अधिवक्ता विनोद द्विवेदी, रघुराज सिंह वर्मा, रामसूरत यादव को अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संतोष सिंह, सुरेश शुक्ल, आर0पी गौतम, उमाकांत द्विवेदी, जंग बहादुर सिंह, अमित अवस्थी, सुरेश चंद्र गौतम, राजेश मिश्र, राजेंद्र यादव, सौरभ द्विवेदी, निर्मल वर्मा, सर्वेश मौर्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## टीकाकरण न होने से जा रही है बेजुबानों की जान

**खीरों, रायबरेली।** बरसात के मौसम संक्रामक बीमारियों की भरमार होती है। इन बीमारियों की चपेट में आने से बेजुबानों की मौतें हो जाती है। वर्षात को माह से अधिक बीत रहे है किन्तु पशु चिकित्सालय की उदासीनता के चलते अब-तक क्षेत्र के गाँवो में पशुओं का टीकाकरण नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि जबसे डॉ. पंकज कुमार पटेल का स्थानान्तरण हुआ तबसे पशु चिकित्सालय में नियुक्त डॉ० का गाँव में आना-जाना और पशुपालकों से संपर्क ही टूट गया। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा आज तक न तो गाँव में चैपाल लगाई गयी न ही पशुपालकों को मुफ्त दवा का वितरण किया गया। टीकाकरण न होने से पशु बीमार होकर दम तोड़ रहे है, यदि समय रहते पशुओं का टीकाकरण किया गया होता तो शायद पशुओं की जाने न जाती। ग्राम अजीतपुर, नुनैरा, बनईमऊ, टिकवामऊ, गौनहा, एकौनी, अखऊपुर, अकोहरिया, कमालपुर, जसमऊ, सेनी, मेडौली, भीतरगाँव, दहिरापुर, चांदेमऊ, मेरामऊ, बरौला, मदनापुर, सगुनी, पाहो सहित अनेक गाँवों के पशुपालकों ने पशु चिकित्सालय द्वारा बढती जा रही उदासीनता से गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## मनोविभाग में अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

**सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस के मनोविभाग में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार मिश्रा ने संस्थान के नव प्रवेशित स्नातक छात्र व छात्राओं को मनोविज्ञान पाठ्यक्रम व नई शिक्षा नीति के उद्देश्य तथा परिसर अनुशासन व्यवस्था से परिचित कराया। इस आयोजन मे डॉ मिश्रा द्वारा जीवन मे मनोविज्ञान की उपयोगिता महत्व एवं व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक मापन पर चर्चा की गयी। वहीं विद्यार्थियों को मानव के रचनात्मक विकास के लाभों से परिचित कराया गया। इस मौके पर शुभी कविता सृष्टि दुबे सुरजीत आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निफ्ट ओरिएंटेशन 2025 का दूसरा दिन जानकारी और उमंग से भरपूर

**रायबरेली।** निफ्ट में चल रहे ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 के दूसरे दिन का आयोजन आज उत्साह और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रियांशु श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर एवं ईआरपी यूनिट प्रभारी द्वारा कॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम (सी एम एस) पर एक जानकारीपूर्ण सत्र से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को ब्डै के प्रयोग, उसकी उपयोगिता व इससे जुड़ी अकादमिक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात जेंडर सेंसिटाइजेशन पर एक संवेदनशील और जागरूकता बढ़ाने वाला सत्र आयोजित किया गया, जिसमें नितिका बसु आहुजा ने लैंगिक समानता, आपसी सम्मान और समावेशिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों से संवाद किया। यह सत्र विद्यार्थियों में सामाजिक समझ को विकसित करने में सहायक रहा। दिन का समापन बैरल ओ फन कार्यक्रम के तहत विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ हुआ, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को परस्पर परिचय और मेलजोल के माध्यम से निफ्ट रायबरेली के वातावरण में सहज बनाना है। ओरिएंटेशन का यह तीन दिवसीय कार्यक्रम विद्यार्थियों को संस्थान के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है।

# मनायी गयी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। रामचरितमानस के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति के बीच प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के साथ गोस्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए, तत्पश्चात छात्रों ने हनुमान चालीसा का मनमोहक पाठ किया। तुलसीदास जी की भूमिका में छात्र वेदांत आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे। श्री प्रजापति ने बताया कि तुलसीदास जी भगवान श्री राम की अनन्य भक्ति के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को जो मार्गदर्शन दिया वह अनुकरणीय है, उनके द्वारा अवधी भाषा में रचित रामचरित मानस ने उन्हें जन-जन का कवि बना दिया, इस महाकाव्य में भगवान श्री राम का चरित्र सम्पूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत है, इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, साक्षी द्विवेदी, स्वेतांजली सिंह, सुभी सिंह, शाम्भवी सोनी, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तुलसीदास जयंती पर हुई गोष्ठी और चौंपाई प्रतियोगिता

**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में महर्षि तुलसीदास जन्म जयंती के अवसर पर गोष्ठी और चैपाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों कृष्णा शुक्ला, हिमांशी सिंह, वरुण प्रताप सिंह को आरएसएस के धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सुशील शुक्ला ने कहां कि महर्षि तुलसीदास एक महान कवि और संत थे जिन्होंने हिंदी साहित्य में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनका जन्म 1532 ईस्वी में बांदा जिले के राजापुर गांव में हुआ था, हालांकि कुछ विद्वान उनका जन्म स्थान एटा जिले के सोरो नामक स्थान को मानते हैं। तुलसीदास जी सरयूपारी ब्राह्मण थे और उनके पिता का नाम आत्माराम दुबे एवं माता का नाम हुलसी था। उन्होंने कहा कि भगवान राम की लीलाओं से ओत-प्रोत रामचरितमानस पाठ की रचना कर संत तुलसीदास आज भी अजर और अमर हैं। लोगों की रुचि देखते हुए उन्होंने रामचरितमानस पाठ की रचना लोक भाषा में की थी। महर्षि तुलसीदास हिंदी भाषा के अतिरिक्त संस्कृत, बृज और अवधी के भी बहुत बड़े ज्ञाता थे।

# दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल, रेफर

**नसीराबाद, रायबरेली।** जमीनी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक को लाठी डंडों से खूब मारा-पीटा और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में घायल युवक को मेडिकल के लिए सीएचसी नसीराबाद भेजा। जहाँ हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर पर दो महिला सहित चार लोगों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे औसान मजरे पूरे बेवल निवासी राम शंकर पुत्र भगौती प्रसाद ने तहरीर दी। तहरीर में लिखा कि उसके घर के पास आम की लकडी रखखी थी। जिसे विपक्षी लोग काटने लगे मना करने पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर नाती सचिन को घायल कर दिया। बाद में पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद भेजा। जहाँ हालत गम्भीर होने पर युवक को सी एच सी से जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बाद मे पुलिस ने पीड़ित के पिता राम शंकर पुत्र भगौती प्रसाद से मिली तहरीर पर राजेंद्र पुत्र ननकऊ व आकाश पुत्र राजेंद्र व सम्पत्ति पत्नी चन्द्र पाल तथा अमरजीत पत्नी राजेंद्र निवासीगण पूरे औसान मजरे बेवल के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक को सौंपी गई है।

## ट्रक की टक्कर से कोचिंग जा रही बालिका की मौत

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के लालगंज उन्नाव मार्ग पर ट्रक की टक्कर लगने से कोचिंग पढ़ने जा रही सातनपुर गांव की बालिका पायल वाजपेई की दर्दनाक मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सातनपुर गांव की पायल बाजपेई( 15 ) पुत्री देव कृष्ण बाजपेई सलेश्वर स्कूल में पढ़ती है। स्कूल में पढ़ने के बाद वह साइकिल से कोचिंग पढ़ने लालगंज जा रही थी। तभी रूद्रा होटल के सामने ट्रक संख्या यूपी 32 टीएन 5999 के चालक रोहित यादव ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी जिससे बालिका की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गांव पास होने के चलते सूचना पहुंचते ही भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। लोगों ने धरना प्रदर्शन करने का प्रयास किया लेकिन प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के समझाने बुझाने पर लोगों ने बालिका के शव को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अव्यवस्थाओं के चलते गौशाला में मौत के घाट उतर रहे मवेशी



**गौरीगंज, अमेठी।** योगी सरकार जहाँ गौशालाओं की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए आला अफसरों को आए दिन कड़े निर्देश जारी करती रहती है तो वहीं जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गौशालाओं में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा रहता है पर्याप्त मात्रा मे चारा भूसा एवं समुचित देखभाल ना होने के चलते मवेशी मौत के घाट उतर रहे हैं उच्च अधिकारी बेखबर हैं। विकास खंड जगदीशपुर के अंतर्गत स्थित गौशाला रस्तामऊ मे पशुओं की दुर्दशा देखते ही बनती है जहाँ कीचड व गंदगी का अंबार लगा रहता है पर्याप्त मात्रा मे चारा भूसा ना होने के कारण पशुओं को भरपेट चारा नहीं मिल पाता वहीं हरा चारा भी नदारद रहता है केवल सूखा भूंसा डालकर महज औपचारिकता निभाई जाती है मजे की बात तो यह है कि नाम मात्र के लिए पशुओ के आगे भूसा आहार डाल कर फोटो लेकर कागजी खानापूरी कर ली जाती है मवेशी भरपेट चारा ना पाने के चलते दम तोड़ देते हैं। इस संबंध मे खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज ने बताया कि जांच के उपरांत अव्यवस्था पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शिवली कांड में दस दिन बाद दर्ज हुआ केस

**शुकुलबाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र के शिवली में खेत में रोपाई के दौरान हुई दो पक्षों हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दस दिन बाद दूसरे पक्ष की तहरीर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट हत्या के प्रयास छीनैती का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद की गई है। पीड़ित शारदा प्रसाद तिवारी की तहरीर में आरोप लगाया गया है कि रविंद्र सिंह ने नरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ चट्टू सिंह, राहुल सिंह और रामकिशोर सिंह अपने सहयोगियों के साथ खेत में पहुंचकर हमला करवाया। आरोप है कि मौके पर राहुल सिंह ने आलोक तिवारी पर कट्टे से फायर किया जो मिस हो गया। इसके बाद लाठी-डंडों और फरसे से हमला किया गया। चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए, नकदी और मोबाइल भी छीने गए।

**एक पक्ष की एफआईआर तत्काल, दूसरे की टाली जाती रही**

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह की ओर से दी गई तहरीर पर उसी दिन मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पीड़ितों ने जब कई दिनों तक थाने का चक्कर लगाया और सुनवाई नहीं हुई तो मामला डीएम और एसपी तक पहुंचा। जानकारी के मुताबिक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया, जिसके बाद दूसरे पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि, ह्लदोनों पक्षों की तहरीर पर जांच की गई है। पहले प्राप्त हुई तहरीर पर तत्काल एफआईआर हुई थी। दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी अब मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच निष्पक्ष रूप से जारी है। किसी पक्ष के साथ भेदभाव नहीं किया गया है।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ इकाई द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली, चयन बोर्ड नियमावली में धारा 21, 18 और 12 की पुनः बहाली, सिटीजन चार्टर की लागू व्यवस्था और कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांगों को प्रमुखता से उठाया। धरने की अध्यक्षता संघ के प्रधान संरक्षक अमरनाथ सिंह ने की। जिला अध्यक्ष राज बहादुर पाठक ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना शिक्षकों के बुढ़ापे का आधार है, और इसे बहाल करवाने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक केडी सिंह ने सरकार पर शिक्षकों के साथ दोहरा व्यवहार करने का आरोप लगाया। परिषद के अध्यक्ष डॉ. राधाकृष्णन मिश्रा ने युवा शिक्षकों से संगठन से जुड़ने और संघर्ष के लिए तत्पर रहने की अपील की। धरने को डॉ. दिनेश प्रताप सिंह, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. सुशील सिंह, अजय कुमार ओझा, राज नारायण उपाध्याय, डॉ. रविंद्र प्रताप सिंह, सुधीर यादव, डॉ. तारा सिंह, महेंद्र कुमार दुबे सहित कई शिक्षकों ने संबोधित किया। जिला मंत्री पंकज सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। धरना समाप्ति पर 15 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया, जिसे जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्वीकार कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। धरने में सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी शामिल हुए।




# संस्कृत भाषा जीवन के मूल्य को संरक्षित करने का सफल माध्यमः रत्नेश श्रीवास्तव

**रायबरेली।** संस्कृत भाषा जीवन के मूल्य को संरक्षित करने का सफल माध्यम है। मनुष्य को संस्कृत से जुड़कर सामर्थ्यवान जीवन व्यतीत करना चाहिए। उक्त उद्गार संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि व जीआईसी रायबरेली के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में उपयोगी सभी मूल तत्त्व में संस्कृत भाषा समन्वित है।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता माँ सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता राजकीय इंटर कालेज रायबरेली में दो चरणों में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभ्सिन्न विद्यालयों से आये बच्चों ने प्रतिभाग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सलोनी ने प्रथम स्थान, सेजल मौर्या को द्वितीय स्थान तथा आर्यन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं संस्कृत गीत प्रतियोगिता में षषि को प्रथम स्थान, आदित्य शुक्ल को द्वितीय तथा प्रियांशु तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जिन्हें पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में निर्णायक रहे डॉ सतीश प्रताप सिंह, प्रभात अवस्थी तथा संस्कृत गीता प्रतियोगिता में सुशील कुमार शुक्ल, नीलम शुक्ला ने जिम्मेदारी का निर्वाहन किया। संस्कृत प्रतिभा प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें तीन छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अशोक कुमार शुक्ल ने करते हुए कहा कि



संस्कृत भाषा हमारी धरोहर जिसके लिए हमें लगातार प्रयास करते हुए इसके संरक्षण की चिंता करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को संस्कृत से जुड़ने के लिए कई प्रकार के उद्देश्य बतलाए। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए नोडल संस्कृत हरीशानन्द मिश्र ने कहा कि विश्व में संस्कृत भाषा का बोलबाला है भारतीयता का संवर्द्धन हमारी संस्कृति देववाणी संस्कृत से ही संभव है तथा संस्कृत से ही आत्मतत्व का बोध हो सकता है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सफल कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभा खोज परीक्षा प्रतियोगिता से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है तथा उन्हें तमाम जानकारियां प्राप्त होती हैं। संस्कृत के अध्ययन से छात्रों को भाषा सफल होने का बल प्रदान किया जाता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र, विवेक दीक्षित, श्रद्धा सिंह, शशिकांत शुक्ल, राजीव कुमार शुक्ल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## भूगोल विद्यार्थियों को प्रकृति की वास्तविक जानकारी देने वाला यथार्थ ज्ञान है : सुधांशु

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के प्रतिष्ठित संस्थान केएनआई में छात्र उन्मुखीकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दिन गुरुवार को भूगोल विभाग मे छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभागाध्यक्ष मि सुधांशु प्रताप सिंह ने की। इस अवसर इन्होंने संस्थान परिसर के शिक्षा वातावरण एवं प्रकृति अध्ययन मे विषय की विशेषता से अवगत कराया। साथ ही साथ इस आयोजन में विद्यार्थियों ने जैव संरक्षण हेतु भूगोल विषय की भूमिका के बारे भी जानकरी हासिल की। डा. आर पी मिश्र ने नई शिक्षा नीति की योजनानुसार विषय के पाठ्यक्रमों पर चर्चा की। इन्होंने नवप्रवेशित छात्रों को विभाग मे आगामी आयोजित होने वाली छात्र संगोष्ठी, समूह चर्चा, क्षेत्रीय अध्ययन व शैक्षणिक भ्रमण जैसे पाठ्य सहगामी गतिविधियों से अवगत कराया। डा. नम्रता वर्मा ने पूरे अनुशासन के साथ पहचान पत्र लेकर सदैव कालेज ड्रेस मे विद्यार्थियों को कक्षा अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। भूगोल के प्राध्यापक मि अतुल कुमार ने विद्यार्थियों को सदैव पठन-पाठन हेतु विभाग में समय से उपस्थित रहने की सलाह दी। भूगोल विभाग मे आयोजित छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम मे अनन्या खुशी व शिवेन्द्र सहित अनेको विद्यार्थी व भूगोल प्रयोगशाला सहायक रामशबद व परिचर प्रभात सिंह उपस्थित रहे।

# बद्री प्रसाद सिंह अध्यक्ष तो मंगला प्रसाद तिवारी बने सचिव



- कादीपुर बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न

**कादीपुर, सुलतानपुर।** बार एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी के चुनाव में बद्री प्रसाद सिंह अध्यक्ष एवं मंगला प्रसाद तिवारी सचिव चुने गए। गुरुवार को हुए चुनाव एवं मतगणना के बाद बद्री प्रसाद सिंह को 168 मत मिले। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक पांडेय को 145 मत मिले। जमुना प्रसाद मिश्र 38 एवं आदर्श कुमार सिंह को 27 मत मिले। एक मत निरस्त रहा। इस प्रकार 23 मतों से बद्री प्रसाद सिंह विजई रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर राधेमोहन प्रजापति अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज कुमार को 87 मतों से हरा कर विजई घोषित हुए। राधे मोहन प्रजापति को 222 एवं मनोज कुमार 135 मत मिले। सचिव पद पर मंगला प्रसाद तिवारी को 156 एवं अजय मिश्र को 123 तथा विकास सिंह को 100 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार मंगला प्रसाद तिवारी 33 मतों से विजई घोषित किए गए। सहसचिव कल्याण निधि के पद पर अशोक वर्मा 173 एवं विकास कुमार सिंह 126 तथा रविंद्र नाथ प्रजापति को 43 मत मिले। इस प्रकार अशोक वर्मा 47 मतों से चुनाव जीते। सहसचिव प्रशासन के पद पर मनोज कुमार को 220 एवं प्रदीप कुमार सिंह को 115 मत मिले। इस प्रकार 105 मतों से मनोज कुमार विजई घोषित किए गए। वही पर मध्यम उपाध्यक्ष पद पर राजेश सिंह एवं देवी सहाय मिश्र तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सच्चिदानंद तिवारी और संतोष यादव तथा सह सचिव पुस्तकालय के पद पर अंगद, कोषाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र पांडेय निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं पर वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के पद के लिए कृष्ण कुमार तिवारी दियारा, झारी प्रसाद, दिनेश दूबे, दयाशंकर मिश्र, राकेश सिंह तथा कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए कुंभज तिवारी, शुभम पांडेय, अमित कुमार तिवारी, विजय कुमार शुक्ला, आदित्य विक्रम सिंह, नितेश पांडेय चुने गए।

## जिला अस्पताल में महिलाओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

**गौरीगंज, अमेठी।** जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड न होने नाराज बड़ी संख्या में रीता सिंह जनकल्याण समिति की महिलाएं जिला अस्पताल पहुंची जहां उन्होंने जमकर हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी मिलते ही सीएमओ अंशुमान सिंह मौके पर पहुंचे और महिलाओं से बात की जिसके बाद महिलाओं ने उन्हें एक पत्र सौंपते हुए जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट को तैनात करने की मांग की। महिलाओं का आरोप था कि रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला अमेठी के जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद भी मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा था जिसके बाद बड़ी संख्या में रीता सिंह जनकल्याण समिति की अध्यक्षत रीता सिंह की अगुवाई में महिलाओं ने प्रदर्शन कर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद अमेठी सीएचसी अधीक्षक आलोक तिवारी को अल्ट्रासाउंड करने के लिए दो दिनों के लिए जिला अस्पताल में तैनात किया गया। कुछ दिनसब कुछ ठीक चला लेकिन आलोक तिवारी फिर अमेठी लौट गए और अल्ट्रासाउंड ठप हो गया। आज इसी को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं जिला अस्पताल पहुंची और विरोध प्रदर्शन करने लगी। विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते हैं सीएमओ अंशुमान सिंह मौके पर पहुंचे और महिलाओं से बात की इसके बाद महिलाओं ने ज्ञापन सौंप जल्द अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने की मांग की।

## आगामी त्यौहारों को एसपी और एएसपी ने किया मेला स्थलों का निरीक्षण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** आगामी त्योहारों एवं स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शुक्रवार को एसपी कुंवर अनुपम सिंह और एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने अखंडनगर थाना क्षेत्र सहित विभिन्न मेला स्थलों और चैकियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राहुल नगर पुलिस चैकी में तैनात बल, शस्त्र व्यवस्था, अभिलेखों और साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने त्योहारों, चेहल्लुम, गणेश चतुर्थी और प्रतिमा विसर्जन जैसे आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने लंबित विवेचनाओं, दर्ज मुकदमों की समीक्षा, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना प्रभारियों से अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की बात कही। महिला अपराधों पर नियंत्रण, अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक, तथा यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर दिया गया। एसपी ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। निरीक्षण के अंतर्गत एसपी ने कोतवाली नगर क्षेत्र में चल रहे पांचोपीरन मेले का भी जायजा लिया और ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सजगता, आपसी समन्वय और मधुर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियां क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को एएसपी ने दी भावभीनी विदाई

**रायबरेली।** पुलिस लाइन में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पुलिस विभाग से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पांच अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और उनके द्वारा पुलिस विभाग में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान, उत्कृष्ट कार्यों, और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा ने सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन कर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ किया, जिससे पुलिस विभाग की गरिमा और जनता के बीच विश्वास को और मजबूती मिली। समारोह में माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंटकर सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक राम लोकेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक नागेश्वर प्रसाद, उपनिरीक्षक सिद्ध नाथ यादव, उर्दू अनुवादक अफजाल जीमल, लीडिंग फायरमैन योगेन्द्र कुमार पुलिस फायर स्टेशन रायबरेली को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सेवानिवृत्त कर्मियों की मेहनत और लगन की सराहना की। समारोह का माहौल भावुक और उत्साहपूर्ण रहा, जहां सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ अपने अनुभव और यादें साझा की।

# बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए हुई चर्चा

- एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में शिक्षक में सम्पन्न हुई अभिभावक षिक्षक गोष्ठी

**लालगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के सीबीएसई बोर्ड से संचालित सर्वश्रेष्ठ संस्थान एस जे एस पब्लिक स्कूल लालगंज में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन और व्यक्तिगत विकास पर चर्चा की गई। इस गोष्ठी में अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन समय से स्कूल भेजने के लिए भी प्रेरित किया। वही अभिभावकों ने छात्रों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने बताया कि शिक्षकों ने छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन की समीक्षा की और अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति से अवगत कराया गया। गोष्ठी में अभिभावकों के साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई और अभिभावकों को उनके बच्चों की रुचियों और प्रतिभाओं के बारे में जानकारी दी गई। अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानाचार्य श्रीमती सिंह ने बताया कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को बढ़ावा देना रहता है। छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों के भविष्य के लिए एक संयुक्त रणनीति तैयार की, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षिक और व्यक्तिगत परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ख्यातिलब्ध विद्यालय है। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव सहित शिक्षक सत्येंद्र श्रीवास्तव, शिव प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, आरती सिंह, मृदुलेश त्रिपाठी, शालिनी श्रीवास्तव, नीतू सिंह, ज्योत्सना सिंह सदफ तनवीर आदि सभी शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।




## हुआ पौधरोपण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआईपीएसएस, रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्थान परिसर में नीम का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। सभी छात्र छात्राओं को इस अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के डॉ अवधेश प्रताप सिंह समेत सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अर्थशास्त्र विभाग में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के समस्त प्राध्यापकों सहित स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम के तहत सत्र 2025-26 में होने वाले समस्त गतिविधियों के साथ साथ प्रोग्राम आउटकम पर भी चर्चा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० किरन सिंह ने नई शिक्षा नीति के बारे में बच्चों को अवगत करते हुए किया गया। फिर आपने अर्थशास्त्र विषय के महत्व पर भी चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. अनिल कुमार ने अर्थशास्त्र विषय के सिलेबस को अच्छे से प्रस्तुत किया। प्रोग्राम में सुरेश कुमार ने संस्थान के पुस्तकालय की उपयोगिता और इसका अपने शैक्षणिक सत्र के दौरान कैसे उपयोग करे इत्यादि के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में आपने संस्थान में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभाग के 80 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

संक्षेप

## लुटेरे को दस साल की सजा

**मथुरा**। छाता क्षेत्र में चालक-परिचालक को बंधक बनाकर हुयी नगदी, ट्रक लूट के मामले में न्यायालय ने सजा सुनाते हुये आरोपी को दस साल का कारावास और बीस हजार रुपए के दण्ड की सजा सुनाई है। बताया गया कि ट्रक संख्या एचआर 74 6295 के चालक और परिचाक के हाथ पैर बांधकर बदमाशों ने दस हजार चार सौ रुपए की नगदी, दो मोबाइल फोन और ट्रक को लूट लिया था। इस संबंध में थाना छाता पर 04 अप्रैल 2012 को रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले में न्यायालय एडीजे 01 मथुरा द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अम्बू मेव पुत्र बदलू मेव निवासी खिलूका थाना हथीन पलवल हरियाणा को 10 वर्ष का कारावास और 20,000 रुपये के जुमार्ने से दण्डित किया है। वहीं 08 साल पूर्व सदर बाजार क्षेत्र में मकान में घुसकर चोरी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को भी सजा सुनाई गयी है। आरोपी ने घर में घुसकर सोने की जंजीर, अंगूठी, बैट्री, इन्वर्टर आदि सामान चोरी किया था जिसके संबंध में 19 अगस्त 2017 को थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। एसीजेएम 01 न्यायालय में दोष सिद्ध पाये जाने पर धर्मेन्द्र पुत्र श्यामलाल निवासी ककरैटा थाना सिकन्दरा आगरा को 07 वर्ष का कठोर कारावास की सजा और 6 हजार रुपए के जुमार्ने से दण्डित किया है।

## यमुना में कूदकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**मथुरा**। जमुनापार थाना क्षेत्र में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी राकेश राठोर तिवारीपुरम यमुना किनारे पहुंचे थे। उनके पीछे-पीछे उनके परिजन भी आ रहे थे। इसी दौरान राकेश ने अचानक यमुना में छलांग लगा दी। परिजनों ने राकेश को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे विफल रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से राकेश को नदी से बाहर निकाला गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अजय किशोर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यदि परिजनों की तरफ से कोई शिकायत मिलेगी तो जांच की जाएगी

## सती खंड में वर्णित है नारी सम्मान का संदेश

**लालगंज, मीरजापुर**। तेंदुई गांव स्थित जानकी कुंज दुर्गा मंदिर परिसर में शिवपुराण की कथा बुधवार को तीसरे दिन सती खंड से जुड़ी। सती के आत्मदाह प्रसंग के माध्यम से धर्म रक्षा और नारी सम्मान की मयार्दा बताई गई। रामराज परिषद और अखिल भारतीय धर्म संघ के प्रचार मंत्री पवन महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष प्रसंग कहे। उन्होंने कहा कि पिता दक्ष द्वारा शिव का अपमान किए जाने पर सती ने यज्ञ अग्नि में आत्माहुति दी। इस प्रसंग में नारी स्वाभिमान, धर्म की प्रतिष्ठा और त्याग का संदेश निहित है। सती की आत्माहुति के बाद शिव ने मौन धारण किया और वीरभद्र को उत्पन्न कर यज्ञ स्थल का विध्वंस कराया।कथा में माता अनसूया की तपशक्ति आत्मनिर्भर संदेश है। पवन महाराज ने कहा कि अनसूया वह महाशक्ति हैं।जिनके समक्ष लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती जैसी देवियाँ भी शीश झुकाती हैं। उन्हें परम शती की संज्ञा दी जाती है।सत्संग की महत्ता बताते हुए परीक्षित प्रसंग का उल्लेख हुआ।

# पत्नी को मारी गोली, स्वयं को गोली से उड़ाया, पत्नी घायल



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। थाना सुरीर के टैंटीगांव में गुरुवार दोपहर पति-पत्नी के आपसी विवाद के बाद तैश में आए पति ने पत्नी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्नी के अस्पताल जाने के बाद पति ने भी अपनी कनपटी गोली मार ली। घायल को उपचार के लिये अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सुरीर अंतर्गत टैंटी गांव निवासी 50 वर्षीय सौदान सिंह पुत्र आसाराम का अपनी पत्नी 48 वर्षीय राजकुमारी से किसी बात को लेकर घर में कहा सुनी हो रही थीं। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि क्रोध में आए सौदान सिंह ने अपनी पत्नी के पेट में तंमचे से गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही घर के बाहर बनी दुकान पर बैठा उसका बेटा मौसम अंदर आया तो उसने अपनी मां को छटपटाते हुए देखा और पिता के हाथ में हथियार देखते ही उसने जान लिया कि उसकी मां के गोली लगी है। राजकुमारी को उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया। इससे पहले की पुलिस टैंटी गांव पहुंचती और गोली मारने वाले पति को गिरफ्तार करती पति ने भी अपनी कनपटी पर गोली मार ली। गोली कांड की सूचना पर पहुंची सीओ मांट गुंजन सिंह और थाना सुरीर प्रभारी अभय कुमार शर्मा ने मय पुलिस टीम के साथ घायल पति सौदान सिंह को जिला अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा दिया है। वहीं गोली लगने से घायल महिला की हालात चिंताजनक बनी हुई है। आज दिन भर गांव में गोलीकांड को लेकर तरह तरह की चर्चा होती रही।

## साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता कार्यशाला

**मीरजापुर**। नगर के पांडेपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में आज साइबर क्राइम के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया , जिसमें जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे जी एवं सीओ सदर श्री अमर बहादुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार दुबे ने बच्चों को जानकारी दी कि आज के डिजिटल रूप में साइबर क्राइम एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। यह न केवल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए खतरा है , बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा है। साथ ही साथ सीओ सदर श्री अमर बहादुर जी ने बताया कि साइबर अपराधी किस तरह से लोगों को अपना शिकार बनाते हैं , उन्होंने यह भी समझाया कि हम इन अपराधियों से कैसे बच सकते हैं। कार्यशाला में डिजिटल अरेस्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम एक बढ़ता हुआ अपराध व चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कंप्यूटर सिस्टम में अनधिकृत प्रवेश, नकली वेबसाइट के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी चोरी करना साइबर क्राइम का एक विभत्स रूप है। कार्यक्रम के इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक अनंत राज भंडारी जी ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि आज का युग कंप्यूटर और इंटरनेट का पूर्ण युग बन चुका है, इसके बिना किसी भी बड़े काम को करने की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे में अपराधी भी तकनीकी रूप से इंटरनेट ठगी, चोरी और सिस्टम हैकिंग इत्यादि के माध्यम से आम लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साइबर तक लगातार लोगों को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बना रहे हैं , इसलिए आप अपना मोबाइल किसी को ना दें तथा किसी भी प्रकार की ओटीपी या पासवर्ड अनजान व्यक्ति से साझा न करे। प्रधानाचार्या श्रीमती रितु भंडारी ने भी बताया कि साइबर क्राइम एक बढ़ती चुनौती है जिसमें किसी भी व्यक्ति के द्वारा अपनी निजी जानकारी साझा करते ही उसको कई तरह के आर्थिक नुकसान उठाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमें साइबर क्राइम के बारे में जागरूक रहकर और इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए उपाय करने होंगे। सरकार तथा नागरिकों को मिलकर साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ना होगा और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना होगा। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के साथ प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम रामाधार यादव व निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय संस्कृति मेगा जॉब फेयर आज से

**मथुरा**। संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा बहुप्रतीक्षित मेगा जाब फेयर आज से शुरू होगा। संस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित इंक्युबेशन सेंटर में एक और दो अगस्त को सुबह नौ बजे से यह जाब फेयर शुरू होने जा रहा है। विवि प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी विद्यार्थियों और कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। संस्कृति विवि के प्लेसमेंट सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जॉब फेयर में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों के द्वारा लगातार रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। अब तक सैंकड़ों विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं और यह काम अभी जारी है। बताते चलें कि संस्कृति विवि द्वारा देशभर के नौकरी से वंचित रह गए नौजवानों को रोजगार का एक बड़ा मौका दे रहा है। इस जाब फेयर में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लगभग 100 कंपनियां दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को नौकरियों का अवसर प्रदान करने आ रही हैं। संस्कृति विवि ने एक समग्र और सर्व कल्याण की भावना के तहत देशभर के सभी विवि और कालेजों के पासआउट विद्यार्थियों, जो अभी तक नौकरी पाने से वंचित रह गए हैं इस जॉब फेयर में आमंत्रित किया है। उद्योग विभाग के स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी इस अवसर का लाभ उठाने में रुचि दिखाई है। महत्वपूर्ण बात है कि इस मेगा जॉब का सारा मैनेजमेंट संस्कृति विवि के विद्यार्थी ही कर रहे हैं। सभी आने वाली कंपनियां विद्यार्थियों के सीधे संपर्क में हैं और अपनी जरूरत के हिसाब से व्यवस्था करवा रही हैं। जॉब फेयर में जैनपेक्ट, आरके ग्रुप, जेबीएम ग्रुप,टेक महिंद्रा, गोल्डी मसाले, जस्ट डायल, दैनिक जागरण, हल्दीराम, लेंसकार्ट, कॉगनिफ एआई, नौकरी कैंपस, डिक्सान, फ्लिपकार्ट, मिल्कोमोर, जेटीईकेटी, कोकाकोला, रायस पैक, स्विगी, योकोहामा टायर्स, ब्लिंकिट, मिल्को मोर, नौकरी डाटकाम, फ्लिपकार्ट, बाधो आदि हैं। ताजा जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक नौकरियों की उपलब्धता सामने आ चुकी है। यह और भी अधिक हो सकती है। जाब फेयर में ऐंटरटेनमेंट, एफएम रेडियो के लिए जॉकी, एनीमेशन, एग्रो इंडस्ट्रीज, फैशन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियां भी आ रही हैं।

## प्रेमानंद व अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ कई सामाजिक संगठनों की संयुक्त बैठक




**वृन्दावन**। संत प्रेमानंद महाराज और भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य महाराज के बयान से आहत होकर लोगों का आक्रोष बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को कई सामाजिक संगठनों ने बैठक कर इन दोनों आध्यात्मिक प्रवक्ताओं की बेतुकी और समाज में नकारात्मक संदेष प्रसारित करने वाले बयानों का विरोध करते हुए इनके विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की। मथुरा रोड स्थित प्रेम वाटिका में हुई बैठक में गरीब एकता दल के अध्यक्ष विवेक महाजन ने कहा कि जिनपर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है, वे ही भ्रामक और नकारात्मक संदेष प्रसारित कर समाज को दिशाहीन करने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध जनभावनाओं को भड़काने के मामले में कार्यवाही की जानी चाहिए।

क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भारत में मातृशक्ति का मान और पद सदैव से ही आदरणीय रहा है। महिलाएं ही समाज और परिवार का आधार स्तंभ हैं। ऐसे में इनके खिलाफ खोखली प्रसिद्धि पाने के लिए थोथी बयानबाजी करना ओछी सोच का परिचायक है। ऐसे संकीर्ण मानसिकता वाले कथित प्रवक्ता कभी समाज को दिषा देने का कार्य नहीं कर सकते। बैठक में विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता तथा आम नागरिक भी मौजूद थे। ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा के अध्यक्ष पं. श्यामसुंदर गौतम ने कहा कि यदि पशासन द्वारा इन प्रवक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो वे अपना विरोध और व्यापक करने पर विचार करेंगे। इन दोनों ही आध्यात्मिक प्रवक्ताओं द्वारा महिलाओं के चरित्र और उम्र संबंधी बयान देकर समाज में एक नई बहस छेड़ दी है। जिसके बाद से ही सोशल मीडिया से लेकर आम जनमानस तक इनके विरुद्ध असंतोष का वातावरण बनता जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड 69 के पार्षद घनश्याम चौधरी, कालीचरन सिंह, प्रदीप बनर्जी, उदय सिंह, शिवा गौतम, अमित शर्मा, पवन ठाकुर, कन्हैयालाल सारस्वत, जितेन्द्र सिंह, विवेक गौतम, ऋचा शर्मा, अनुराग, हेमंत आदि मौजूद रहे।

# महरौली गांव हुआ जलमग्न, चहुंओर पानी भरने से फसलें हुई बर्बाद



**मथुरा**। गोवर्धन क्षेत्र अन्तर्गत गांव महरौली और उससे सटे क्षेत्र के वाशिंदे परेशान हैं। महरौली में बाढ़ के से हालात हैं। पूरा गांव जलमग्न है और लोगों के सामने रात काटना मुश्किल हो रहा है। जगह-जगह पानी भर जाने से ग्रामीण घरों से निकल नहीं पा रहे। मजबूरी में पानी में ईंटें डालकर कई जगह लोगों को निकलते देखा गया। इस गांव के लोग बताते हैं कि चारों तरफ पानी भरने से फसलें तो बर्वाद हुई हैं दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हुई है। आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध नहीं हो पा रहीं। छोटे-छोटे बच्चे घरों से हटा दिए गए हैं। इतनी सब आपदा के बाद भी अधिकारी इसक्षेत्र में नहीं पहुंच रहे। राजस्व विभाग के लोग कहां है ग्रामीण पूछ रहे हैं। स्थानीय लोग और समाजसेवा सेजुड़े लोग हालात देखकर परेशान हैं और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द जलभराव की समस्या का निदान कराएं। फसलें खराब हो गई हैं। आर्थिक संकट गहराने लगा है। तीन लोक से मथुरा न्यारी जनपद अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गोवर्धन धाम के समीप गांव पलसौ से पश्चिम में बसे गांव महरौली बाढ़ जैसी हालत से जूझ रहा है संपूर्ण गांव जलमग्न हो गया है ग्रामीणों के सामने भूख मारने की स्थिति हो गई है संपूर्ण फसल 100ज बर्बाद हो गई है यह हाल है गांव महरौली का अभी तक सूचना देने के बाद भी किसी आलाधिकारी ने ग्रामीणों का हाल-चाल नहीं पूछा है ना ही गांव का दौरा किया है बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने अपने बच्चों को बचाते हुए अन्यन्त्र भेज दिया है पानी के कारण मकान में दरार आ गई है चारों पानी से हाहाकार मची हुई है। अधिवक्ता केशवाचार्य गोस्वामी ने गांव का दौरा किया तो आम जनों ने अपना दुख दर्द बताया। शासन से शीघ्र कदम उठाने की मांग की और बाढ़ आपदा घोषित कर मुआवजा की मांग की किसानों एवं ग्रामीणों ने कहा है कि अगर जल्द ही सहायता नहीं मिली तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

## संस्कृत भारती ने मनायी तुलसीदास जयंती

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत द्वारा कृष्णगंगा घाट स्थित कालिन्द्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस के रचयिता प्रभु राम के अनन्य भक्त गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामूहिक रूप से रामचरितमानस की चैपाइयों व संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा संस्कृत भारती का उद्देश्य भारतीय संस्कृति सभ्यता और संस्कारों को घर घर तक पहुंचाना है। इसी क्रम में महापुरुषों की जयंती व पुण्य तिथि के कार्यक्रम एक माध्यम है। मुख्य वक्ता ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास 16 वीं शताब्दी के महान संत व कवि थे उन्होंने रामचरितमानस में रामकथा को अवधी भाषा में लिखा जिससे यह धर्मग्रंथ आम लोगों में लोकप्रिय हुआ। अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास को भक्तिकाल के सर्वश्रेष्ठ कवि माना जाता है। उनकी रचनाएं आज भी लोगों के लिए प्रेरणा दायक है। रामदास चतुर्वेदी शास्त्री एवं योगेश उपाध्याय आवा ने संचालन करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस, विनयपत्रिका, हनुमान चालीसा, गीतावली, दोहावली, कवितावली आदि धर्मग्रंथ समाज को संस्कार प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में श्यामसुन्दर शर्मा, गंगाधर अरोड़ा, हरस्वरुप यादव, संदीप चैधरी, अखिलेश गौतम आदि ने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा रचित रामचरितमानस को आज भी घर घर में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया।

## चिटफंड कम्पनियों की ठगी के शिकार लोगों ने दिया धरना



**मथुरा**। चिटफंड कंपनियों में डूबी धनराशि वापस लेने के लिये 20 राज्यों से आये हजारों पीडितों ने फरह के शहजादपुर स्थित कल्पतरु मॉल की बिल्डिंग के पास धरना प्रदर्शन किया। ये सभी बड्स एक्ट कानून 2019 के तहत सरकार से ऐसी कम्पनियों द्वारा लोगों से ठगे गये पैसे की वापसी की मांग कर रहे थे। धरना प्रदर्शन के दौरान इन्होंने पीएम पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया एवं ठगी गई धनराशि नहीं मिलने पर संसद भवन घेरने की चेतावनी दी। यूपी, पंजाब, मध्यप्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक समेत 20 राज्यों से बसों में भरकर आये हजारों की संख्या में लोग सुबह से ही हाईवे के किनारे जमा हो गये। इनकी मांग थी कि भुगतान की गारंटी के अधिकारी कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीडित निवेशकों की जमाराशि का 2 से 3 गुना भुगतान किया जाना चाहिये। कल्पतरू, सहारा, पर्ल्स, जीएन गोल्ड, कुबेर समेत दर्जनों चिटफंड कंपनियों द्वारा हडपी करीब 50 हजार करोड़ की ठगी की गई रकम को वापस देने की बात करते हुए लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद में पारित कानून का पालन कराने की मांग की। ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष सूरजपाल राघव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वांदा खिलाफी का आरोप लगाते हुये कहा कि सैकडों चिट फंड कंपनियों ने लोगों का धन हड़पा है, केंद्र सरकार कार्रवाई के नाम पर कई साल से चुप बैठी है। तहसील अध्यक्ष महीपाल ने कहा कि सरकार कभी डीएम को आगे बढ़ा देती है तो कभी कार्रवाई के नाम पर ईडी को आगे कर देती है। सरकार का यह रवैया कई सालों से पीडितों को परेशान कर रहा है। अगर धनराशि वापस ना मिली को जल्द 20 राज्यों के हजारों लोग दिल्ली कूंच कर संसद भवन का घेराव करेंगे। इस आंदोलन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा, हाईवे पर यातायात को भी निकलवाने में पुलिसकर्मी जुटे रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार पंकज यादव, सीओ श्वेता वर्मा आदि मौजूद रहे। समिति ने अपना ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

## लाइनमैन को खंभे में बांधकर बंदी बनाया

**जौनपुर**। जिले में बिजली विभाग के एक प्राइवेट लाइनमैन के साथ हुई अमानवीय घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग लाइनमैन को खंभे से बांधते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना शाहगंज कोतवाली क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी की है, जहां बिजली कनेक्शन काटने को लेकर हुआ विवाद हिंसक रूप ले गया।बताते है कि कनेक्शन जोड़ने और काटने के मुद्दे पर लोगों की लाइनमैन से कहासुनी हो गई, जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने उसे पकड़कर एक खंभे से बांध दिया। साफ देखा जा सकता है कि लाइनमैन के हाथ और कमर को रस्सियों से बांधा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर अपने प्राइवेट कर्मचारी को भीड़ से मुक्त कराया।

## एसडीओ पर आय से अधिक संपत्ति में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

**मीरजापुर**। विद्युत उपकेंद्र के संविदा कर्मी व पूर्व में मिजार्पुर विद्युत उपकेंद्र में तैनात एसडीओ पर आय से अधिक संपत्ति में संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत किया गया। क्या बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कार्रवाई होगी या ऐसे ही चलेगी इनकी मनमानी। कई सालों से उपभोक्ता के मामले को लेकर और कई अन्य मामलों में विवादों पर चल रहे थे संविदा कर्मी व एसडीओ। यहां के अधिकारियों द्वारा नहीं हुई थी कोई भी संतोषजनक कार्रवाई। पहले भी इस संविदा कर्मी का कई बार स्थानांतरण हो चुका है लेकिन सूत्रों की माने तो विंध्याचल एसडीओ द्वारा अपने ही कार्यालय में काम करवाया जा रहा हैं। क्या जांच के बाद बिजलेंस द्वारा कार्रवाई के बाद इस संविदा कर्मी व एसडीओ को बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कार्य मुक्त किया जाएगा। या फिर और कोई जांच की जाएगी।

## राज्य ऊर्जा मंत्री का मथुरा आगवन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**मथुरा** । उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य ऊर्जा मंत्री एवं विधायक सोमेंद्र तोमर मथुरा पहुंचे वहीं भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यकताओं ने जैत स्थित लाडली ढाबा पर राज्य ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर जी दुपट्टा उड़ा कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। वहीं मीडिया से बात करते हुए ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर घर तक निरंतर, सुरक्षित और किफायती बिजली पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग में पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीकी नवाचार के माध्यम से आमजन को अधिकतम सुविधा देने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।मंत्री ने यह भी बताया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार हेतु व्यापक कार्ययोजना पर कार्य चल रहा है। इस अवसर पर कुंज बिहारी चतुर्वेदी पवन हिंडोल विजय शर्मा पार्षद मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा आशीष शर्मा नितिन चतुर्वेदी बादल शर्मा मोहन भारद्वाज ललित गौतम पार्षद हनुमान गुर्जर अंकुर गुर्जर गिरधारी लाल कर्ण बृजेश अहेरिया धर्मेश नौहवार प्रणय शर्मा आशीष पहलवान आदि मौजूद थे।

## अनिरुद्धाचार्य पर होगी कार्रवाई, बुद्धि शुद्धि के लिए हवन जरूरीः बबिता चौहान

**मथुरा**। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने आज महिलाओं को लेकर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य की टिप्पणी पर कहा कि लगता है उनकी बुद्धि की शुद्धि के लिए हवन यज्ञ करना होगा। कम उम्र में मिली शोहरत से वे भूल गए हैं कि उन्हें क्या कहना चाहिए कि नहीं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा बबिता सिंह चैहान आज लोक निर्माण की अतिथि गृह में पहुंची। जहां महिला अधिवक्ताओं ने शादी को लेकर महिलाओं की उम्र पर दिए गए कथा वाचक के बयान पर आक्रोश व्यक्त किया। शिकायत का संज्ञान लेते हुए आयोग की अध्यक्षा ने कहा कि इस तरह के अपशब्द किसी को बोलने का अधिकार नहीं है। उनका बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। जब कथा वाचक व्यासपीठ पर बैठकर कथा कहते हैं तो उनको सुनने वाली बड़ी संख्या में महिलाएं होती हैं। उन्हीं के बारे में इस तरह के बयान ठीक नहीं है। वे दूसरों को ज्ञान बांट रहे हैं। उन्हें खुद को ज्ञानी बनना चाहिए। अनिरुद्धाचार्य द्वारा अपशब्द घटिया भाषा का प्रयोग पहली का बार नहीं किया गया है। उन्हें सनातन धर्मों में व्यासपीठ की महत्वा को समझना चाहिए। व्यासपीठ से कही जाने वाली बातों को सत्य माना जाता है। धर्मकथाओं आयोजन स्कारों को जिन्दा रखने के लिए किया जाता है। उन्होंने संत प्रेमानंद के बयान पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि मुल्ला मौलवी संत वह अगर महिलाओं के प्रति अपशब्द बोलते गए तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस देश के संस्कारों में महिलाओं को पूजनीय माना गया है वहां इस तरह की बातें ठीक नहीं है। इससे पहले महिला अधिवक्ताओ ने बताया कि इस बारे में उनके द्वारा पूर्व में एसएसपी मथुरा को शिकायत की गई थी, लेकिन उनके स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला आयोग की अध्यक्षा ने अधिवक्ताओं को कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# महिला अधिकारों को सुनिश्चित कराने को प्रतिबद्ध है आयोग

**मथुरा**। उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डा. बबीता सिंह चैहान ने महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लोनिवि के सभाकक्ष जनपद-मथुरा में सम्पन्न की गयी। महिला जनसुनवाई के दौरान लगभग संख्या-13 पीड़ित महिलाओं ने उपस्थित होकर अपनी समस्यायें अध्यक्षा के समक्ष रखी, जिसमें मुख्यतः घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद एवं आपसी मतभेद आदि के शिकायतें सम्मलित हैं। अध्यक्षा श्रीचैहान द्वारा उपरोक्त सभी शिकायतों में तत्काल कार्यवाही करने एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक-से-अधिक महिलओं को दिये जाने के भी दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक पुलिस उपाधीक्षक (क्राइम), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि-



जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमामुक्त, महिला थाना, वन स्टाप सेन्टर यूनिट प्रथम /द्वितीय तथा जिला बाल संरक्षण इकाई, मथुरा आदि उपस्थित रहे। डॉ० बबीता सिंह चैहान, मा० अध्यक्षा उ०प्र० राज्य महिला आयोग ने कहा कि आज की जनसुनवाई में लगभग 13 शिकायतें प्राप्त हुई जोकि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद एवं आपसी मतभेद आदि से सम्बन्धित हैं। जनसुनवाई के दौरान महिला अधिवक्ताओं द्वारा प्रसिद्ध कथावाचक श्री अनिरूद्धाचार्य के द्वारा महिलाओं के विरूद्ध दिये गये आपत्तिजनक बयान पर कार्यवाही हेतु शिकायती पत्र दिया गया है जिसको गम्भीरता से लेते हुये मा० अध्यक्षा महोदया द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु पुलिस के सक्षम अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही ऐसे कथावाचकों के विरूद्ध बुद्धि-शुद्धि हवन करने की बात कही। कुछ पारिवारिक विवाद के शिकायतों में मा० अध्यक्षा महोदया ने मौके पर निस्तारण किया तथा अन्य शिकायतों में कार्यवाही हेतु संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है। अध्यक्षा ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाऐं जैसे 112, 181 महिला हेल्प लाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, वन स्टॉप सेन्टर आदि संचालित की जा रही है। साथ ही प्रदेश सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत महिलाओं तक पहुँचाने की बात कही। उ०प्र० राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा ने कहा अध्यक्षाजी के निर्देशानुसार आज की जन सुनवाई में आयी शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जायेगा।

## श्रीपरशुराम शोभायात्रा समिति की ओर से यमुना में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मथुरा**। श्री परशुराम शोभायात्रा समिति ( रजि. ) द्वारा आगामी 1 अगस्त 2025 को यमुना नदी में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता हंसारानी घाट ( यमुनापार ) से प्रारंभ होकर स्वामी घाट, यमुना किनारा तक संपन्न होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ सायं 5 बजे किया जाएगा। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. रामगोपाल शर्मा ( एडवोकेट ) ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारतीय जल परंपराओं से जोड़ना, शारीरिक क्षमता को मंच प्रदान करना तथा सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी लक्ष्मण एडवोकेट, के.के. शर्मा, लब्बू पंडित एवं पं. गौरव कांत शर्मा को सौंपी गई है। समिति द्वारा आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

## नौहझील में हुई भाकियू संपूर्ण भारत की बैठक

**मथुरा**। भाकियू संपूर्ण भारत की एक बैठक कैंप कार्यालय नौहझील पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष देवदत्त भाटी के नेतृत्व में हुई संगठन में नई कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। मथुरा जिले से अंबावता संगठन को छोड़कर दर्जनों कार्यकर्ता भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वालों में संतोष भारद्वाज मंडल अध्यक्ष आगरा के पद पर नियुक्त किए गए। कपिल शर्मा मलिंगा मंडल उपाध्यक्ष आगरा के पद पर नियुक्त किए गए। मूलचंद पाठक जिला सलाहकार मथुरा नरेश अग्रवाल वरिष्ठ कार्यकर्ता के पद पर मनोनीत किये गए, बाकी कार्यकताओं को सदस्यता दिलाई गई गोविंद सोनी ब्लॉक अध्यक्ष नौहझील ईश्वर चंद डॉक्टर जगदीश संतोष कटारा सोनू पाठक आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## सैमसंग और स्टार्टअप इंडिया की साझेदारी

नई दिल्ली। सैमसंग ने भारत सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप इंडियाके साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसका मकसद भारत के दूरदराज के क्षेत्रों से युवा इनोवेटर्स को सशक्त बनानाऔर सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के माध्यम से देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम कोमजबूत करना है। नई दिल्ली में इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी सैमसंग के प्रमुख नवाचार कार्यक्रम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' और स्टार्टअप इंडिया के मजबूत राष्ट्रीय इकोसिस्टम – जिसमें इन्क्यूबेशन, मार्गदर्शन और नीतिगत सहयोग शामिल है – को एक मंच पर लाती है। इसका उद्देश्य खासतौर पर टियर 2 और टियर 3 शहरों से उभरती प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें जरूरी ढांचा, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, बाजार से जुड़ाव और फंडिंग के अवसर प्रदान करके आगे बढ़ाना है। सैमसंग में हमारा मानना है कि जब युवाओं को सही मंच और सहयोग मिलता है, तो नए-नए विचार उभरते हैं।

## सैमसंग ने बिग बीस्पोक एआई फेस्ट के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

नई दिल्ली। सैमसंग ने 'बिग बीस्पोक एआई फेस्ट' के साथ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं को अपने घरों को नए औरस्मार्ट एआई उपकरणों से अपग्रेड करने के लिए आमंत्रित किया है। यह ऑफर 1 से 17 अगस्त 2025 तक चलेगा और सैमसंग की बीस्पोक एआईरेंज, जैसे रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव परखास फायदे देगा। ये उपकरण जिंदगी को आसान बनाते हैं और लंबे समय तक चलते है। इसमें कनेक्टेड इंटेलीजेंस का संयोजन आधुनिक डिजाइन से किया गया है और ये अब किफायती दामों और खास लाभों के साथ उपलब्धहैं। बिग बीस्पोक एआई फेस्ट के दौरान, उपभोक्ताओं के पास 25 किलोबीस्पोक एआई लॉन्ड्री कॉम्बो, जो बड़े भारतीय परिवारों के लिए बनाया गयाफुली ऑटोमैटिक वॉशर-ड्रायर है।

## बीएसए मोटरसाइकल्स ने लॉन्च की दो नयी बाइक्स

नई दिल्ली। बीएसए मोटरसाइकल्स ने दो नई बाइक्स बीएसए स्क्रैम्बलर650 और बीएसए बैंटम350 लॉन्च की हैं। यह लॉन्च बीएसए की ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है जिसमें 1861 से चली आ रही क्लासिक मोटरसाइक्लिंग को आज के दौर की परफॉर्मेंस, स्टाइल और इनोवेशन के साथ फिर से गढ़ा गया है। बीएसए लंबे समय से ब्रिटिश इंजीनियरिंग, बेहतरीन कारीगरी और राइडिंग के जुनून का प्रतीक रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की ब्रिटेन की पीढ़ी को ओरिजिनल बैंटम ने आजादी और आत्मनिर्भरता का नया अनुभव दिया था, और यह देश की सबसे अधिक बिकने वाली बाइक बनी थी। अब वही भावना नई बैंटम 350 में भी झलकती है एक सुलभ, सहज और नई पीढ़ी के राइडर्स के लिए तैयार मोटरसाइकिल।

## एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम ने किया समय और दूरी की बाधाओं को समाप्त

नई दिल्ली। एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल, इंक. ने सोसाइटी ऑफ रोबोटिक सर्जरी (एसआरएस) के वार्षिक सम्मेलन, स्ट्रासबर्ग, फ्रांस में, अपने स्वदेशी रूप से विकसित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करके दो जटिल इंटरकॉन्टिनेंटल टेली-सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से समय और दूरी की बाधाओं को समाप्त कर, विश्व भर में मरीजों तक विशेषज्ञ सर्जरी सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसेन अभूतपूर्व सर्जिकल सटीकता का प्रदर्शन किया।

## पुलिस की सतर्कता से पकड़ाया फर्जीवाड़ा

प्रयागराज ।प्रयागराज पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है इन पर एक हेल्थकेयर कंपनी के खिलाफ फर्जी दस्तावेज पेश करने, झूठी एफआईआर दर्ज करवाने का आरोप है। नोएडा की हेल्थकेयर कंपनी की शिकायत पर प्रयागराज के कैंट थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। धौलपुर से जुड़ी इस साजिश ने यह दिखा दिया है कि कैसे कुछ लोग कानूनी प्रक्रियाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रयागराज पुलिस की सतर्कता से यह फर्जीवाड़ा सामने आ गया।

# सेंसेक्स में 296 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 87 अंक की गिरावट आई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से आयातित वस्तुओं पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से कच्चे तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में गिरावट रही। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर शुरुआत के बावजूद बाजार में तेजी से सुधार हुआ। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत में बिकवाली दबाव देखने को मिला। कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बड़ी गिरावट को थामने में मदद की। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में थोड़ा सुधरा और अंत में 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 786.71 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,418 शेयरों में गिरावट रही जबकि l,598 शेयर बढ़त में रहे। वहीं 137 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 86.70 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,768.35 अंक पर बंद हुआ। ताजा शुल्क की घोषणा से बाजार में शरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई। हालांकि बाद में भारतीय बाजार में सुधार हुआ। लेकिन अंत में, वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदे की समाप्ति के दिन यह कुछ गिरावट के साथ बंद हुआ। निवेशकों का रुझान घरेलू स्तर पर केंद्रित, विशेष रूप से दैनिक उपयोग का सामाने बनाने वाली उन कंपनियों पर रहा, जिन्होंने आकर्षक मूल्यांकन, मांग परिदृश्य और शुल्क जोखिमों से अपेक्षाकृत सुरक्षा प्रदान की। दूसरी तरफ, भारतीय ऊर्जा आयात पर अमेरिकी चेतावनियों के कारण तेल और गैस शेयरों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा। ट्रंप की शुल्क घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगें मनवाने के लिए दबाव बनाने की एक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका ने हाल में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। जुर्माना लगाने का कारण भारत का रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीद है। रूस से आयात के लिए अमेरिकी जुर्माना झेलने वाला भारत पहला देश है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा नुकसान में रहीं। इसका कारण कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जून तिमाही में 5.97 प्रतिशत बढ़कर 2,768 करोड़ रुपये रहा है।

## रुपया सार्वकालिक निचले स्तर से उबरा, 22 पैसे की बढ़त के साथ 87.58 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और 22 पैसे की बढ़त के साथ 87.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूसी कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया संभला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तीन साल से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट यानी 89 पैसे टूटने के बाद रुपये ने कुछ हद तक वापसी की है लेकिन यह अब भी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.66 पर खुला। दिन में इसने 87.74 प्रति डॉलर के निचले और 87.51 प्रति डॉलर के उच्च स्तर को छुआ। अंत में यह 87.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 22 की बढ़त है। रुपया बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर87.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हालांकि, केंद्रीय बैंक अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए हाजिर बाजार में भी हस्तक्षेप कर सकता है, लेकिन व्यापक दृष्टिकोण सतर्क बना हुआ है। अगर रुपये पर दबाव जारी रहता है तो व्यापारिक तनाव और बढ़ने पर यह 88 के स्तर को भी छू सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.84 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 296.28 अंक की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर जबकि निफ्टी 86.70 अंक फिसलकर 24,768.35 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत फिसलकर 72.75 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 850.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की बुधवार को घोषणा की।

## जून तिमाही में राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 17.9 प्रतिशत रहा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जून के अंत में पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 17.9 प्रतिशत रहा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में यह 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 8.4 प्रतिशत था।

मूल्य के हिसाब से राजकोषीय घाटा, या सरकार के खर्च और आमदनी के बीच का अंतर, चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून अवधि में 2,80,732 करोड़ रुपये था। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत या 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। सीजीए के अनुसार, जून, 2025 तक केंद्र का शुद्ध कर राजस्व 5.4 लाख करोड़ रुपये या 2025-26 के लिए कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान का 19 प्रतिशत था। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में शुद्ध कर राजस्व उस वर्ष के बजट अनुमान का 21.3 प्रतिशत था। मासिक लेखा आंकड़ों से पता चलता है कि पहली तिमाही के दौरान कुल व्यय 12.22 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 24.1 प्रतिशत रहा। एक साल पहले इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 20.1 प्रतिशत था।

## चांदी में दो हजार रुपये की गिरावट



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। रुपये में मजबूती के कारण कीमती धातु की कीमत पर अंकुश लगा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 400 रुपये टूटकर 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले सत्र में यह 650 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 112,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह114,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कच्चे तेल की कम कीमतों और रिजर्व बैंक के संदिग्ध हस्तक्षेप के बीच, रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से 22 पैसे सुधरकर 87.58 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद रुपया बुधवार को अबतक के सबसे निचले स्तर पर चला गया था। अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.80 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई क्योंकि सकारात्मक अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों ने अमेरिकी डॉलर को मजबूत किया। इससे सर्राफा कीमतों पर दबाव बढ़ा। दूसरी तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई है।

## भारतीय आयातकों ने बढ़ायी पाम तेल की अपनी खरीदारी

नयी दिल्ली। भारतीय वनस्पति तेल आयातक आगामी त्योहारों से पहले पाम तेल की खरीद बढ़ा रहे हैं क्योंकि वैश्विक कीमतों में गिरावट से त्योहारी अवधि में अपेक्षित मांग में वृद्धि को पूरा करना लागत प्रभावी हो गया है।

भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में बताया कि कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है। अन्यथा कीमतें अधिक होतीं। उन्होंने कहा कि शुल्क में कटौती का असर खुले तेलों के दाम पर दो दिन के भीतर दिखने लगा लेकिन पैक्ड तेलों पर इसका असर दिखने में 25 दिन तक का समय लगता है। देसाई ने कहा कि आईवीपीए वनस्पति तेल क्षेत्र पर सरकार द्वारा जल्द ही अधिसूचित किए जाने वाले नए नियमों का स्वागत करता है। असंगठित क्षेत्र के विपरीत, संगठित क्षेत्र को इसे लागू करने में कोई समस्या नहीं होगी। तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जुलाई में हमें अच्छा आयात देखने को मिल रहा है। लोग त्योहारों से पहले खरीदारी कर रहे हैं। पिछले तीन महीनों में मांग ठंडी थी और अब त्योहारों की मांग से इसमें तेजी आई है। सितंबर में शुरू हो रही दुर्गा पूजा और उसके साथ अन्य प्रमुख त्योहारों के आने से खाद्य तेल की खपत आम तौर पर बढ़ जाती है। इस दौरान घरों में पकवान और मिठाई अधिक बनाई जाती है।

## भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था




नयी दिल्ली। विश्लेषकों ने कहा है कि भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताना सरासर अनुचित है। ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रही हैं, ट्रंप का बयान कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता।

भारत विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र बना हुआ है और दुनिया की कई प्रमुख कंपनियां विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए इस देश की ओर देख रही हैं। इसके अलावा, भारतीय प्रतिभाओं की विशेष रूप से तकनीकी क्षेत्र में सबसे अधिक मांग है और यह अमेरिका सहित कई देशों को सेवाओं का एक प्रमुख निर्यातक रहा है। भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस के साथ व्यापार पर जुर्माना लगाने की घोषणा के एक दिन बाद, ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, मुझे परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ कैसे नीचे ले जा सकते हैं। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया ने भारत के खिलाफ ट्रंप की टिप्पणियों को काफी अनुचित बताया और कहा कि वास्तव में, विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र धीरे-धीरे ग्लेबल साउथ की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है।

## ट्रंप के 25 प्रतिशत शुल्क के कारण अमेरिका को परिधान निर्यात पड़ सकता है धीमा: एईपीसी

नयी दिल्ली। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा से भारत से परिधान निर्यात प्रभावित हो सकता है। एईपीसी ने एक बयान में कहा कि दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि 25 प्रतिशत का शुल्क अनुमान से अधिक है, लेकिन उद्योग को तबतक अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए जबतक वियतनाम और बांग्लादेश के शुल्क को वर्तमान स्तर से नीचे संशोधित नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा होने तक परिधान निर्यात में मंदी रहने की उम्मीद है, जिसके अक्टूबर-दिसंबर 2025 में संपन्न होने की उम्मीद है। जुर्माना एक अस्पष्ट क्षेत्र है और उम्मीद है कि भारत सरकार एक अगस्त, 2025 से पहले अमेरिका के साथ इस पर बातचीत करेगी। अमेरिका भारतीय सिले-सिलाए परिधानों के निर्यात के लिए एक प्रमुख बाजार है। पिछले साल भारत के कुल परिधान निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत रही थी। अमेरिकी परिधान आयात बाजार में भारत की उपस्थिति बढ़ी है। भारत की हिस्सेदारी 2020 के 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 5.8 प्रतिशत हो गई है, और यह अमेरिका के शीर्ष सिले-सिलाए परिधान निर्यातकों में चौथे स्थान पर है। अमेरिका का शीर्ष निर्यातक चीन बना हुआ है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 2024 में 21.9 प्रतिशत रही थी, जो 2020 में 27.4 प्रतिशत थी। चीन, वियतनाम और बांग्लादेश ने मिलकर 2024 में अमेरिकी परिधान आयात में 49 प्रतिशत की आपूर्ति की।

## श्रद्धालुओं के लिए कोका-कोला इंडिया ने हाइड्रेशन और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध करायी

नई दिल्ली। श्रावण मास के दौरान उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में हजारों श्रद्धालु लंबी दूरी की पदयात्राएं को देखते हुए कोका-कोला इंडिया ने अपने बॉटलिंग पार्टनर्स के सहयोग से प्रमुख मार्गों पर हाइड्रेशन और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध कराईं। यात्रियों के लिए ठंडे पेय पदार्थों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की गई, साथ ही शॉवर वाले चेंजिंग रूम, मिस्ट एरिया, बड़ी मिस्ट बॉटल्स और आरामदायक बैठने की व्यवस्था की गई। इन प्रयासों से न सिर्फ गर्मी और थकान से राहत मिली, बल्कि यात्रा को सहज और सुकूनभरा भी बनाया गया। कोका-कोला इंडिया ने इस पहल के जरिए श्रद्धालुओं की जरूरतों को समझने के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का भी परिचय दिया। कंपनी ने हाइड्रेशन जोन के अलावा स्थानीय कारोबार को भी समर्थन दिया।

## पेज एक का शेष

### फिलहाल इलेक्ट्रानिक

लागू होने वाले अमेरिकी टैरिफ का सबसे ज्यादा असर इसी सेक्टर पर पड़ने की संभावना है। हालांकि, न्यूज एजेंसी पीटीआई ने गुरुवार को सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि अमेरिका में इस सेक्टर पर आयात शुल्क लगाने के लिए उसे सेक्शन 232 की समीक्षा करनी पड़ेगी, जिसकी तय तारीख दो हफ्ते बाद है। यानी दो हफ्ते के लिए इस सेक्टर को अमेरिकी टैरिफ से राहत मिलने का अनुमान है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करीब 130 अरब डॉलर का है और इसमें भारत का निर्यात करीब 87 अरब डॉलर का है। भारतीय उद्योगों की तरफ से अमेरिका को उत्पादों से लेकर सेवाओं तक का निर्यात किया जाता है। ऐसे में अब अमेरिका की तरफ से टैरिफ लगाए जाने के एलान के बीच इसके असर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसी साल अप्रैल में जब ट्रंप ने पहली बार अलग-अलग देशों पर पहली बार आयात शुल्क लगाने का एलान किया था, तब अमर उजाला ने इस मुद्दे पर केडिया सिक्योरिटीज के निदेशक और रिसर्च हेड अजय केडिया से बात की थी। उन्होंने बताया था कि भारत ने अमेरिका से आयात होने वाली कई चीजों पर टैरिफ लगा रखा है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप की कोशिश है कि वह भारत पर जवाबी आयात शुल्क लगाएं। इसलिए जो प्रभाव रहेगा, वह हमारे आईटी सेक्टर, टेक्सटाइल, एग्रीकल्चर पर असर पड़ सकता है। अभी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता जारी है। अमेरिका ने भारत से आयात किए गए चावल पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया तो पहले 100 रुपये में भारतीय चावल पा रहे अमेरिकी नागरिकों को अब आयात शुल्क के साथ 125 रुपये में चावल मिलेगा। यही स्थिति अलग-अलग सेक्टर्स के उत्पादों की रहेगी।

### एसपी गोयल

अधिकारी हैं। वह यूपी के सबसे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। एसपी गोयल लखनऊ के रहने वाले हैं और उनका जन्म साल 1967 में हुआ था। उन्होंने बीएससी (ऑनर्स), एमसीए, ईएमआईबी कोर्स भी किया हुआ है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत इटावा में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट के पद से की थी। इसके बाद वह मेरठ, अलीगढ़, बहराइच के सीडीओ भी रह चुके हैं। एसपी मथुरा, इटावा, प्रयागराज, देवरिया के जिलाधिकारी (डीएम) भी रह चुके हैं। एसपी गोयल केंद्र की मोदी सरकार में मानव संसाधन मंत्रालय में संयुक्त सचिव भी रह चुके हैं। ज्ञात हो कि मनोज कुमार सिंह 30 जून 2024 को मुख्य सचिव बनाए गए थे। वह गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। राज्य सरकार ने उन्हें एक साल का सेवा विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार को जुलाई के पहले सप्ताह में पत्र भेजा था। लेकिन, उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला। हालांकि इससे पहले केंद्र सरकार ने मुख्य सचिव रहे अनूप चंद्र पांडेय और दुर्गा शंकर मिश्र का कार्यकाल बढ़ाया था।

### सीएम की

करने का प्रयास करूंगा। नवनियुक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जिस तरह निवर्तमान मुख्य सचिव कार्य कर रहे थे, उसी तरफ कार्य को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश को नंबर वन राज्य बनाने की राह पर आगे ले जाएंगे। गौरतलब है कि एसपी गोयल का न सिर्फ यूपी की ब्यूरोक्रेसी के साथ अफसरों से भी बढ़िया ताल्लुकात हैं बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ भारत सरकार के गृह मंत्रालय सहित अधिकतर मंत्रालयों के सचिवों के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाने तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के पूरे प्रयास किये जायेंगे। प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को समयबद्धता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिये ठोस कदम उठाये जायेंगे, जिससे प्रदेशवासियों को एक खुशहाल प्रदेश एवं युवाओं को एक बेहतर भविष्य मिल सके। इस अवसर पर प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, जिलाधिकारी लखनऊ विशाख सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

### मालेगांव

में काम करने वाले लोग ही गलत हैं। यह देश महान है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि गलत लोग ऊंचे पदों पर न पहुंचें और हमारे जैसे लोगों को कष्ट न पहुंचाएं। पुरोहित ने कहा कि वह संगठन और राष्ट्र की सेवा करना जारी रखेंगे। पुरोहित को मुकदमा लंबित रहने तक सेना में बहाल कर दिया गया था। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 101 अन्य लोग घायल हो गए थे। विशेष अदालत ने मामले में सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता है। उसने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत सिर्फ धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती।

### पुलिस ने दबाव

हुए, फडणवीस ने दावा किया कि यह जांच हिंदुओं को बदनाम करने की साजिश थी। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फैसले का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्वाई तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा गढ़े गए झूठे हिंदू आतंकवाद के विमर्श का अदालत के फैसले से पर्दाफाश हो गया है। फडणवीस ने कहा, कांग्रेस को बरी हुए आरोपियों और हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में, मुख्यमंत्री, जो गृह विभाग भी संभाल रहे हैं, ने कहा कि पुलिस और जांच अधिकारी बताएंगे कि असली अपराधी कौन थे। उन्होंने कहा, मैं पुलिस को दोष नहीं दूंगा, क्योंकि उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार की साजिश के दबाव में काम किया।

### दिग्विजय सिंह

अदालत ने भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं। इस विस्फोट में छह लोगों की जान गई थी। शुरुआत में मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंकवाद-निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की थी, जिसने अभिनव भारत समूह के सदस्यों पर आरोप लगाया था। बाद में जांच एनआईए को सौंप दी गई, जिसने ठाकुर को क्लीन चिट दे दी थी। हालांकि, अदालत ने प्रथम दृष्टया सबूतों का हवाला देते हुए उनके खिलाफ मुकदमा चलाया ।मुख्यमंत्री यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सत्यमेव जयते...मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना कांग्रेस की संकुचित मानसिकता पर करारा प्रहार है।

### मालेगांव विस्फोट

विस्फोट के मामले में लगभग 17 साल बाद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। अदालत ने विश्वसनीय और ठोस सबूतों के आभाव का हवाला देते हुए आरोपियों को बरी कर दिया। मालेगांव बम विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे।

### बीआरएस विधायकों

यह लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न कर सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में स्पीकर की ओर से की जाने वाली देरी से निपटने के लिए एक तंत्र विकसित करना संसद का काम है। अदालत ने कहा, हालांकि हमारे पास कोई परामर्श देने का अधिकार नहीं है, फिर भी यह संसद को विचार करना है कि दलबदल के आधार पर अयोग्यता के मुद्दे पर निर्णय लेने का महत्वपूर्ण कार्य अध्यक्षसभापति को सौंपने की व्यवस्था राजनीतिक दलबदल से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य की पूर्ति कर रही है या नहीं। पीठ ने कहा, अगर हमारे लोकतंत्र की बुनियाद और उसे कायम रखने वाले सिद्धांतों की रक्षा करनी है, तो यह पता लगाना जरूरी है कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त है या नहीं। हम मानते हैं कि इस पर फैसला संसद को ही लेना है।

### गुलामी के युग

रामचरितमानस को चुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकबर ने अपने शासन का एक उदार चेहरा प्रस्तुत किया, पर उसके पीछे की क्रूरता आज भी हमें दिखती है। संतों की परंपरा उस समय भी दृढ़तापूर्वक उसका प्रतिकार कर रही थी। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर जगतगुरु रामभद्राचार्य और मुरारी बापू के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम में रामकथा के प्रचारकों को तुलसी अवार्ड व रत्नावली अवार्ड से सम्मानित किया गया। आदित्यनाथ ने संतों को विवादों से जोड़ने वाले लोगों पर भी करारा प्रहार किया। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोग जान-बूझकर पूज्य संतों को विवादित करने की कोशिश करते हैं। जिनका जीवन विवादित है, वही ऐसा करते हैं। वे लगातार विघ्न और बाधा खड़ी करने की कोशिश करेंगे, लेकिन हमें इसकी चिंता न करते हुए सनातन धर्म और भारत की समृद्ध विरासत की रक्षा के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

### मणिपुर में

कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को वसूली, लोगों को धमकाने और संगठन के लिए कार्यकर्ताओं की भर्ती करने में कथित भूमिका के लिए थौबल जिले के हीरोल पार्ट 2 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में इंफाल पश्चिम जिले के ताओथोंग खुनोऊस्थित उसके आवासीय इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### गांवों के

समारोह आदि को भी इस दिवस से जोड़ा जाए, जिससे गांवों में सांस्कृतिक एकता और जनभागीदारी बढ़े। पंचायत स्तर पर सभी योजनाओं की रीयल टाइम मॉनिटरिंग, ई-गवर्नेंस को बढ़ावा और कार्यों का नियमित ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों के कार्य पब्लिक पोर्टल पर अपलोड किए जाएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही, शिकायत निवारण के लिए समयबद्ध समाधान प्रणाली लागू की जाए। इस अहम बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव बंशीधर तिवारी और निदेशक पंचायतीराज निधि यादव मौजूद रहे।

### छह राज्यों

परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 574 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, नयी परियोजनाओं में इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन का निर्माण, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) और परभणी के बीच रेलवे लाइन का दोहरीकरण तथा अलुआबाड़ी रोड और न्यू जलपाईगुड़ी एवं डांगोआपोसी और जरोली के बीच तीसरी व चौथी लाइन का निर्माण शामिल है।

### पटना : एक

घर में घुसकर नर्स के दो नाबालिग बच्चों को जिंदा जलाया। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि अब घर, कार्यालय, अस्पताल कहीं कोई सुरक्षित नहीं। मुख्यमंत्री अचेत, बदमाश सचेत।




# पांच विकेट के नुकसान पर भारत के 137 रन

एजेंसी

लंदन । साई सुदर्शन ने 108 गेंदें खेलकर 38 रन बनाए। वे फिलहाल टीम के टॉप स्कोरर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन में खेला जा रहा है। द ओवल स्टेडियम इंग्लैंड ने गेंदबाजी चुनी। पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 137 रन बना लिए हैं। करुण नायर और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। साई सुदर्शन 38 और रवींद्र जडेजा 9 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को जोश टंग ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने छइह किया। भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। फिलहाल, बारिश के कारण खेल रुका हुआ है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी



जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू किया।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में खेले जा रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को बारिश के कारण दूसरे सत्र की शुरुआत में देरी हुई। अंपायर भारतीय समयानुसार शाम सात बजे मैदान का निरीक्षण करेंगे। बारिश के कारण लंच का विश्राम जल्दी लिया गया। भारत ने अब तक दो विकेट पर 72 रन बनाए हैं। मैच में इंग्लैंड की कप्तानी कर रहे ओली पोप ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को दो रन के निजी स्कोर पर तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने पगबाधा कर दिया।

इसके बाद तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने लोकेश राहुल (40 गेंदों पर 14 रन) को बोल्ड करके भारत का स्कोर दो विकेट पर 38 रन कर दिया। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने आसमान में छाए बादलों के बीच लंच तक क्रमशः नाबाद 25 और नाबाद 15 रन बनाकर पारी को संभाला। भारत ने घास की मौजूदगी वाली पिच पर अपने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल के विकेट गंवा दिए लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को लंच तक दो विकेट पर 72 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने अपनी एकादश में चार बदलाव करते हुए जसप्रीत बुमराह, अंशुल कंबोज, शारदुल ठाकुर और चोटिल ज्षभ पंत की जगह फिट हो चुके आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को शामिल किया। इंग्लैंड ने भी चार बदलाव किए। टीम ने बुधवार को ही इसकी घोषणा कर दी थी क्योंकि चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एशेज में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में रोमांचक मुकाबलों का आगामी एशेज श्रृंखला पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसमें रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला नवंबर में शुरू होगी।

ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के दौरान 837,879 कुल दर्शकों की संख्या को पार कर जाएगी। ग्रीनबर्ग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा यह शानदार है। एक प्रशंसक के तौर पर यह क्रिकेट (एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही श्रृंखला) देखने लायक है। इसका एशेज पर भी प्रभाव पड़ेगा और हमारे खूब टिकट बिकेंगे। ऑस्ट्रेलियाई इतिहास में एशेज के अलावा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला को सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। एशेज का रिकॉर्ड 946,750 दर्शकों का है, जो 1936-37 एशेज के दौरान बना था। जब सर डोनाल्ड ब्रैडमैन अपने चरम पर थे।

## अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : ग्रैंडमास्टर दिव्या



नागपुर। ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या बुधवार को जॉर्जिया के बातुमी से यहां पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया।

यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही। दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने पीटीआई वीडियोज से कहा, मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। उन्होंने कहा मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी। दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपीरूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की।

इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी और सपना देखना शुरू करेंगी कि कुछ भी असंभव नहीं है। दिव्या ने कहा मेरे पास युवा पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि उनके माता-पिता के लिए संदेश है कि उन्हें अपने बच्चों का पूरे दिल से समर्थन करना चाहिए क्योंकि उन्हें सफलता के समय उतनी नहीं अपनी असफलताओं के दौरान उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। बुधवार रात हवाई अड्डे पर पहुंचने पर दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता ने मेरे करियर में सबसे अहम भूमिका निभाई है।

## संक्षेप

### चार शहरों में खेली जायेगी प्रो कबड्डी लीग

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नयी दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### कनाडा के गैब्रियल डायलो तीसरे दौर में

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलो ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज़ से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

### माल्टा करेगा राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी

नयी दिल्ली। माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

## सुधीर दुबे बने उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य



लखनऊ। खेल व शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय लखनऊ के सुधीर दुबे को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी में सदस्य के रुप में मनोनीत किया गया है। सुधीर दुबे ने इस नियुक्ति के लिए एसोसिएशन महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय का आभार जताते हुए कहा कि वे खेलों के विकास में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और खिलाड़ियों के हित में सतत कार्य करते रहेंगे। इस संबंध में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया कि सुधीर दुबे की अनुभवी नेतृत्व क्षमता और खेलों के प्रति समर्पण खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में उपयोगी रहेगा। सुधीर दुबे वर्तमान में शिवानी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के सीईओ, सत्या कंस्ट्रक्शन के प्रबंध निदेशक, सत्यभामा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक है। इसके साथ वह लखनऊ जिला शतरंज खेल संघ के अध्यक्ष भी है ओर उनके नेतृत्व में अब तक राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के 500 से ज्यादा प्राइज मनी शतरंज टूनार्मेंट सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ तीसरे दौर में

मॉन्ट्रियल। विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा।

## तरुण, लक्ष्य सेन मकाऊ ओपन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

मकाऊ । भारत के तरूण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। तरूण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19 . 21, 21 . 14, 22 . 40 से हराया। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को 21 . 14, 14 . 21, 21 . 17 से मात दी। वहीं आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया। महिला एकल में रक्षिता रामराज को थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान ने 14 . 21, 21 . 10, 21 . 10 से मात दी। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के जिम्मी वोंग और लेइ पेइ जिंग ने 19 . 21, 21 . 13, 21 . 18 से हराया। पुरूष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक को मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप ने 21 . 18, 21 . 18 से मात दी।

**तरूण मन्नेपल्ली मकाऊओपन क्वार्टर फाइनल में**



मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

मकाऊ । भारत के तरूण पहुंच गए। तरूण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19 . 21, 21 . 14, 22 . 40 से हराया। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे।

अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा। आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया। महिला एकल में रक्षिता रामराज को थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान ने 14 . 21, 21 . 10, 21 . 10 से मात दी। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के जिम्मी वोंग और लेइ पेइ जिंग ने 19 . 21, 21 . 13, 21 . 18 से हराया।

## विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है : ध्रुव जुरेल

नयी दिल्ली। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ज्षभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पंत के चोटिल होने के कारण 24 वर्षीय जुरेल ने लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में पिछले दो टेस्ट मैचों में भारत के लिए विकेटकीपिंग की थी। जुरेल ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में कहा, विदेश की चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है।

अगर आप विदेश में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो लोग आपको उंच्चा दर्जा देंगे, इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं बस मैदान पर उतरकर खुद को अभिव्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह मैच हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसलिए मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं टीम की जीत में अपना योगदान देना चाहता हूं। पिछले साल राजकोट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने अब तक चार टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 40.40 की औसत से 202 रन बनाए हैं। उनके नाम पर एक अर्धशतक भी दर्ज है।

उन्होंने कहा एक टीम मैन वह होता है जो अंतिम एकादश में शामिल होने या नहीं होने पर भी ऐसा काम करता है जिससे टीम को जीत मिलती है। इस श्रृंखला में मैदान पर उतरने के पल को याद करते हुए जुरेल ने कहा, मैं बचपन से ही लॉर्ड्स में खेलने के बारे में सोचता था, इसलिए मैं बस उस पल को महसूस कर रहा था। वहां खेलने का अनुभव शानदार था। ज्षभ भैया के साथ जो हुआ वो बहुत दुर्भाज्ञपूर्ण था। लॉर्ड्स में खेलना मेरा सपना था। उन्होंने कहा ज्षभ भैया सीनियर खिलाड़ी हैं, उन्होंने मुझे बताया कि मैं किस लाइन पर स्टांस ले सकता हूं और पैरों की मूवमेंट कैसी होनी चाहिए।

## जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी

काकीनाडा। हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से यहां शुरू होगी जिसमें कल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है। डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल हैं जो राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 12 में नहीं हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा सीनियर राष्ट्रीय और सब जूनियर राष्ट्रीय के बाद अब जूनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी नया प्रारूप लागू किया जाएगा। सीनियर और सब जूनियर दोनों टूर्नामेंट से हमें वाकई सकारात्मक परिणाम मिले हैं और हमें पूरा विश्वास है कि जूनियर घरेलू खिलाड़ी भी इस नए प्रारूप में खेलकर उतने ही खुश होंगे।

## सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप में 23 से



एजेंसी

नयी दिल्ली। सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नयी दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं को कहा हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।

उन्होंने कहा इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर बृहस्पतिवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी। नए सिरे से तैयार किए गए 2025-26 सत्र में जयपुर, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और नयी दिल्ली शामिल हैं। अहमदाबाद और नयी दिल्ली श्रृंखला में शामिल नए शहर हैं। दूसरे सत्र में चेन्नई में एक पीएसए चैलेंजर 15के प्रतियोगिता, जयपुर और मुंबई में दो पीएसए चैलेंजर 9के प्रतियोगिता और नयी दिल्ली, बेंगलुरु तथा अहमदाबाद में तीन पीएसए चैलेंजर 6के प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

सभी प्रतियोगिताओं में पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी जिसमें चैंपियन को प्रतियोगिता स्तर के आधार पर क्रमशः 15,000, नौ हजार और छह हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। प्रत्येक चरण में 24 खिलाड़ियों के नॉकआउट प्रारूप का पालन किया जाएगा जिसमें शीर्ष आठ वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को दूसरे दौर में बाई मिलेगी। यह टूर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पीएसए पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए होगा। पोंचा ने कहा हम युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और हमारे सहयोगी एचसीएल के बेहद आभारी हैं जिनका सहयोग 2016 से भारतीय स्क्वाश प्रतिभाओं को निखारने में अहम रहा है।

उन्होंने कहा बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और टूर्नामेंट के अवसरों में विस्तार से इस साल विकास को और गति मिलेगी जिससे अधिक खिलाड़ियों को अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा, पीएसए अंक मिलेंगे और ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी करने में मदद मिलेगी। एचसीएल स्क्वाश इंडिया टूर 2025-26 जयपुर में चार से आठ अगस्त से शुरू होगा, उसके बाद मुंबई (8-12 सितंबर), बेंगलुरु (26-31 सितंबर), चेन्नई (1-5 दिसंबर), अहमदाबाद (27 से 31 जनवरी) और नयी दिल्ली (3-7 फरवरी) में होगा।

## फुटबॉल : मेस्सी के करिश्मे से जीता इंटर मियामी

एजेंसी



मियामी। लियोनेल मेस्सी के मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकर द्वारा ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया। मेस्सी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोज़ानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेस्सी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था। स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने बृहस्पतिवार को ग्रुप डी के एक कड़े मुकाबले में पदार्पण कर रही कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी को 2-1 से हराकर 134वें डूरंड कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। कार्बी आंगलोंग के लिए पहला गोल नाइजीरियाई फॉरवर्ड जोसेफ मायोवा ओलालेये (25वें मिनट) ने किया। लेकिन बोडोलैंड ने 37वें मिनट में ग्वाग्वमसार गायरी के बराबरी के गोल से तुरंत जवाब दिया।

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 का आगाज 29 से- पहले मुकाबले में भिड़ेंगे तेलुगू टाइटंस और तमिल थलाइवाज

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) अपने 12वें सीजन के साथ 29 अगस्त 2025 से शुरू होने जा रही है। यह सीजन देशभर के कबड्डी प्रेमियों के लिए जबरदस्त रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर होगा। इस बार मुकाबले चार शहरों – विशाखापट्टनम (वीईजेग), जयपुर, चेन्नई और दिल्ली- में खेले जाएंगे और हार बार की तरह इस बार भी देश की 12 सर्वश्रेष्ठ टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। टूनार्मेंट की शुरूआत शुक्रवार को विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम से होगी, जहां उद्घाटन मुकाबले में तेलुगू टाइटंस का सामना तमिल थलाइवाज से होगा। उसी दिन दूसरा मैच बेंगलुरु बुल्स और पुनेरी पलटन के बीच खेला जाएगा। शनिवार, 30 अगस्त को तेलुगू टाइटंस फिर एक बार मैदान पर उतरेंगे, इस बार यूपी योद्धाज के खिलाफ खेल रहे होंगे। इस दिन का दूसरा मुकाबला यू मुम्बा और गुजरात जायंट्स के बीच होगा। सुपर संडे यानी रविवार को दर्शकों को फिर दो बड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे-पहले मैच में तमिल थलाइवाज और यू मुम्बा आमने-सामने होंगे, जबकि दिन का दूसरा मुकाबला मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स और बंगाल वॉरियर्स के बीच होगा। इस तरह लीग के शुरूआती तीन दिन ही धमाकेदार मुकाबलों से भरपूर रहेंगे। विशाखापट्टनम की मेजबान के तौर पर वापसी इस सीजन का एक खास आकर्षण है, जहां सात साल बाद प्रो कबड्डी का आयोजन हो रहा है। इससे पहले इस शहर में सीजन 1, 3 और फिर आखिरी बार सीजन 6 (2018) में मुकाबले हुए थे। इस ऐतिहासिक वापसी के साथ विशाखापत्तनम एक बार फिर भारतीय कबड्डी के नक्शे पर चमकेगा। इसके बाद 12 सितंबर से एक्शन शिफ्ट होगा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में। यहां पहले दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे-दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स बनाम बेंगलुरु बुल्स, और फिर तमिल थलाइवाज बनाम बंगाल वॉरियर्स के बीच। जयपुर का प्रो कबड्डी में विशेष स्थान है। सीजन 10 के दौरान यहीं पर लीग का ऐतिहासिक 1000वां मुकाबला खेला गया था। तीसरा चरण चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम में 29 सितंबर से शुरू होगा। पहले दिन यूपी योद्धाज और गुजरात जायंट्स के बीच मुकाबला होगा। दूसरे मुकाबले में दबंग दिल्ली केसी और हरियाणा स्टीलर्स आमने-सामने होंगे। खास बात यह है कि इस मैच में स्टार रेडर नवीन कुमार अपनी पुरानी टीम के खिलाफ खेलते नजर आएंगे। लीग चरण का समापन दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा, जो 13 अक्टूबर से शुरू होगा।

# भारत के साथ बहुत कम है अमेरिकी व्यापार

## भारत-रूस अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और रूस के करीबी संबंधों को लेकर उन पर तीखा प्रहार किया और कहा कि दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नयी दिल्ली और मॉस्को की आलोचना करते हुए यह टिप्पणी तब की है जब कुछ घंटों पहले उन्होंने भारत के खिलाफ 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस के साथ उसके व्यापार के लिए जुर्माना लगाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि मुझे परवाह नहीं है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। वे एक साथ अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को गर्त में ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है, उनके शुल्क बहुत अधिक हैं। ट्रंप ने एक अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की बुधवार को घोषणा की थी। उन्होंने रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने के लिए भी भारत पर जुर्माना लगाने की घोषणा की। यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब इससे एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में



जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने भारत की व्यापार नीतियों को सबसे कठिन और अप्रिय बताया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सब कुछ ठीक नहीं हैउ इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर जुर्माना भी देना होगा। यह जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि भारत ने रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है। भारत रूसी आयात के लिए जुर्माने का सामना करने वाला पहला देश है। रूस से भारत का कच्चा तेल आयात रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले कुल खरीद का 0.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 35-40 प्रतिशत हो गया है। चीन के बाद, रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके शुल्क बहुत अधिक हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। उनके पास सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारत ने रूस से अपने सैन्य उपकरण और ऊर्जा उत्पाद तब खरीदे हैं जब हर कोई चाहता है कि रूस, यूक्रेन में हत्याएं बंद करे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका विशाल तेल भंडार विकसित करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करेगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि ट्रंप पाकिस्तान में किस विशाल तेल भंडार की बात कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर यह भी सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तानै कभौ भारत को तेल बेच सकता है। ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अमेरिका पाकिस्तान के विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेगा।

# चिकित्सकों को ईश्वर के रूप में देखते हैं मरीज : राष्ट्रपति मुर्मू



देवघर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को चिकित्सा जगत से आग्रह किया कि वे उपचार और निदान में तो पेशेवर रवैया अपनाएं, लेकिन व्यवहार में नहीं। व्यवहार के मामले में उन्होंने चिकित्सकों से उन लोगों के प्रति संवेदनशील होने का भी आग्रह किया जो डॉक्टर को ईश्वर मानते हैं।

मुर्मू ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। राष्ट्रपति ने कहा कि निदान और शल्य चिकित्सा में पेशेवर रवैया अपनाएं, लेकिन व्यवहार में नहीं। लोगों के प्रति संवेदनशील रहें क्योंकि वे आपको भगवान मानते हैं। नैतिक मूल्यों, करुणा और दान का पालन करके डॉक्टर लोगों के जीवन से अंधकार को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के स्वास्थ्य के लिए सक्षमता केंद्र के रूप में, एम्स देवघर को मौजूदा पांच गांवों के अलावा और अधिक गांवों को गोद लेना चाहिए और खुद को एक आदर्श के रूप में पेश करने का प्रयास करना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि इन परिस्थितियों में डॉक्टरों को समाज की सेवा के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका इस संस्थान से विशेष जुड़ाव है, क्योंकि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इसकी आधारशिला रखी थी, तब वह झारखंड की राज्यपाल थीं। इस समारोह में मुर्मू मुख्य अतिथि रहीं और राज्यपाल संतोष गंगवार, सांसद निशिकांत दुबे और मंत्री दीपिका पांडे सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मुर्मू यहां पहुंचीं। संस्थान में एमबीबीएस के पहले बैच की पढ़ाई पूरी हो गई है, जिन्हें 2019 में प्रवेश दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 मई 2018 को।,103 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से इस संस्थान की आधारशिला रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने 12 जुलाई 2022 को शहर के दौरे के दौरान एम्स-देवघर में अंतः रोगी विभाग और ऑपरेशन थियेटर को देश को समर्पित किया था। राष्ट्रपति मुर्मू अब शुक्रवार को आईआईटी (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस) धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह में भी शिरकत करेंगी।

## संक्षेप

### बिहार: सड़क हादसे में तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौत

जमुई (बिहार)। बिहार के जमुई जिले में यात्रियों को ले जा रहा एक ऑटोरिक्शा सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यहां एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना आज सुबह लखीसराय-जमुई राजकीय राजमार्ग पर मंझवे गांव के पास हुई। उप महानिरीक्षक (मुंगेर) राकेश कुमार ने बताया, एक वाहन (ऑटोरिक्शा) खड़े ट्रक से जा टकराया और उस वाहन में सवार तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीक में स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लखीसराय स्थित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी पांच छात्र ट्रेन पकड़ने के लिए ऑटोरिक्शा में जा रहे थे और उसी समय यह हादसा हो गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पुलिस मृतकों की पहचान के प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद ऑटोरिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

# 7 प्रतिनिधिमंडलों ने की 33 देशों की यात्रा

नयी दिल्ली। आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सख्त और एकमत नीति से दुनिया को अवगत कराने के उद्देश्य से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने कुल 33 देशों की यात्रा की और वहां उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा करने के साथ-साथ पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के लंबे इतिहास को विस्तार से बताया।

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के अलावा वरिष्ठ राजनयिक एवं प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट रुख को रेखांकित करने गए थे। सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडलों का संबंधित देशों में गर्मजोशी से स्वागत हुआ और उन्होंने वहां की कार्यपालिका एवं विधायिका के प्रमुख सदस्यों, मीडिया, थिंक-टैंक और प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ सारगर्भित संवाद किया। मंत्री के अनुसार, इन बैठकों में प्रतिनिधिमंडलों ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा की तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के लंबे इतिहास को विस्तार से रखा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म की : राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सिवाय सब जानते हैं कि भारत एक डेड इकोनॉमी (बर्बाद अर्थव्यवस्था) है तथा प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को खत्म किया है।

उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शर्तों पर होगा और प्रधानमंत्री मोदी वही करेंगे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे। ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और रूस अपनी बर्बाद अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि वह सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के सिवाय हर कोई जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बर्बाद अर्थव्यवस्था है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने तथ्य सामने रखा है।

# मां और बेटी ने एक साथ पास की नीट की परीक्षा

चेन्नई। तमिलनाडु में 49 वर्षीय एक फिजियोथेरेपिस्ट महिला और उसकी बेटी ने मजबूत इरादों से अपने सपनों को पूरा करने की एक अद्भुत मिसाल कायम की है। दोनों ने अपनी लगन और मेहनत से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पास कर ली। नीट की परीक्षा पास करने के बाद महिला को अपने गृह जिले के नज़दीकी सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट मिल गई जबकि बेटी भी चिकित्सा के क्षेत्र में अपना सफर शुरू करने के लिए तैयार है।

# शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त जारी करेंगे मोदी

जिला संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी दौरे के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में बताया गया कि देश के 9.70 करोड़ पात्र किसानों के खाते में 20,500 करोड़ से अधिक की धनराशि भेजी जाएगी। बयान के मुताबिक, इस योजना से उत्तर प्रदेश के 2.30 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे और उनके खाते में 4600 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र



वाराणसी का दौरा करेंगे। संयुक्त कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सभी पात्र किसानों को समान किस्तों में सालाना सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि सभी भूमि धारक किसान परिवारों को सालाना 6000 रुपये का वित्तीय लाभ मिलता है और यह राशि 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में दी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे के दौरान सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी, जनसभा स्थल से 2183.45 करोड़ की 52 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेंगे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य जनप्रतिनिधि उनकी अगवानी करेंगे।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com